सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:44

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.2 न्यू | 5.6 अधि |
| धर्मशाला | 4.9 न्यू | 12.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77378.91 |
| निफ्टी | 23431.50 |
| सोना 79,470 | चांदी 93,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

हैप्पी लोहड़ी

लोहड़ी पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 13 जनवरी 2025 | 30 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 26, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### जयशंकर होंगे ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। जयशंकर यहां नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण आयोजन समिति ने इसके लिए भारत को न्योता भेजा है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी 'एक्स' पर दी। जयशंकर ट्रंप प्रशासन में शामिल हो रहे मंत्रियों और दूसरे तमाम देशों से आए नेताओं के साथ मुलाकात भी करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे।

### इमरान खान जमानत के लिए पहुंचे हाईकोर्ट



**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई, 2023 की हिंसा से संबंधित आठ मामलों में गिरफ्तारी के बाद जमानत की मांग करते हुए लाहौर हाईकोर्ट का रुख किया है। इन मामलों में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के आवास पर हमला भी शामिल है। हाईकोर्ट में अलग-अलग जमानत याचिकाएं दायर की हैं।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस के चीफ गेस्ट



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के चीफ गेस्ट होंगे। भारत गणतंत्र दिवस पर हर साल किसी न किसी राष्ट्राध्यक्ष को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करता है। 2024 में भारत ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया था। इससे पहले 2023 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी चीफ गेस्ट थे।

### सीमा पर तनाव के बीच भारतीय दूत ढाका तलब



**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। यह घटनाक्रम बांग्लादेश की ओर से आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से हालांकि चर्चा के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- तीन जिलों के दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ेगा पुल -पेज 2
- पुलिस अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर हाईकोर्ट ने की रद्द-पेज 3
- हार नाला में जीप दुर्घटनाग्रस्त पांच लोग हुए घायल -पेज 9
- कांग्रेस ने लांच की तीसरी गारंटी युवाओं को हर माह मिलेंगे 8500 रुपए -पेज 13
- जेमिमा के शतक से जीती वनडे सीरीज -पेज 14


# महाकुंभ का पहला शाही स्नान आज, सभी तैयारियां पूरी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**प्रयागराज** में 13 जनवरी यानी सोमवार से महाकुंभ शुरू होगा, पूर्णिमा तिथि की शुरुआत सुबह 5 बजकर 03 मिनट पर होगी। तिथि का समापन 14 जनवरी को अर्धरात्रि 3 बजकर 56 मिनट पर होगा। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा।

महाकुंभ मेले का महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि इसका ज्योतिषीय आधार भी है। कुंभ 12 साल में एक बार आता है, जिसका आयोजन भारत के चार प्राचीन शहरों हरिद्वार, नासिक, प्रयागराज और उज्जैन में होता है। इन संगम के पवित्र जल में महाकुंभ के स्नान और पूजा-अर्चना का सबसे बड़ा मौका होता है। वहीं, प्रशासन ने शाही स्नान के लिए प्रयागराज घाट पर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।




### कब-कब होगा शाही स्नान

**मकर संक्रांति :** 14 जनवरी को दूसरा शाही स्नान
**मौनी अमावस्या :** 29 को तीसरा शाही स्नान
**बसंत पंचमी :** चौथा शाही स्नान
**माघ पूर्णिमा :** पांचवां शाही स्नान
**महाशिवरात्रि :** 26 फरवरी को आखिरी शाही स्नान

### गणेश जी की प्रतिमा के साथ निकले संत

**रथ** पर सवार गणेश जी की प्रतिमा के साथ साधु-संत चले, जिन पर जगह-जगह फूल बरसाए गए। संतों ने लोगों को प्रसाद और आशीर्वाद दिया।

### अखाड़े के साधु-संत ऊंट, घोड़ों पर सवार होकर महाकुंभ के लिए निकले

**महाकुंभ** के लिए आखिरी अखाड़े की पेशवाई निकाली गई। श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े के एक हजार से ज्यादा साधु-संत ऊंट, घोड़े, रथ पर सवार होकर महाकुंभ के लिए निकले हैं। इसी बीच यहां बारिश शुरू हो गई। भीगते हुए हर-हर महादेव और जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाते संत आगे बढ़ते रहे। सड़कों पर श्रद्धालुओं की लाइन लगी हैं। ये श्रद्धालु महाकुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं।



### शाही स्नान का मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त :** सोमवार सुबह 05 बजकर 27 मिनट से सुबह 06 बजकर 21 मिनट रहेगा
**विजय मुहूर्त :** दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से लेकर 2 बजकर 57 मिनट
**गोधूलि मुहूर्त :** शाम 5 बजकर 42 से लेकर 6 बजकर 09 तक

### कटड़ा से प्रयागराज तक चलेंगी 3 विशेष ट्रेनें

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट करते हुए बताया कि रेलवे अधिकारियों ने महाकुंभ में भाग लेने के लिए कटड़ा-प्रयागराज के बीच तीन विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। पहली विशेष ट्रेन 24 जनवरी को कटड़ा से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और 26 जनवरी को प्रयागराज से कटड़ा के लिए वापस लौटेगी।

# युवा शक्ति का सामर्थ्य बनाएगा भारत को विकसित राष्ट्र : मोदी

## प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' को किया संबोधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत मंडपम में आयोजित 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका 'परम मित्र' वाला नाता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।

**3,000 युवाओं से किया संवाद**

उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है। लक्ष्य हमें उद्देश्य उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। प्रधानमंत्री ने 3,000 युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा किजब करोड़ों युवाओं की भुजाएं विकास रथ के पहिए को आगे बढ़ा रही हैं, तब हम जरूर लक्ष्य पर पहुंचेंगे।

### प्रदर्शनी को देखा, युवाओं से की बात

**प्रधानमंत्री** ने युवाओं की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी देखी। वहां मौजूद युवाओं से बातचीत की। उनके प्रोजेक्ट मॉडल भी देखे। पीएम ने कहा कि बिना लक्ष्य के जीवन नहीं होता, यह जीवन जीने की जड़ी-बूटी होती है। जो लोग कहते हैं छोड़ो यार होता रहता है, कुछ बदलने की क्या जरूरत है, क्यों सर खपाते हो, इस भावना के लोग मरी हुई लाश से ज्यादा कुछ नहीं होते। उन्होंने कहा कि मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे 'माय भारत' के गठन की प्रेरणा दी।

### पीएम आज करेंगे सोनमर्ग टनल का उद्घाटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस टनल को सोनमर्ग को पूरे साल पर्यटन के लिए खुला रखने के उद्देश्य से बनाया गया है। इस सुरंग का नाम 'जेड मोड़' रखा गया है। जेड मोड़ टनल गगनगीर से सोनमर्ग तक फैली हुई है, 6.5 किलोमीटर लंबी है। वहीं, सीएम उमर अब्दुल्ला ने उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने टनल की खूबसूरत तस्वीरें और एरियल व्यू वाले वीडियो 'एक्स' पर साझा कीं। यहां सर्दियों में यहां का तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है, जिससे यह इलाका 4 महीनों तक देश के अन्य हिस्सों से कटा रहता था। यह टनल लेह-लद्दाख में रहने वाले लोगों और यात्रियों का सफर भी बेहद आसान बना देगी।

# सुक्खू ने अमलैहड़ को दी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की सौगात

## मुख्यमंत्री ने दिए एक साल में प्राइमरी विंग तैयार करने के निर्देश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलैहड़ में 125 कनाल भूमि पर 25 करोड़ की लागत से बनने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भवन का शिलान्यास किया। सीएम ने स्कूल का प्राइमरी विंग एक साल के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है। शिक्षा में तीन अलग-अलग निदेशालय बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें प्री-प्राइमरी से लेकर दूसरी, तीसरी से बारहवीं और स्नातक के लिए अलग निदेशालय बनाने पर चर्चा की जा रही है। राज्य सरकार इस संबंध में आने वाले समय में फैसला करेगी। सीएम ने कहा कि डे-बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से प्रदेश सराकर ने शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत की है। प्रदेश में 10 विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

**बोले- शिक्षा क्षेत्र में होंगे बदलाव तीन अलग-अलग निदेशालय बनाने पर विचार**




नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलैहड़ में बनने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भवन का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### भाजपा सरकार की नीतियों से गुणात्मक शिक्षा का स्तर गिरा

**सुक्खू** ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने स्टाफ का प्रावधान किए बिना 600 स्कूल खोल दिए। वर्तमान सरकार ने फैसला किया कि इन स्कूलों को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक इनमें पर्याप्त स्टाफ का प्रावधान नहीं किया जाता। पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण गुणात्मक शिक्षा का स्तर गिरा और हिमाचल देश में 21वें स्थान पर पहुंच गया। सरकार ने पिछले दो साल में शिक्षा विभाग में 11,833 पद स्वीकृत किए हैं। 3,196 टीजीटी, जेबीटी व सीएंडवी शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा अन्य पदों को राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जारी है।

### सरकार कर रही स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार

**सीएम** ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर सुधार किया जा रहा है। आईजीएमसी शिमला, टांडा, हमीरपुर, नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालयों और अटल सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान चमियाणा में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य देखभाल टेक्नोलॉजी स्थापित की जा रही है, ताकि प्रदेश के लोगों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिल सकें। वहीं, उन्होंने अमलैहड़ पंचायत का नया भवन बनाने की घोषणा भी की।

# हिमाचल की ऊंची चोटियों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में भी कई जगह रविवार को बारिश हुई। लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू, शिमला, मंडी, सोलन और सिरमौर जिले की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

बर्फबारी होने से कारोबारियों, किसानों और बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, बर्फबारी के बाद से सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है। देश-विदेश से घूमने आए पर्यटकों ने नारकंडा और कुफरी में बर्फबारी का आनंद लिया। वहीं, शिमला में बर्फ के फाहे गिरे हैं। बर्फबारी होने से रोहतांग दर्रा के साथ कुंजम दर्रा, बारालाचा, शिंकुला व जलोड़ी दर्रा में तापमान में कमी आई है। सोलंगनाला से आगे पर्यटक वाहनों के जाने पर प्रशासन ने रोक लगा दी है। फोर बाई फोर वाहनों को ही जाने की अनुमति है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 13 से 16 जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। 17 जनवरी को फिर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।



**आज से चार दिन साफ रहेगा मौसम**

# प्लास्टिक कचरा जमा कराने वाले परिवारों का होगा गृहकर माफ

## मंडी जिले की सरसकान पंचायत ने लिया फैसला, हर माह करवाना होगा तीन किलो कचरा जमा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**मंडी** जिले के धर्मपुर ब्लॉक की सरसकान पंचायत ने प्लास्टिक कचरे के निस्तांतरण की समस्या के समाधान के लिए अनूठी पहल की शुरुआत की है। पंचायत ने फैसला लिया है कि जो परिवार हर माह तीन किलो प्लास्टिक कचरा निर्धारित भंडारण केंद्र में जमा करवाएगा, उसका गृहकर पंचायत भरेगी।

पंचायत प्रधान उमेश ललित का कहना है कि मौजूदा समय में समाज प्लास्टिक वेस्ट की समस्या से जूझ रहा है। यह प्लास्टिक कचरा बेसहारा मवेशियों के लिए दर्दनाक मौत साबित हो रहा है। वहीं, पेयजल स्रोतों और कृषि भूमि को

**अनंत ज्ञान खास खबर**

भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि इसी माह पंचायत अपना प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तड़ा नामक स्थान पर शुरू करेगी। पंचायत के सात वार्डों में प्लास्टिक वेस्ट को एकत्र करने के लिए एकत्रीकरण स्थान चिन्हित किए जाएंगे। इसके बाद यह कचरा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक लाया जाएगा, जहां इस अपशिष्ट को संसाधित किया जाएगा। प्लास्टिक वेस्ट को साफ करके छोटे-छोटे टुकड़ों में काटने, ग्रेन्यूल्स बनाकर और उन्हें व्यावसायिक रूप देने का कार्य किया जाएगा। इस संयंत्र का प्रबंधन फिलहाल पंचायत की ओर से ही संभाला जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायतवासियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के मकसद से निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)



### सहयोग न करने पर गृहकर और सफाई कर होगा वसूल

**पूर्व** पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से प्रति व्यक्ति 100 रुपए गृहकर निर्धारित किया था, जो चार साल से नहीं लिया जा सका है। जनता पर एकमुश्त बोझ को टालने की मंशा से पंचायत ने निर्णय लिया है कि जो परिवार प्लास्टिक कचरा हर महीने जमा करवाते हैं उन्हें बाकायदा रसीद जारी की जाएगी और उनका गृहकर पंचायत अदा करेगी। जो परिवार और दुकानदार प्लास्टिक कचरा निस्तांतरण में पंचायत का सहयोग नहीं करेंगे उनसे गृह कर के अलावा मजबूरन सफाई कर की वसूली करनी पड़ेगी।

**कामयाबी** दो सैटेलाइट्स को पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक नजदीक लाया, मिशन पूरा होने पर चौथा देश बनेगा भारत

# स्पेडेक्स मिशन: डॉकिंग का सफल ट्रायल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पेडेक्स) का सफल ट्रायल किया। इसरो ने 2 स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया।

इसरो ने बताया कि डॉकिंग ट्रायल का डाटा एनालिसिस किया जा रहा है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दरअसल स्पेडेक्स मिशन की डॉकिग दो बार टल चुकी है। पहले 7 जनवरी फिर 9 जनवरी को डॉकिंग किया जाना था। इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे स्पेडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लांच किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी 60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किलोमीटर ऊपर डिप्लॉय किए गए थे। मिशन सफल रहता है तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। मिशन की कामयाबी पर ही भारत का चंद्रयान-4 मिशन निर्भर है, जिसमें चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। चंद्रयान-4 मिशन को 2028 में लांच किया जा सकता है।



### जानिए कैसे नजदीक आए दोनों सैटेलाइट

- 30 दिसंबर को पीएसएलवी-सी 60 रॉकेट से 470 किमी की ऊंचाई पर दो छोटे स्पेसक्राफ्ट टारगेट और चेजर को अलग-अलग कक्षाओं में लांच किया।
- डिप्लॉयमेंट के बाद, दोनों स्पेसक्राफ्ट्स करीब 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में गए। यह रफ्तार बुलेट की स्पीड से 10 गुना ज्यादा थी।
- दोनों स्पेसक्राफ्ट्स के बीच सीधा कम्युनिकेशन लिंक नहीं किया गया। इन्हें जमीन से गाइड किया गया। दोनों स्पेसक्रॉफ्ट को एक-दूसरे के करीब लाया गया।
- 5 किमी से 0.25 किमी. के बीच की दूरी तय करते समय लेजर रेंज फाइंडर का उपयोग किया गया। 300 मीटर से 1 मीटर की रेंज के लिए डॉकिंग कैमरे का इस्तेमाल होगा। वहीं 1 मीटर से 0 मीटर तक की दूरी पर विजुअल कैमरा उपयोग में आएगा।
- सक्सेसफुल डॉकिंग के बाद, दोनों स्पेसक्राफ्ट के बीच इलेक्ट्रिकल पावर ट्रांसफर को दिखाया जाएगा। फिर स्पेसक्राफ्ट्स की अनडॉकिंग होगी और ये दोनों अपने-अपने पेलोड के ऑपरेशन को शुरू करेंगे। करीब दो साल तक ये इससे वैल्युएबल डाटा मिलता रहेगा।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज ने बताया कि नक्सल रोधी अभियान पर निकली सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम की इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला बल के जवान शामिल थे। गोलीबारी बंद होने के बाद घटनास्थल से तीन नक्सलियों के शव, हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 12 नक्सली मारे जा चुके हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### माननीय न्यायाधीश नेगी ने दियोटसिद्ध में शीश नवाया



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** रविवार को हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश विपिन चंद्र नगी ने उत्तरी भारत के विश्व-प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में माथा टेका। उन्होंने परिवार सहित सादगी के साथ गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी तथा बेटा ने भी गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने गुफा दर्शनों की उपरांत मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया तथा ट्रस्ट की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बाबा जी की प्रतिमा व रोट प्रसाद देकर उन्हें सम्मानित किया।

### श्रम संहिताएं बंधुआ मजदूरी का फरमान : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीटू जिला कमेटी की विस्तारित बैठक जिला अध्यक्ष प्रताप राणा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय ज्योति बसु भवन में संपन्न हुई। बैठक में सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार देश के राष्ट्रीय व प्राकृतिक संसाधनों को देश चुनिंदा पूंजीपतियों पर लुटा रही है और मोदी सरकार अब देश के मेहनतकश आवाम की आवाज को दबाने के मकसद से श्रम कानूनों को समाप्त करके चार श्रम संहिताओं को लागू करने जा रही है जो कि मजदूरों के लिए बंधुआ मजदूरी का फरमान है। उन्होंने कहा कि देश की मजदूर जमात इसे बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया।

### भोरंज में धूमधाम से मनाया जाएगा लोहड़ी उत्सव



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि भोरंज में सोमवार को लोहड़ी उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसमें उपमंडल प्रशासन के अलावा स्थानीय संस्थाएं भी सराहनीय योगदान दे रही हैं। विधायक ने रविवार को मिनी सचिवालय परिसर का दौरा करके उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि भोरंज में लोहड़ी उत्सव को धूमधाम से मनाने की परंपरा आरंभ की जा रही है। इससे हमारी समृद्ध लोक संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित होगा और नई पीढ़ी भी हमारी सांस्कृतिक परंपराओं से रू-ब-रू होगी। स्थानीय लोगों से लोहड़ी उत्सव में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि इस उत्सव में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार इशांत भारद्वाज पहाड़ी गानों से भरपूर मनोरंजन करेंगे। उधर, एसडीएम भोरंज शशि पॉल शर्मा ने बताया कि विधायक सुरेश कुमार सोमवार शाम को पांच बजे मिनी सचिवालय भोरंज में लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ करेंगे।

### बड़सर के तीखे मोड़ पर फिर हुआ हादसा, चार घायल



**अनंत ज्ञान बड़सर।** बड़सर उपमंडल के बिझड़ी-घोड़ी-धबीरी सड़क पर घरयानी के पास रविवार सुबह एक और सड़क दुर्घटना हुई। एक कार तीखे मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे डंगे से लुढ़ककर नीचे जा गिरी। कार में सवार चार लोग घायल हुए, जिन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। लगातार हो रही दुर्घटनाएं जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह अब तक हादसों का हॉटस्पॉट बन चुका है। बीते दो महीनों में इस तीखे मोड़ पर यह सातवीं दुर्घटना है। इससे पहले एक महिला की जान जा चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। घटना के बाद स्थानीय निवासी अनिल कुमार, विकास कुमार, सुभाष चंद, विजय कुमार, दीना नाथ, कांशी राम और जोगिंदर सिंह ने लोनिवि से इस मोड़ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जानकारी ली है और हादसे के कारणों की जांच का आश्वासन दिया है। उम्मीद की जा रही है कि विभाग जल्द ही इस जगह पर सुरक्षा के उपाय करेगा ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# मोबाइल एप्लीकेशन से फील्ड स्टाफ और डॉक्टर्स की अटेंडेंस लगनी चाहिए

हिमाचल में पशुपालन विभाग के भीतर इन दिनों पशु गणना का काम काफी जोर पकड़े हुए है। 25 फरवरी तक घर-घर जाकर पशुओं की गणना होनी है। इसका डाटा अपलोड करके सही स्थिति सामने लाई जानी है, लेकिन इसके अलावा पशुपालन विभाग से जो फील्ड स्टाफ को लेकर दिक्कतें पशुपालकों को झेलनी पड़ रही हैं, के बारे में डिप्टी डायरेक्टर, पशुपालन विभाग हमीरपुर **अजय कुमार सिंह** भी बेबाकी से अपनी बात रख रहे हैं। उनका मानना है कि फील्ड स्टाफ के करण कुछ दिक्कतें हैं, लेकिन उनका हल निकालने के लिए भी वह सरकार को एक प्रपोजल भेजेंगे। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

*सवाल: हमीरपुर जिले में एक भी पॉलीक्लिनिक नहीं है? कई जिलों में दो-दो, तीन-तीन हैं, ऐसा क्यों?*

**जवाब:** बिलकुल सही है हमीरपुर में पॉलीक्लिनिक नहीं है लेकिन इसके लिए प्रपोजल सरकार को भेजी गई है विभाग के डायरेक्टर कुछ समय पहले हमीरपुर आए थे, जिन्होंने ताल में एक साइड भी देखी थी, वहां भेडू फॉर्म में सीमन बैंक के साथ बिल्डिंग में इसकी व्यवस्था हो सकती है। इसके अलावा भोरंज में भी पॉलीक्लिनिक खोलने की प्रपोज आई थी। उस पर भी प्रपोजल बनाकर डायरेक्टर को भेज दी गई है। इन पर जैसे ही काम मुकम्मल होगा, पशुपालकों को सुविधा यहीं पर मिलना शुरू हो जाएगी। पशुओं के एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की सुविधा इन्हीं पॉलीक्लिनिक में मिलनी शुरू होगी।

*सवाल: फील्ड स्टाफ को लेकर पशुपालकों की बहुत सारी शिकायतें हैं? डॉक्टर्स और संबंधित स्टाफ ज्यादातर जगहों पर उन्हें उपलब्ध नहीं होता? उन्हें यही जवाब मिलता है, साहब फील्ड में हैं, कैसे निपटेंगे इस समस्या से?*

**जवाब:** जी बिलकुल सही है, कई जगह पर दिक्कत है। तीन दिन पहले इस मसले पर जिले भर के डॉक्टर्स की एक बैठक भी हुई थी, उसमें इस बारे में सारी स्थिति उन्हें बता दी गई है, लेकिन इसका हल शायद किसी मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा लगाई जाने वाली अटेंडेंस से ही हल हो सकता है। इस बारे में डायरेक्टर साहब से भी चर्चा होगी। उन्हें प्रपोजल भी भेजी जाएगी, ताकि डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ की लोकेशन के हिसाब से अटेंडेंस सुनिश्चित हो पाए और पशुपालकों को बेहतर सुविधा मिल सके।



*सवाल: विभाग के 1100 नंबर पर शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसा क्यों?*

**जवाब:** जी बिलकुल ठीक है। शिकायतें बढ़ी हैं। उसकी वजह यह भी हो सकती है कि उन्हें स्टाफ समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा, इसीलिए इसके निपटारे के लिए स्टाफ का रजिस्टर मेंटेन करना, अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में लाजमी कर दिया गया है। इस पर हम लोग समय-समय पर मौके पर जाकर निरीक्षण भी करेंगे और कोताही बरतने वालों को अब बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर से
**विशेष बातचीत**

*सवाल: फील्ड में डिस्पेंसरी और अस्पतालों में कहीं भी रजिस्टर नहीं हैं, जहां या पता चल सके कि यदि कोई डॉक्टर या फार्मासिस्ट अस्पताल में नहीं है तो किस लोकेशन पर गया है?*

**जवाब:** तीन दिन पहले हुई बैठक में इसके भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। हालांकि रजिस्टर मेंटेन करने की पहले से ही व्यवस्था है। सरकार के आदेश हैं, लेकिन जहां-जहां कोताही हो रही है, उन्हें साफ कह दिया गया है। उस रजिस्टर पर यह भी अंकित होना चाहिए, किस पशु पालक का फोन आया, उसका वह नंबर भी अंकित होना जरूरी बना दिया गया है, ताकि सही में पता चल सके स्टाफ है कहां? कब-कब गया, कितने बजे गया। इससे पशुपालकों को फायदा होगा और बंक मारने से भी छुटकारा मिल सकता है।

*सवाल: जिला में आउटसोर्स की गई एंबुलेंस से कितना फायदा है, लोगों को फायदा हो पा रहा है या नहीं? इनकी मॉनिटरिंग कैसे हो रही?*

**जवाब:** जिले में चार एंबुलेंस हैं जिनमें चार डॉक्टर्स तैनात हैं। इनका खर्चा इसी कार्यालय द्वारा वाहन किया जाता है। इसलिए सरकार को लिखेंगे कि उनकी मॉनिटरिंग हमारे हवाले हो, ताकि इसी कार्यालय से जब इनका पैसा दिया जाना है तो इसका लेखा-जोखा और उनकी मॉनिटरिंग भी हम लोग प्रॉपर कर सकें। इससे पशुपालकों को और फायदा हो सकता है।

# तीन जिलों के दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ेगा पुल

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी सौगात; एक साल में होगा तैयार, वर्ष 1970 से चली आ रही मांग को किया पूरा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र और कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों को जोड़ने के लिए मसेह खड्ड पर 5.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस पुल के निर्माण से प्रदेश के तीन जिलों हमीरपुर, ऊना और कांगड़ा के लोग लाभान्वित होंगे।

पुल के बनने से नादौन की चार ग्राम पंचायतों, ऊना की दो ग्राम पंचायतों और कांगड़ा जिले की छह ग्राम पंचायतों के लगभग 10 हजार लोगों को सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के लोगों की वर्ष 1970 से इस पुल को बनाने की मांग थी। जिसे वर्तमान राज्य सरकार ने पूरा कर दिया है। इस पुल के बनने से नादौन और बंगाणा के मध्य दूरी लगभग 7.50 किमी तथा नादौन-पीर सलूही के बीच की दूरी लगभग 6 किमी तक कम हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनता को बधाई देते हुए कहा कि पुल का निर्माण एक वर्ष के भीतर कर दिया जाएगा, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांव की सड़क को भी पक्का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित कर रही है, ताकि लोग लाभान्वित हो सकें



मसेह खड्ड पर 5.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, (दाएं) लोगों को संबोधित करते हुए सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौरी गांव के लोगों ने इस पुल को बनाने की मांग को लेकर उनसे कई बार भेंट की है। कांग्रेस नेता सुरेंद्र मनकोटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ विशेष स्नेह है तथा कांगड़ा जिले के विकास के लिए उन्होंने कई योजनाओं की सौगात दी है, जिनका लाभ जसवां परागपुर की जनता को भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आपदा के दौरान अपनी जीवन भर की पूंजी प्रभावित परिवारों के लिए दान कर दी। बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़कर मुख्यमंत्री ने एक मिसाल पेश की है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी हमीरपुर राहुल चौहान सहित पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी में डॉक्टर के डेपुटेशन पर चले जाने से मरीज परेशान

**एसके ठाकुर, बड़सर**

उपमंडल बड़सर के अंतर्गत सीएससी हॉस्पिटल बिझड़ी में एमबीबीएस डॉक्टरों को डेपुटेशन पर भेजने के चलते क्षेत्र के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि इस अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी कमी चल रही है। बता दें कि वैसे तो सीएससी बिझड़ी में चार एमबीबीएस डॉक्टर कार्यरत हैं, परंतु इनमें से भी किसी न किसी डॉक्टर को डेपुटेशन पर भेजा जाता है जिसके चलते सीएससी में पहुंचने वाले मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

हालांकि इस सीएससी में ओपीडी लगभग 200 से अढ़ाई सौ के करीब है, फिर भी अगर विभाग यहां अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टर को डेपुटेशन पर भेजता है तो इसका खामियाजा मरीजों को ही भुगतना पड़ता है। सीएससी बिझड़ी बैसे तो 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं के लिए खुला रहता है, परंतु ज्यादातर यहां मरीजों को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद जिला अस्पताल या फिर अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र का ढटवाल कस्बा में एक ही ऐसा अस्पताल कार्यरत है कि जहां पर मरीजों को दिन-रात सेवाएं दी जाती है ।

**हर दिन 200 के करीब होती है ओपीडी**

आपको यह भी बता दें कि भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बिझड़ी में स्थित सीएससी में क्षेत्र के मरीज पहुंचते हैं परंतु सीएससी में एमबीबीएस डॉक्टर का न होना मरीजों की जान के लिए खतरा भी हो सकता है। स्थानीय लोगों राजेश कुमार, नीना ठाकुर, नेहा कुमारी, सुमन लता, पूनम कुमारी, संतोष कुमारी, देशराज शर्मा, विनीत कुमार आदि ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से पुरजोर मांग की है की बिझड़ी सीएससी के एमबीबीएस डॉक्टर को डेपुटेशन पर न भेजा जाए ताकि मरीज व तिमारदारों को परेशान न होना पड़े।

इस संदर्भ में बीएमओ बड़सर चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि अस्पताल में डाक्टरों की कमी है। बिझड़ी में चार डॉक्टर हैं, वहां पर मरीजों के हिसाब से तीन डॉक्टर काफी हैं। उन्होंने बताया कि बड़सर अस्पताल में डॉक्टर कम हैं, इसलिए डेपुटेशन पर बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि जिस डॉक्टर के यहां पर आर्डर हुए थे किन्ही कारणों से उन्होंने ज्वाइन नहीं किया है, यदि बड़सर अस्पताल में डॉक्टर आ जाता है तो डेपुटेशन रद्द कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# विधायक आशीष ने ठाणा लोहारां में लगवाया जिम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को पंचायत बफड़ी के ठाणा लोहारां गांव में अपनी ऐच्छिक निधि से भेंट किए जिम उपकरणों को स्थानीय युवाओं के लिए समर्पित किया। जिम के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे विधायक आशीष शर्मा का स्थानीय ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने विधिवत रिबन काटकर जिम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को नए जिम के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेलें एवं शारीरिक गतिविधियां युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखती हैं एवं अनुशासन सीखाती हैं।

उन्होंने युवाओं से अपील है कि नशे से दूर रहें एवं शारीरिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि उन्हें बताए गए कार्यों को वह अपने स्तर पर पूरा करने का प्रयास करते हैं और उन्हें पूरा भी करते हैं।



जिम का शुभारंभ करते हुए विधायक आशीष शर्मा।

सरकार कांग्रेस की है, इसलिए सरकार के हाथों में जो काम होते हैं, वे अभी नहीं हो रहे हैं, यह सब भलिभांति जानते हैं, लेकिन वह अपनी विधायक निधि व अपने स्तर पर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्य करवा रहे हैं। जनता के साथ झूठ बोलना व लारे लगाना उनकी फितरत में नहीं है। जो भी कार्य उनके करने का है, वह उस हर हाल में करते हैं। उन्होंने सरकार के साथ लड़ाई के बावजूद उन्हें भाजपा से विधायक चुनने पर भी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान मल्का धीमान, बीडीसी शकुंतला, ग्राम केंद्र अध्यक्ष सतीश चौहान, बूथ अध्यक्ष बालक राम, संजीव काका, पवन धीमान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# न्यासी बनाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का किया आभार प्रकट

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



न्यास बाबा बालक नाथ के न्यासी पवन कालिया ने कहा है कि सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के न्यासी व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बड़सर सुभाष ढटवालिया व पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस संजय शर्मा बड़सर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सेरा विश्राम गृह में मिले। समस्त न्यासियों ने न्यासी बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया तथा बाबा बालक नाथ जी का पटका, प्रतिमा ब रोट देकर स्वागत किया।

न्यासी कालिया ने बताया कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो गए हैं जैसे कि मिनी सेक्ट्रेट मैहरे, 132 केवी सबस्टेशन कोटला, पशु चिकित्सालय बिझड़ी, अग्निशमन केंद्र बिझड़ी आदि के भवन बनकर तैयार हो गए हैं, जिनके उद्घाटन करने के लिए भी मुख्यमंत्री से समय मांगा।

उन्होंने जल्द ही बड़सर आने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुभाष ढटवालिया ने क्षेत्र के और भी मुख्य कार्यों को करवाने की भी मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बड़सर आकर उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया है।

**आयोजन** सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 का सुजानपुर और नादौन में भी हुआ आगाज

# क्रिकेट सितारे ऋषि धवन ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा आयोजित सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 का रविवार को दूसरे दिन हमीरपुर जिले के सुजानपुर विधानसभा व नादौन विधानसभा से भी आगाज हो गया है। सुजानपुर विधानसभा के सराहकड़ में आज सांसद खेल महाकुंभ के कबड्डी के मुकाबलों से शुरुआत हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व में रहे हिमाचल सरकार में मंत्री वीरेंद्र कंवर रहे।

सुजानपुर में कबड्डी में 52 टीमों ने अपना पंजीकरण करवाया है और आज आठ मुकाबले कबड्डी के खेले गए। कबड्डी के द्वितीय राउंड में पहुंचने वाली मझोग सुलतानी, सेंट साईं, कोट, चबूतरा 4, करोट, चबूतरा 3, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर, चौरी की टीम है। वहीं, नादौन विधानसभा में भी आज वॉलीबाल के मुकाबलों से आगाज हुआ। नादौन में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रहे ऋषि धवन और गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व विधायक नादौन विजय अग्निहोत्री रहे। हमीरपुर विधानसभा में आज दूसरे राउंड के मुकाबले कबड्डी के खेले गए आज सासंद खेल महाकुंभ भाग 3 का दूसरा दिन रहा।



सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 के आगाज पर खिलाड़ियों के साथ गणमान्य।

आज चार क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहला मैच गौतम कॉलेज हमीरपुर बनाम डुग्गा हुआ। इसमें गौतम कॉलेज विजेता रहा। दूसरा क्वार्टर फाइनल ताल बनाम गुलेला रहा, जिसमें ताल विजेता रहा। तीसरे क्वार्टर फाइनल में ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर बनाम ताल 2 का हुआ, जिसमें ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर विजेता रहा। चौथा क्वार्टर फाइनल लंबलू आईटीआई बनाम पांडवी 7 का रहा, जिसमें पांडवी 07 विनर रहा। कल तीसरे दिन की कबड्डी का सेमी फाइनल या फाइनल खेला जाएगा। इसके साथ ही में नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 11000, द्वितीय पुरस्कार 5100 और तीसरा पुरस्कार 3100 रुपए का दिया जाएगा।

# आभा कार्ड : मरीजों की सुविधा का नया आधार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

भारत सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सरल और सुगम बनाने के लिए आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) कार्ड योजना की शुरुआत की है। हालांकि, अभी भी बहुत से लोग इस कार्ड के महत्व को नहीं समझ रहे हैं और अस्पतालों में इसके अभाव में परेशान हो रहे हैं। आभा कार्ड हर नागरिक के लिए फायदेमंद है और इसके लाभ जानना जरूरी है।

**क्या है आभा कार्ड :** आभा कार्ड एक डिजिटल हेल्थ आईडी है, जो आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को सुरक्षित रूप से डिजिटल रूप में स्टोर करता है। इसे आधार कार्ड की मदद से बनाया जा सकता है। यह कार्ड आपके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत करता है और इसे देश के किसी भी गवर्नमेंट अस्पताल में एक्सेस किया जा सकता है।

**लोग क्यों हो रहे परेशान :** बहुत से लोगों को आभा कार्ड के महत्व के बारे में जानकारी नहीं है। अस्पताल पहुंचने के बाद, जब उनसे आभा कार्ड मांगा जाता है, तो वे इसके अभाव में परेशान हो जाते हैं। इसके अलावा, कई लोग इसे बनवाने में देरी करते हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में समस्या का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### आभा कार्ड के फायदे

**संपूर्ण इलाज की जानकारी :** मरीजों के इलाज का पूरा रिकॉर्ड आभा कार्ड के माध्यम से डिजिटल रूप में उपलब्ध रहता है। किसी भी सरकारी अस्पताल में मरीज का रिकॉर्ड आसानी से देखा जा सकता है, जिससे डॉक्टर को इलाज में मदद मिलती है।

**कहीं भी इलाज की सुविधा :** आभा कार्ड से मरीज देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में इलाज करवा सकते हैं। एक अस्पताल में किया गया उपचार और उसकी जानकारी दूसरे अस्पताल में भी आसानी से एक्सेस की जा सकती है।

**कागजी झंझट से मुक्ति :** मरीजों को अपने पुराने मेडिकल रिकॉर्ड और फाइलें ले जाने की जरूरत नहीं होती। आभा कार्ड में उनका सारा डेटा सुरक्षित रहता है।

**आपातकालीन सहायता :** आपातकालीन स्थिति में भी मरीज का इलाज तेजी से शुरू किया जा सकता है, क्योंकि डॉक्टर तुरंत मरीज का पुराना रिकॉर्ड देख सकते हैं।

### मरीजों के लिए वरदान

आभा कार्ड मरीजों के लिए एक वरदान है। यह न केवल इलाज को आसान बनाता है, बल्कि समय और संसाधन भी बचाता है। सरकार और नागरिकों को इसके प्रति जागरूकता फैलाने की जरूरत है ताकि सभी लोग इसका लाभ उठा सकें।

### कैसे बनाएं आभा कार्ड

आभा कार्ड बनाना बेहद आसान है। इसे आप ऑनलाइन या अस्पताल में आधार कार्ड की मदद से बनवा सकते हैं। इसके लिए https://healthid. ndhm.gov.in पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

### हिमाचल सरकार पर धन के दुरुपयोग का आरोप, राजेंद्र राणा ने केंद्र से की राष्ट्रपति शासन की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में केंद्र से आए विकास योजनाओं के धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाते हुए सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने राज्य सरकार और अधिकारियों पर तीखे प्रहार किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आए धन को राज्य सरकार ने अन्य मदों में डायवर्ट कर दिया है। राजेंद्र राणा ने इसे राजनीतिक दबाव में किया गया भ्रष्टाचार करार दिया और इसकी उच्चस्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों से करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ठेकेदारों को विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए का काम करवाने के बावजूद उनकी पेमेंट रोक दी गई है। ठेकेदारों द्वारा बैंकों से उठाए गए लोन का भुगतान न होने से वे आर्थिक संकट में घिर गए हैं। डिपॉजिट का पैसा भी सही मद में न देकर अन्य जगहों पर खर्च किया जा रहा है। राणा ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट अधिकारियों के चलते यह कार्य हो रहा है।

# पुराना बस अड्डा शिमला की टनल में दिखेगा एचआरटीसी का इतिहास

## आर्टिस्ट सुनील सुरी ने किया है सौंदर्यीकरण का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के मुख्यालय और पुराना बस अड्डा शिमला के नीचे की टनल का जीर्णोद्धार कार्य संपन्न हो चुका है। अब यहां से गुजरने वाले वाहनों और लोगों को हिमाचल पथ परिवहन निगम के इतिहास की झलक देखने को मिलेगी। सौंदर्यीकरण से 1958 की बस से लेकर इलेक्ट्रिक एचआरटीसी की बस की पेंटिग देखने को मिलेगी।

ऐसा पहली बार हुआ है जब उक्त टनल पर एचआरटीसी का इतिहास उकेरा गया गया है। इस सौंदर्यीकरण का डिजाईन हिम चटर्जी ने तैयार किया है, जबकि टनल में सौंदर्यीकरण का कार्य सुनील कुमार सूरी (ऊना) ने किया है।





### टनल के सौंदर्यीकरण पर 19 लाख 28 हजार हुए खर्च

बस अड्डे की टनल के सौंदर्यीकरण का टैंडर 19 लाख 28 हजार 796 में आबंटित किया गया जोकि सुनील कुमार सूरी को मिला। 15 नंवबर 2024 को सुनील सुरी की टीम ने कार्य आंरभ कर दिया। 10 जनवरी को सौंदर्यीकरण कार्य पूरी तरह संपन्न हो गया। सुनील सुरी ने बताया कि इस कार्य के दौरान गुणवत्ता पूर्ण रंगो का इस्तेमाल किया गया है जोकि सात से दस साल तक प्रभावी रहते है। यहां पर काम करना चुनौती भरा था क्योंकि काफी व्यस्त टनल है ऐसे में रात को ही अधिक काम हो पाता था, लेकिन हमने कोशिश की है कि एचआरटीसी की संक्षिप्त जानकारी ये टनल लोगों के देने में सफल रहे। प्रबंधन निदेशक रोहण चंद ठाकुर ने कहा कि इस सौंदर्यीकरण में हिमाचली लुक को ध्यान में रखते हुए रंगो का इस्तेमाल किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर हाईकोर्ट ने की रद्द

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पूर्व डीजीपी संजय कुंडू और आईपीएस अधिकारी अंजुम आरा सहित अन्य 8 पुलिस अफसरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में कोई आपराधिक मामला नहीं बनता और एफआईआर को जारी रखना कानून की प्रकि या का दुरुपयोग होगा। न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि निलंबित कांस्टेबल धर्म सुख नेगी के खिलाफ की गई विभागीय कार्रवाई पूरी तरह से विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा थी। मामले में कांस्टेबल नेगी की पत्नी मोना नेगी द्वारा पुलिस अधिकारियों पर उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

### संविधान की आड़ में नेता लोग देश को कर रहे खोखला : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रन्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि नेता लोग जो ओल्ड पेंशन लेते हैं वे पूरे देश के आम कर्मचारियों को पेंशन नहीं देना चाहते। शायद डॉक्टर अंबेडकर ने जो संविधान बनाया था, उसमें कोई कमी रही है क्योंकि नेता देश को अपनी इनकम का कोई भी हिस्सा नहीं देते और आम लोगों के इनकम टैक्स पर पुरानी पेंशन जरूर लेते हैं। आम आदमी पैसे कमाता है, उस पर आयकर देता है। आयकर देने के बाद जो पैसा बचता है उस बचे हुए पैसे से दो कमरों का घर बनाने की हिम्मत करता है, परंतु उस पर भी सीमेंट, सरिया, लकड़ी व अन्य वस्तुओं पर टैक्स देता है, परंतु नेता जी कोई टैक्स नहीं देते। आम जनता कितनी बार टैक्स दे, जबकि नेता लोग किसी प्रकार का टैक्स नहीं दे रहे। अगर इसी को देश का संविधान कहते हैं तो फिर यह संविधान सही नहीं है क्योंकि इस संविधान की आड़ में नेता लोग इस देश को खोखला कर रहे है।



### विजिलेंस में तैनात होमगार्ड जवान को सरकारी क्वार्टर में लगा करंट, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां विजिलेंस विभाग में तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड जवान की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना उनके सरकारी क्वार्टर में घटी है, लेकिन वह उस समय ड्यूटी से बाहर थे। मृतक रविंदर कुमारसेन, जिला शिमला के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना के समय रविंदर अपने क्वार्टर में अकेले थे। उनके कमरे में एक हीटर रखा था, जिसे वह खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करते थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि खाना बनाते समय वह हीटर से करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में चीखर स्कूल की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से बीते दिन क्योंथल अकादमी कोटी के सौजन्य से चित्रकला, भाषण और सामान्य ज्ञान क्विज इत्यादि प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें क्योंथल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 220 बच्चों ने भाग लिया। सामान्य ज्ञान और क्विज प्रतियोगिता में चीखर स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि भाषण प्रतियोगिता में सुजेन ठाकुर और सामान्य ज्ञान सोलो क्विज में ध्रूव शर्मा और स्मृति ठाकुर, आरव अनन्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। जाने माने व्यवसायी गोपाल शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और उन्होंने विजेता को पुरस्कार वितरित किए।



### खाई में गिरने से चिचवाड़ी निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत रोहल का चिचवाड़ी निवासी चैत राम (49) की खाई में गिरने से मौत हो गई। पुलिस थाना चिड़गांव में फोन के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गहरी खाई में गिरने के कारण इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदासू लाया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल रोहड़ू भेजा गय। घायल व्यक्ति ने रास्ते में दम तोड़ दिया। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की।

### किसानों के लिए तीन दिवसीय मृदा परीक्षण अभियान 15 जनवरी से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड प्रदेश के किसानों, विशेष रूप से सेब उत्पादकों के लिए 15 से 17 जनवरी तक मृदा परीक्षण अभियान आयोजित करने जा रहा है। यह अभियान प्रदेश की हाई-टेक लैब में मृदा परीक्षण की सुविधा प्रदान करने वाली एक प्रमुख स्थानीय कंपनी के सहयोग से अदाणी एग्री फ्रेश के तीन सीए स्टोर बिथल (रामपुर के पास), सैंज (थियोग के पास) और मेहंदली (रोहड़ू) में होंगे।

### अंग्रेजों के समय के 200 साल पुराने कनलोग कब्रिस्तान का होगा कायाकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अंग्रेजों के समय में बने कब्रिस्तान को लेकर नगर निगम शिमला ने एक बेहतरीन पहल की है। नगर निगम ने फैसला लिया है कि शिमला के 200 साल पुराने कनलोग कब्रिस्तान का कायाकल्प होगा। कनलोग वॉर्ड के तहत आने वाली ऐतिहासिक संपत्ति 30 बीघा में फैली हुई है। कनलोग कब्रिस्तान के आसपास का नजारा और वातावरण बहुत खूबसूरत है। शिमला शहर के बीचोबीच कब्रिस्तान आकर्षण का केंद्र बनने वाली है। नगर निगम शिमला की ओर से कब्रिस्तान की साफ-सफाई का काम शुरू किया जा चुका है।

## शांता कुमार ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

स्वामी विवेकानंद की पुण्य जयंती के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विवेकानंद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट के अध्यक्ष शांता कुमार ने विवेकानंद परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

शांता कुमार ने कहा कि आज हम यहां एक ऐसे महान व्यक्तित्व को स्मरण करने और उनके विचारों से प्रेरणा लेने के लिए एकत्र हुए हैं, जो मानवता की सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य मानते थे और जिनके जीवन ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को नई दिशा प्रदान की।

शांता कुमार ने कहा कि विवेकानद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट द्वारा संचालित चारों संस्थान, विवेकानंद मेडिकल इंस्टीट्यूट, कायाकल्प वरिष्ठ नागरिक सदन विश्राति और सौरभ कालिया नर्सिंग कालेज सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना से कार्य कर रहे है। इस अवसर पर विवेकानंद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट के टस्टी विक्रम शर्मा, डॉ. विमल दूवे, राकेश कोरला, डॉ. मंजुल एवं ट्रस्ट द्वारा संचालित चारों संस्थानों के अधिकारी चिकित्सक, कर्मचारी और तीनों संस्थाओं में स्वास्थ्य लाभ ले रहे लोग तथा सौरभ कालिया नर्सिंग कालेज की छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## पुलिस ने बर्फ में फंसे वाहनों को निकाला

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

उपमंडल जुब्बल के सनाबा व बगोलीनाला में पुलिस ने रोहड़ू से शिमला की ओर जा रहे वाहन जो बर्फ में फंस रहे थे, उन्हें बाहर निकाला।

थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान व उनकी टीम ने कई वाहनों को धक्का देकर व कई वाहनों को अपनी गाड़ियों से रस्सी से बांधकर रेस्क्यू किया। पुलिस दल ने ठियोग हाटकोटी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों को रेस्क्यू कर गंतव्य तक पंहुचाया।

एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चालक अपनी गाड़ी सडक पर सावधानीपूर्वक व धीरे चलाएं।

## शिमला में भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा जिला शिमला युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम द्विपकमल चक्कर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान वरिष्ठ नेता गणेश दत्त एवं रूपा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हनीश चोपड़ा द्वारा की गई थी। सिद्धार्थन ने कहा की स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को युवाओं तक पहुंचाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए 1984 में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया।

इस दिन देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिनमें युवाओं को शामिल किया जाता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा की भावना को जागृत करना होता है। राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह युवाओं को एक मंच प्रदान करता है।

## टीबी रोग उन्मूलन अभियान का केंद्रीय टीम ने लिया जायजा



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** पूरे देश में टीबी रोग उन्मूलन के लिए चल रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत केंद्रीय टीबी डिवीजन दिल्ली की टीम ने सिविल अस्पताल जुन्गा का दौरा किया। जुन्गा क्षेत्र में इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों पर केंद्रीय टीम ने संतोष व्यक्त किया गया।

अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल आबादी के केवल दस प्रतिशत लोगों के बलगम, थूक व छाती का एक्स–रे किया जा रहा है। जुन्गा शहर की कुल 3028 आबादी में 308 लोगों की जांच की जा रही है, जिनमें से अब तक 90 लोगों की जांच पूरी हो चुकी है और यह अभियान आगामी 24 मार्च को पूरा हो जाएगा। केंद्रीय टीम द्वारा आशा वर्कर्ज को बलगम व थूक की नमूने लेने के तरीके भी बताए गए।

कहानी-31

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## मां भद्रकाली के नाम पर बसा गांव

### पांडवों ने करवाई थी मां की दिव्य पिंडी की स्थापना





हर गांव कुछ कहता है कि इस कड़ी में हम बात करेंगे विधानसभा क्षेत्र गगरेट के गांव भद्रकाली के बारे में। जब हम गांव भद्रकाली में पहुंचे तो हमने पाया कि इस गांव का पुराना नाम बड़ोह हुआ करता था। माता भद्रकाली का मंदिर होने के कारण गांव का नाम भद्रकाली पड़ा। मान्यता है कि पांडवों ने वनवास के दौरान इस स्थान पर माता भद्रकाली की दिव्य पिंडी की स्थापना की थी। सावन महीने के नवरात्र में पंजाब और हरियाणा से संगत माता भद्रकाली के मंदिर में माथा टेकने के लिए आती है। गांव में लोगों को लगभग सभी सुविधाएं मिल रही है।



राकेश कुमार
दौतलुपर चौक

गांव के रास्ते पक्के हैं, पानी नल से घर–घर पहुंच रहा है। गांव में ही गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पशु अस्पताल और फसलों के लिए इरिगेशन का प्रबंध भी गांव में उपलब्ध है। इस गांव के लोगों के पास सरकारी नौकरी भी है, हालांकि कुछ लोग दिहाड़ी लगाकर अपना गुजारा करते हैं, जबकि कुछ लोग खेतीबाड़ी पर निर्भर है।



### स्कूल में मेडिकल की कक्षाएं हों शुरू : संजय शर्मा



**गांव** निवासी संजय शर्मा का कहना है कि गांव में पंचायत लगभग सभी कार्य करवा रही हैं, अगर सरकार सरकारी स्कूल में मेडिकल की कक्षाएं लगाने शुरू कर दे तो गांव के बच्चों को फायदा मिल सकता है। गांव के युवा प्रधान दलविंदर सिंह अच्छा काम कर रहे हैं।

### पौधों का कटान बंद करे सरकार : अर्जन सिंह



**गांव** निवासी अर्जन सिंह का कहना हैं कि गांव में विकास हो रहा है, किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। स्कूल बढ़िया है, नजदीक ही दौलतपुर चौक में कॉलेज है। पांच किलोमीटर के आसपास तक के बच्चे इस कॉलेज में पढ़ने के लिए पहुंच रहे हैं। अगर सरकार पर्यावरण को देखते हुए पौधों का कटान बंद कर दे, तो पर्यावरण की रक्षा होगी।

### गांव में पंचायत कर रही अच्छा काम : विकास



**गांव** निवासी विकास कुमार का कहना है कि गांव में सरकारी स्कूल बहुत बढ़िया हैं। गांव पंचायत अच्छे से काम कर रही है। गांव में डिस्पेंसरी भी है, अगर कोई छोटी-मोटी समस्या हो तो पंचायत उसको हल कर देती है। गांव में बच्चों के खेलने के लिए पार्क की व्यवस्था भी की गई है।

### पंचायत में लाइब्रेरी खोलना चाहते हैं प्रधान दलविंद्र



**गांव** प्रधान दलविंद्र सिंह ने कहा कि गांव वासियों ने दूसरी बार उन्हें प्रधान बनने का मौका दिया है। वह गांव के विकास के लिए काम करने के लिए तत्पर है। वह पंचायत में लाइब्रेरी खोलना चाहते हैं। गांव में श्मशानघाट की समस्या चल रही है उसे जल्दी हल करवा दिया जाएगा। गांव में पॉलीथिन कचरा प्रबंधन के लिए डीसी से यूनिट लाने के लिए भी अनुग्रह किया था, जिसके लिए डीसी मान गए है।

## प्रदेश में अराजकता की स्थिति, 2 माह से बंद है ट्रेजरी : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार की नाकामियों की वजह से अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि पिछले दो महीने से प्रदेश की ट्रेजरी अघोषित रूप से बंद है, लोग सरकार से अपने पैसे भी वापस नहीं पा रहे हैं। ट्रेजरी से हर प्रकार के भुगतान रुके हैं, जिसकी वजह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है।



प्रदेश में आज तक ऐसी स्थिति कभी नहीं आई की इस प्रकार से अघोषित रूप से ट्रेजरी बंद करनी पड़ी हो और आम आदमियों से लेकर तमाम सेवाओं के वेंडर्स के भुगतान रुके पड़े हो। आज तक प्रदेश में ऐसी स्थिति नहीं आई की एसेंशियल दवाओं की सप्लाई भी दवा सप्लायरों ने रोक दी हो। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार वह सारे काम कर रही है जो एक नाकाम सरकार की निशानी होती है।

### तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेला आज से

## प्रथम स्टार नाइट में गीता भारद्वाज बिखेरेंगे अपनी आवाज का जादू

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



तत्तापानी में जिलास्तरीय मकर संक्रांति मेले को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मेले का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अर्जी संजय अवस्थी करेंगे। मेले में अस्थायी दुकानें सजनी आरंभ हो चुकी है। श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है।

13 जनवरी की प्रथम स्टार नाइट में इंडियन आइल फेम गीता भारद्वाज अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। प्रथम संध्या में स्थानीय कलाकार नितिन कौशल भी हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी गीतों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकार भी श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। बता दें कि इस बार तत्तापानी में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय मकर संक्रांति मेले का जिम्मा प्रशासन द्वारा पंचायत को सौंपा गया है। (अनंत ज्ञान)

## कोटखाई में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** नेहरू युवा केंद्र शिमला के माध्यम से राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रशिक्षण भवन भड़ेच में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मंदिर कमेटी भड़ेच के कारदार जीत राम शर्मा उपस्थित रहे। युवा मंडल के सचिव संदीप शर्मा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी दी। अंकिता शर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस के विषय पर विचार रखे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव के बच्चों द्वारा एकत्र की गई प्लास्टिक के लिए नगद पुरस्कार भी दिया गया। सुरेंद्र शर्मा ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर भी जागरूक किया गया। दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम को यहां पर लाइव देखा गया एवं युवाओं के राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर चर्चा भी की गई। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** स्मार्ट शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम, परियोजना पर खर्च होंगे छह लाख

# रोहड़ू में नए बस अड्डे के लिए बन रहीं सीढ़ियां

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू उपमंडल के नागरिकों के लिए यह एक राहत भरी खबर है। जल्दी ही नए बस अड्डे तक पहुंचने के लिए खतरनाक पगडंडियों और लंबे रास्तों से नहीं गुजरना पड़ेगा। नगर परिषद रोहड़ू द्वारा नए बस अड्डे के लिए एक सुविधाजनक सीढ़ीदार मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसकी मांग क्षेत्र के लोग पिछले कई साल से कर रहे थे।

इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 6 लाख रुपए है। इस नई सीढ़ी और रास्ते के माध्यम से अब सीधे नए बस अड्डे के पैदल गेट तक पहुंच सकेंगें, जिससे न केवल दूरी कम होगी बल्कि समय और ऊर्जा की भी बचत होगी। यह परियोजना क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।



नए बस स्टैंड रोहड़ू के लिए बन रही सीढ़ियां।

सिविल अस्पताल रोहड़ू के मरीजों और उनके परिजनों को अब नए बस अड्डे तक पहुंचने के लिए लंबा और थका देने वाला रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा। यह नई सीढ़ी उन्हें सीधा, सुरक्षित और तेज मार्ग प्रदान करेगी, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी। इसके अलावा, यह मार्ग रोहड़ू के व्यापारियों के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। नए बस अड्डे के पीछे स्थित पार्किंग क्षेत्र में अपनी गाड़ियां खड़ी करने वाले व्यापारी अब इस नई सीढ़ी और रास्ते का उपयोग कर आसानी से अपने कामकाज के लिए आ–जा सकेंगे।

यह परियोजना हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के लिए भी लाभकारी होगी। यह परियोजना न केवल स्थानीय निवासियों की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि क्षेत्र में यातायात और बुनियादी ढांचे को भी बेहतर बनाएगी। यह स्मार्ट शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रोहड़ू क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन देगा। (अनंत ज्ञान)

> नगर परिषद रोहड़ू के इस प्रयास से न केवल नागरिकों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग मिलेगा बल्कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगी। इसके पूरा होने के बाद रोहड़ू के नागरिकों और व्यापारियों को एक नया, बेहतर और सुरक्षित अनुभव का लाभ मिलेगा।–**सुजय अग्रवाल, नगर परिषद रोहड़ू के उपाध्यक्ष**



# क्या है एचएमपीवी यह कितना खतरनाक?

*ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) सभी उम्र के लोगों में ऊपरी व निचले श्वसन रोग का कारण बन सकता है। खासकर छोटे बच्चों, वृद्धों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में। 2001 में खोजा गया एचएमपीवी श्वसन सिंकिटियल वायरस (आरएसवी) के साथ न्यूमोविरिडे परिवार से है। आणविक निदान परीक्षण के व्यापक उपयोग ने ऊपरी और निचले श्वसन संक्रमण के एक महत्वपूर्ण कारण के रूप में एचएमपीवी की पहचान और जागरूकता बढ़ाई है।*



## एचएमपीवी के लक्षण

**ह्यूमन** मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) आमतौर पर खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों के साथ प्रकट होता है। अधिक गंभीर मामलों में, यह ब्रोंकाइटिस या निमोनिया में बदल सकता है। लक्षण ऊपरी और निचले श्वसन पथ को प्रभावित करने वाले अन्य श्वसन वायरस के कारण होने वाले लक्षणों के समान हैं। एचएमपीवी के लिए ऊष्मायन अवधि आमतौर पर 3 से 6 दिनों तक होती है, जबकि बीमारी की अवधि गंभीरता के साथ बदलती रहती है, लेकिन अन्य वायरल श्वसन संक्रमणों के साथ संरेखित होती है।

## कैसे फैलता है एचएमपीवी

**एचएमपीवी** खांसने या छींकने के दौरान उत्पन्न श्वसन बूंदों, निकट व्यक्तिगत संपर्क, जैसे कि संक्रमित व्यक्ति को छूना या उससे हाथ मिलाना। दूषित सतहों या वस्तुओं के संपर्क में आने के बाद मुंह, नाक या आंखों को छूने से एक से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, एचएमपीवी आम तौर पर अलग-अलग मौसमी पैटर्न के दौरान फैलता है, जो सर्दियों में शुरू होता है और वसंत तक जारी रहता है। निगरानी अध्ययनों से पता चला है कि शीतोष्ण क्षेत्रों में एचएमपीवी गतिविधि सर्दियों के अंत और वसंत में चरम पर होती हैं। श्वसन वायरस के मौसम के दौरान, एचएमपीवी अक्सर आरएसवी और इन्फ्लूएंजा जैसे अन्य वायरस के साथ सह-परिसंचरण करता है।

## रोकथाम

**एचएमपीवी** के प्रसार को कम करने के लिए कई उपाय हैं। इनमें में से कुछ उपाय जैसे- कम से कम 20 सेकंड तक साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोना। बिना धुले हाथों से चेहरे (आंख, नाक, मुंह) को छूने से बचना और बीमार व्यक्तियों के साथ निकट संपर्क को कम करना है।

## सर्दी-जुकाम हो तो ये करें

- ✓ **खांसते** या छींकते समय अपना मुंह और नाक ढकें।
- ✓ **बार**-बार और अच्छी तरह से अपने हाथ धोएं।
- ✓ **कप** या खाने के बर्तन जैसी निजी वस्तुओं को साझा न करें।
- ✓ **शारीरिक** संपर्क से बचें, जैसे दूसरों को चूमना।
- ✓ **अस्वस्थ** महसूस होने पर घर पर रहें।

## उपचार

**वर्तमान** में एचएमपीवी के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है। प्रबंधन लक्षणों को कम करने के लिए सहायक देखभाल पर ध्यान केंद्रित करता है।

## परीक्षण और निदान

**एचएमपीवी** अपेक्षाकृत हाल ही में पहचाना गया वायरस है और इसे नियमित निदान में हमेशा शामिल नहीं किया जा सकता है। सर्दियों और वसंत में चरम परिसंचरण अवधि के दौरान परीक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि में आमतौर पर न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (एनएएटी) के माध्यम से वायरल जीनोम का पता लगाना। म्यूनोफ्लोरेसेंस या एंजाइम इम्यूनोसे का उपयोग करके श्वसन स्राव में वायरल एंटीजन की पहचान करना शामिल हैं।

## कोविड-19 और एचएमपीवी के बीच अंतर

**दोनों** वायरस ज्यादातर मामलों में बुखार और खांसी से शुरू होने वाले श्वसन संबंधी लक्षण पैदा करते हैं, लेकिन कोविड-19 में ज्यादातर मामलों में कई अंग खराब हो जाते हैं। दोनों वायरस के बीच तुलना करना मुश्किल है, हालांकि दोनों में श्वसन मार्ग से बूंदों के जरिए संक्रमण फैलता है। कोविड-19 की तुलना में एचएमपीवी कम संक्रामक है और इसके लक्षण कम गंभीर हैं।



## एम्स बिलासपुर में सुविधाएं

**एम्स** बिलासपुर ने पहले ही आयुष ब्लॉक में श्वसन एकांतवास आईसीयू शुरू कर दिया है, जिसमें वेंटीलेशन की आवश्यकता वाले रोगियों को संभालने की सभी सुविधाएं हैं। पीसीआर द्वारा एचएमपीवी के निदान के लिए किट का ऑर्डर प्रक्रियाधीन है और इसे जल्द ही माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा खरीदा जाएगा। चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि वायरस कोविड-19 जितना संक्रामक नहीं है और एम्स बिलासपुर में एचएमपीवी के मामलों के उपचार की सुविधाएं मौजूद हैं। *प्रस्तुति : एम्स प्रशासन बिलासपुर*

# एचएमपीवी का श्वास, किडनी व हार्ट पेशेंट पर अधिक असर

**कोविड-19** महामारी के 5 साल बाद दुनियाभर में एचएमपीवी के इंफेक्शन के बारे चर्चा होने लगी है। कुछ हफ्तों से चीन में आने वाली रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया के द्वारा प्राप्त जानकारी से पता चलता है कि वहां स्वास रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या एकाएक बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर उपलब्ध चित्रों से भी अधिकतर लोग मास्क में दिख रहे हैं। चीन से आधिकारिक स्वास्थ्य रिपोर्ट में इसे सामान्यतः सर्दी के मौसम में विभिन्न श्वास रोग करने वाले वायरस के कारण रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी बताया जा रहा हैं।

नालागढ़ के औषधि विशेषज्ञ डॉ. आनंद कुमार घिल्डयाल का कहना है कि हाल ही में यह विषाणु भारत के साथ अन्य देशों में जांच के दौरान पाया गया है। जैसे-जैसे एचएमपी वायरस के लिए जांच में बढ़ोतरी होगी, यह संख्या बढ़ेगी। इसका सबसे पहले पता नीदरलैंड की वैज्ञानिकों ने 2001 में कुछ बच्चों की रेस्पिरेटरी सिक्रीशन में इस वायरस को जांच के दौरान पाया। अधिकतर बच्चे 5 साल की उम्र तक पहुंचने तक इस इंफेक्शन से ग्रसित होकर अपने शरीर में एंटीबॉडी बना लेते हैं। इससे पुनः एचएमपीवी का इंफेक्शन होने से हल्का सर्दी-जुकाम होता है। यह आरएनए वायरस एक रेस्पिरेटरी वायरस है। यह न्यूमोवैरीडी सबफैमिली में रेस्पिरेटरी सिनसिटयल वायरस के बाद दूसरा ज्यादा पाए जाने वाला वायरस है, जो खांसी जुकाम अधिकतर 14 साल से कम उम्र के बच्चों को संक्रमित करता है। एचएमपी वायरस के संपर्क में आने पर 3 से 5 दिन में संक्रमण हो जाता है और अधिकतर रोगी बच्चे 5-7 दिन में स्वस्थ हो जाते हैं। बड़ों में यह समय एक से तीन हफ्ते का हो सकता है। एचएमपीवी की जांच के लिए कोविड 19 की तरह नाक व गले के सैंपल लिए जाते हैं। रैपिड एंटीजन टेस्ट कम संवेदनशील है और इसकी उपलब्धता भी अधिक मात्रा में नहीं है। यदि व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो तो एचएमपीवी संक्रमित लोगों में पीसी टेस्ट के साथ सीटी स्कैन भी कराया जा सकता है। एक्स-रे, सीटी स्कैन में कोई विशेष फाइंडिंग्स नहीं मिलती जो एचएमपीवी इंफेक्शन को अन्य वायरस इंफेक्शन से अलग कर सके। इस संक्रमण से बचने का उपयुक्त उपाय बचाव ही है।



डॉ. आनंद कुमार
औषधि विशेषज्ञ

## ऐसे फैलता है वायरस



**कोविड-19** की तरह ही एचएमपीवी बीमार व्यक्ति के खांसी और छींकने से छोटे-छोटे कणों (फोमाइट्स) से पास खड़े स्वस्थ व्यक्ति की सांस के साथ उसके शरीर के अंदर चला जाता है अथवा जब रेस्पिरेटरी सेक्रेटिशन ड्रॉपलेट्स किसी सतह पर बैठ जाती हैं और जो व्यक्ति उस सतह को छूने के बाद नाक, मुंह, आंखों को छूता है, तो वह भी संक्रमित हो जाता है। अधिकतर यह रोग हल्की खांसी जुकाम की तरह होता है, परंतु 5 से 10 लोगों में गंभीर फेफड़ों के इंफेक्शन का रूप ग्रहण कर निचले श्वास तंत्र को प्रभावित करता है जैसे निमोनिया, ब्रोंकाइटिस। अधिकतर गंभीर रूप से ग्रसित होने वाले छोटे बच्चे, प्रीमेच्योर पैदा हुए बच्चे, अस्थमा, हार्ट, फेफडों के रोगों से पीड़ित, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चे होते हैं। बड़ों में भी यह रोग ज्यादातर उन लोगों में होता है, जो अन्य रोगों जैसे श्वास, किडनी, लीवर, हार्ट से ग्रसित, कैंसर से पीड़ित हों या जिनकी शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है या वे व्यक्ति जो लंबे समय से अधिक मात्रा में स्टेरॉयड ले रहे हों।

## मास्क पहनना जरूरी

**डॉ.** आनंद के मुताबिक रोग से बचने के लिए हमें मास्क पहनना जरूरी है। अनावश्यक चीजों को न छुएं ,चीजों को छूकर हाथ को अपने चेहरे नाक, मुंह आंखों पर न लगाएं। कम से कम 2 हाथ की दूरी रखें। भीड़ में न जाएं। हाथ बार-बार साबुन से धोएं या सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन करें। खांसी-जुकाम होने पर संक्रमित व्यक्ति को अलग रखें व संक्रमित व्यक्ति मास्क अवश्य पहनें, क्योंकि यह रोग भी कोविड-19 की तरह का रोग है। रोगी अधिक मात्रा में गर्म पानी पीएं, नींबू का सेवन करें, उत्तम संतुलित आहार, नियमित योग-व्यायाम, शुद्ध विचार, अच्छी नींद, मानसिक तनाव मुक्त रहना चाहिए। तभी हम इस रोग से स्वयं और अन्य लोगों को बचा सकते हैं।

# एचएमपी वायरस

## हाई बीपी, शुगर से पीड़ित लोग बरतें विशेष सावधानी



**देश में दस्तक दे चुके एचएमपी वायरस से बचाव को लेकर हेल्थ एक्सपर्ट ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है। भले ही इसके लक्षण मामूली हों, लेकिन लापरवाही में यह गंभीर रूप ले सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो हाई बीपी, शुगर या अन्य बीमारियों से पीड़ित हों। बस जरूरत है तो लो विशेष सावधानी बरतने की। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस एक खतरनाक वायरस हो सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। सही उपायों से इसे आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। इस वायरस से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना।**

### ये सावधानियां बरतें

**हेल्थ** एक्सपर्ट का मानना है कि एचएमपी वायरस को लेकर अलर्ट रहना बेहद जरूरी है। भले ही इसके लक्षण मामूली हों, लेकिन यह जल्दी गंभीर रूप ले सकता है। खासकर उन लोगों के लिए जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। हाई बीपी, शुगर या अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग विशेष सावधानी बरतें। सेडेंटरी लाइफस्टाइल अपनाने वाले या धूम्रपान व शराब का सेवन करने वाले भी अधिक जोखिम में होते हैं।

### हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं

सुबह जल्दी उठें, योग करें और हेल्दी डाइट लें। ताजे फल, सब्जियां और प्रोटीन से भरपूर भोजन करें। इसके अलावा इस वायरस से बचाव के लिए अपने हाथों को बार-बार धोएं। किसी को सर्दी जुकाम हो तो मास्क पहनें और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें। दिन में कम से कम 4 लीटर पानी पिएं और भरपूर नींद लें। सर्दी-जुकाम के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत भाप लें, नमक के पानी से गरारे करें और अदरक-तुलसी वाली चाय पिएं। हल्दी वाला दूध भी आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करेगा। सर्दियों में घर का बना खाना खाएं और हमेशा ताजे फल व सलाद का सेवन करें। नियमित रूप से वर्कआउट करने से आप फिट रहेंगे और एचएमपीवी जैसी बीमारियों से अपने आप को बचा पाएंगे।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

*प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन*

# सर्दियों में बढ़ जाती हैं गर्भवती महिलाओं की चुनौतियां

## फॉलो करें सिटी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ के टिप्स

*सर्दियों में गर्भवती महिलाओं के लिए अपनी देखभाल कर पाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होतीं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिला के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है डीहाइड्रेशन। सर्दियों में ठंड की वजह से कम पानी पीने से यह खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आप अपनी गर्भावस्था के दौरान इन छोटे-मोटे उपायों को अपनाकर खुद को और अपने बच्चे को भी स्वस्थ रख सकती हैं। आइए जानते हैं इन जरूरी सावधानियों के बारे में शरीर को हाइड्रेट रखें। ध्यान रखें कि आपको हर हाल में डीहाइड्रेशन का शिकार बनने से बचना है, इसलिए बेहतर यही होगा कि आप पानी का सेवन करती रहें। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ठंड के दिनों में 6 से 7 ग्लास पानी पीने से आप डीहाइड्रेशन से बच सकती हैं। वहीं ध्यान रखें कि अगर आपको ऐसा करने से भारीपन महसूस हो रहा है तो पानी पीने की मात्रा को कम कर दें। ठंड में आप हल्का गुनगुना पानी पिएं ताकि आपके और आपके बच्चे दोनों के लिए अच्छा रहे।*

### गर्भवती महिलाएं दवाएं लेने से भी बचें

**सिटी** अस्पताल कांगड़ा (मटौर) के स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रबंधक निदेशक डॉ. प्रदीप मक्कड़ का कहना है कि जब सर्दियों में प्रेग्नेंट महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो उन्हें काफी सावधानी बरतने की जरूरत होती है। अगर गर्भवती महिला को ठंड लग जाती है या वह बीमार पड़ जाती है, तो इसके कारण उनके बच्चे की सेहत को भी नुकसान पहुंच सकता है। गर्भवती महिलाओं को किसी भी तरह की दवाएं लेने से भी बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि यह भी उनके गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। इसलिए हमेंशा यह सलाह दी जाती है कि गर्भवती महिलाओं को ठंड के मौसम में अपना अधिक ख्याल रखना चाहिए। अच्छी बात यह है कि कुछ सरल टिप्स को फॉलो करके प्रेग्नेंट महिलाएं सर्दियों के मौसम में भी स्वस्थ रह सकती हैं। अगर कोई महिला सर्दियों के मौसम में प्रेग्नेंट हैं, तो वह इन टिप्स को फॉलो करके आसानी से अपनी प्रेग्नेंसी की जर्नी को आसान बना सकती है। सर्दियां शुष्क हो सकती हैं और इस दौरान ज्यादातर लोगों का पानी पीने का मन नहीं करता है, लेकिन यकीन मानिए, हाइड्रेशन सर्दियों में भी उतना ही जरूरी है जितना गर्मियों में। यह सर्दियों की ड्राईनेस से बचने में मदद करता है। प्रेग्नेंट महिलाओं को घर के अंदर गर्म और आरामदायक वातावरण में रहने की सलाह दी जाती है। हमेशा यह सलाह दी जाती है कि गर्भवती महिला को बहुत जरूरी काम होने पर ही ठंड के मौसम में घर से बाहर निकलना चाहिए।

### हरी सब्जियों का भरपूर सेवन करें

**गर्भावस्था** के दौरान अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाना चाहिए, जिसमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा में हों। इसके अलावा गर्भावस्था के समय पर आहार में विटामिन, कैल्शियम, प्रोटीन, कैलोरी की मात्रा भी भरपूर मिली होनी चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक गर्भवती महिलाओं को खासकर विटामिन डी से भरपूर पदार्थों का सेवन करना चाहिए। फोलिक एसिड भी बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन सब चीजों के इस्तेमाल से जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ रहेंगे।

### तेल युक्त, डिब्बा बंद खाने से बचें

**यह** सीजन खाने के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। अन्य सीजन के मुकाबले इस सीजन में खाने के लिए बेहतर और ज्यादा विकल्प होते हैं। इसलिए अगर आप प्रेग्नेंट हैं और सर्दियों में खुद को सेहतमंद रखना चाहती हैं तो ज्यादा से ज्यादा ताजे फल और सब्जियों का सेवन करें। साथ ही तेल युक्त और डिब्बा बंद खाने से बचे।

### खुद को रखें फिजिकली एक्टिव

**गर्भावस्था** के दौरान खुद को शारीरिक रूप से एक्टिव रखना काफी जरूरी है। ऐसे में अगर बाहर ठंड की वजह से आप एक्सरसाइज नहीं कर पा रही हैं, तो घर के अंदर ही कुछ हल्की-फुल्की कसरत कर खुद को तंदरुस्त रख सकती हैं। इसके अलावा खुद को एक्टिव रखने के लिए आप वॉकिंग, एरोबिक्स और योग की मदद ले सकती हैं। इसके अलावा आप अपने डॉक्टर की सलाह भी ले सकती हैं।







डॉ. प्रदीप मक्कड़, स्त्री रोग विशेषज्ञ

*प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

# हिमाचल में पुरुषों में लंग्स कैंसर महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर ने बढ़ाई चिंता

**हिमाचल में पुरुषों में लंग्स कैंसर तो महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर अधिक हो रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि हिमाचल में 30 प्रतिशत महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो रही हैं। एक साल के अंदर 650 के करीब ब्रेस्ट कैंसर के महिला मरीज आ जाते हैं, जो कि एक चिंता का विषय है। जब किसी महिलाओं के स्तन की कोशिकाओं का विकास असामान्य रूप से हो जाता है, तो यह स्तन कैंसर का कारण बन सकता है और कुछ महिलाओं में स्तन कैंसर का कारण उनके शरीर में होने वाले हॉर्मोन बदलाव हो सकते हैं। वहीं स्तन कैंसर का प्रमुख कारण जीवन शैली का अनियमित होना, जिसका बजन बहुत अधिक होता है, उसमें स्तन कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि अधिक वजन ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। वहीं जो महिला अधिक मात्रा में कैलोरी का सेवन करती है, उनमें भी कैंसर हो सकता है। वहीं, तंबाकू का सेवन करने व दूषित वातावरण के कारण पुरुष लंग्स कैंसर के शिकार हो रहे हैं। हिमाचल में प्रति वर्ष 5 हजार के करीब पुरुष व महिलाएं कैंसर की चपेट में आ रहे हैं।**

*प्रस्तुतिः रविंद्र जस्टा, शिमला।*

### क्या होता है कैंसर ?

**कैंसर** अस्पताल शिमला के एचओडी डॉ. मनीष गुप्ता ने बताया कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं, तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना हुआ तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है।



डॉ. मनीष गुप्ता
कैंसर अस्पताल शिमला

### कैंसर होने के कारण

**कैंसर** कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं। हालांकि कुछ मुख्य कारण ऐसे भी हैं, जिनसे कैंसर होने का खतरा किसी को भी हो सकता है। इनमें वजन बढ़ना या मोटापा अधिक शारीरिक सक्रियता न होना, एल्कोहल और नशीले पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करना, कैंसर में पौष्टिक आहार न लेना, अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल न करना इत्यादि हैं। इसके अलावा कैंसर के अन्य कारण भी हैं। किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपको कैंसर हो सकता है।

# शरीर के लिए कई दिक्कतें पैदा करता है तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव

**सर्दी** में बदलता मौसम और तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव सामान्य तौर पर शरीर के लिए दिक्कतें पैदा करता है। उस पर आजकल कभी भी होने वाली बरसात स्थिति को और भी चुनौती से भरा बना देती है। वयस्कों के लिए ही यह मौसम कई शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है। ऐसे में छोटे बच्चों पर तो इसका असर और भी ज्यादा हो सकता है। 0-6 साल की उम्र के बच्चे जो इस तरह के मौसम का पहली बार सामना कर रहे होते हैं, उनका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। अक्सर माता-पिता यह समझ नहीं पाते कि ठंड के मौसम में बच्चों को किस तरह के कपड़े पहनाए रखे जाने चाहिए। वे या तो बहुत सारे कपड़े पहना देते हैं या फिर कई बार सामान्य पतले कपड़ों में ही बच्चे को रहने देते हैं। ये दोनों ही स्थितियां बच्चे के हिसाब से मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। जन्म के पहले बच्चा माता के भीतर एक सुरक्षित और आरामदायक कवच में रहता है। नौ महीने तक यही उसकी आदत में शुमार होता है। जब वह बाहर आता है तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती ही बाहर के वातावरण से सामंजस्य बैठाने की होती है। उसका शरीर धीरे-धीरे इस बाहरी वातावरण को अडॉप्ट करता है। जन्म से ही बच्चे को कम से कम छह माह तक इस मौसम में सुरक्षित रखना जरुरी है।

### सर्दी-जुकाम के अलावा और भी कई समस्याएं

ध्यान देने वाली बात है कि ठंड के मौसम में केवल सर्दी-जुकाम ही नहीं है, जो बच्चों को परेशान कर सकता है, इसके अलावा बुखार, उल्टी, दस्त, स्किन इंफेक्शन या रैशेज और फुंसियां, पेट दर्द, ड्राय कफ, डिहाइड्रेशन, निमोनिया, वायरल इंफेक्शन और कुछ मामलों में सडन इन्फेंट डेथ सिंड्रोम के शिकार भी बच्चे हो सकते हैं। सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम की स्थिति जरूरत से ज्यादा कपड़े में बच्चे को लाद देने से हो सकती है। इसके अलावा शरीर के टेम्परेचर का एकदम घट जाना यानी हाइपोथर्मिया की स्थिति भी बन सकती है। कई बार बहुत तेज धूप बच्चे को सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान भी दे सकती है। इसके अलावा घर में गर्मी के लिए अपनाए गए आर्टिफिशियल साधन जैसे हीटर या सिगड़ी आदि के ज्यादा उपयोग से भी तकलीफ हो सकती है।



आशीष शर्मा
वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
श्री कृष्णा चिल्ड्रन हॉस्पिटल
ऊना, हिमाचल प्रदेश

### बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए करें ये उपाय

ठंड से बच्चों का बचाव करने का सबसे आम तरीका होता है ढेर सारे गर्म कपड़े बच्चे को पहना देना। साधारण कपड़ों के ऊपर गर्म या ऊनी कपड़े, टोपी, मोजे और कुछ मामलों में तो डबल मोजे, बच्चे को पहना दिए जाते हैं। गर्म कपड़े सर्दियों में बच्चे को सुरक्षित रखते हैं, लेकिन ज्यादा कपड़े उसके लिए दिक्कत पैदा कर सकते हैं। जरूरी यह है कि बच्चे के लिए कपड़ों की सही लेयर के साथ उसकी नियमित पोषक खुराक और मालिश आदि जैसी सभी चीजों को भी ध्यान में रखा जाए। बच्चे को कड़क और चुभने वाले कपड़ों की जगह नरम कपड़ों की तीन लेयर पहनाएं। इसमें बनियान या शमीज जैसा कोई कपड़ा, एक पूरी बांहों का कोई टीशर्ट या ऊपरी कपड़ा और एक सॉफ्ट पजामा या ज्यादा ठंड हो तो वार्मर और एक स्वेटर पहनाएं। दिन में और रात में सोते समय हल्के कपड़े ही पहने रहने दें। स्वेटर और मोजे, टोपी आदि उतार दें।

*प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना।*

# न्यूज ब्रीफ

## आरएनटी स्कूल रैंखा के होनहार पुरस्कृत



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** आरएनटी पब्लिक हाई स्कूल रैंखा (ज्वालामुखी) ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया। समारोह में होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक संजय कुमार ने कहा कि मनुष्य शिक्षा के बिना पशु समान है। शिक्षा से व्यक्तित्व में निखार आता है और शिक्षित व्यक्ति समाज का आईना होता है। शिक्षित व्यक्ति ही देश की उन्नति और प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। स्कूल के प्रबंध निदेशक राजन शर्मा ने स्कूल प्रशासन की ओर से उपस्थित सभी अभिवावकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष सुमन कुमार व स्कूल प्रशासन ने बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राधा कुमारी, अनीता कुमारी, शिवानी शर्मा, देवराज, सेवानिवृत्त आईपीएच अधिकारी केहर सिंह, रैंखा समिति सचिव प्रीतम चंद, तरसेम चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

## अधिकारी खुद अपने जाल में फंसे : मिलखी राम

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने रविवार को पल्ली में प्रेसवार्ता कर बताया कि अधिकारी खुद अपने ही बुने हुए मक्कड़जाल में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने कहा पौंग सेंक्चुअी एरिया में हो रही अवैध गतिविधियों का मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के ध्यान में लाया गया था। इस पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की प्रधान खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से कुुछ जरूरी कागजात उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारी पुख्ता कागजात नहीं दे पाए हैं। इस पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की प्रधान खंडपीठ ने कड़ा संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आखिरी मौका दिया है। अब देखना यह है कि मांगे गए पुख्ता कागजात अगली सुनवाई दौरान अधिकारी पेश कर सकते हैं या नहीं।



## पूर्व सैनिक यूनियन रक्कड़ ने सदवां में की बैठक

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** पूर्व सैनिक यूनियन रक्कड़ की मासिक बैठक सदवां स्थित विश्राम गृह में सूबेदार मनजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कैप्टन सोमराज, कैप्टन सुजान सिंह कैप्टन करनैल सिंह, नायब सुबेदार करनैल सिंह ,सुबेदार मेजर अजमेर सिंह और 45 पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया, जिसमें पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाएं व कैंटीन काउंटर इसके अतिरिक्त 26 जनवरी कार्यक्रम मनाने पर व्यापक चर्चा हुई।



## चामुंडा मंदिर में लटके कार्यों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चामंडा नंदिकेश्वर धाम ट्रस्ट के निर्वतमान सदस्यों ने सामूहिक रूप में माता के दर्शन किए और वहां पर अव्यवस्थाओं को देखकर हैरानी प्रकट की। हरीदत्त शर्मा, अनिल गोड, संसाद मित्र कैलाश वालिया, मुनीश समदव परस राम ने का कि सुक्खू सरकार का यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है, जो पूर्व में प्रस्तावित मंदिर निर्माण के कार्य रुके पड़े हैं। माता के मंदिर का गुम्मद कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण वर्षा का पानी मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रस्तावित तामाम कार्य जैसे माता की रसोई, यज्ञशाला, पुजारी कक्ष, संस्कृत विद्यालय भवन तथा श्रद्धालुओं के लिए सराय का कार्य पिछले दो वर्षों से शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मंदिर में कारोड़ों की आय में बढ़ोतरी हुई है, परंतु खेद का विषय है कि धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा है।



## भक्ति के बिना ज्ञान अधूरा : तिलक राज धीमान

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुड़कडी में आज सद्‌गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राज पिता के आदेशों अनुसार रविवार को भक्ति पर्व दिवस मनाया गया। सत्संग में क्षेत्रीय संचालक तिलक राज डोगरा ने सत्संग का गुणगान करते हुए कहा कि यह भक्ति पर्व हर वर्ष सद्‌गुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेश अनुसार ही 12 जनवरी को सभी निरंकारी भावनों में भक्ति पर्व यानी माघी समागम आयोजित किया जाता है। सत्संग में महात्मा ने कहा है के सद्‌गुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन विचार अमृत के बूंद के समान जीवनदाई और अमरत्व प्रदान करने वाले होते हैं। इन विचारों का सार रूप अत्यंत उपयोगी और गागर में सागर के समान थोड़े में ही बहुत कुछ कहने में सक्षम ह। महात्मा ने कहा कि भक्ति घर में तो घर स्वर्ग बन जाता है। अगर भक्ति मन से हो तो मन मंदिर बन जाता है। क्योंकि भक्ति के बिना इंसान का जीवन अधूरा है।



## प्रथम स्थान पाने पर संचित का किया भव्य स्वागत

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालकरूपी के होनहार विद्यार्थी संचित मेहरा एवं उनके मार्गदर्शक अध्यापक डॉ. तिलक राणा प्रवक्ता रसायनिक विज्ञान का टीम सीएससी उपमंडल धीरा व उपमंडल जयसिंहपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर सिनियर सांइटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में आठ देशों के 700 प्रतिभागी बच्चों में प्रथम स्थान हासिल करने पर भव्य स्वागत किया। उपमंडल समन्वयक धीरा सिकंदर मिन्हास, सुचारिता कटोच एवं उपमंडल समन्वयक जयसिंहपुर पृथ्वीपाल, शशि एवं वरिष्ठ प्रवक्ता लेख राज हीर,पवन भारती, रजनीश गोस्वामी द्वारा तिलक राणा और संचित मेहरा एवं उनके पिता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं टोपी, मफलर पहनाकर सम्मानित किया। प्रवक्ता रजनीश गोस्वामी, रविंद्र भाटिया, सुनील कुमार,सुचारिता कटोच एवं पृथ्वीपाल ने अपने विचार साझा किए। होनहार विद्यार्थी संचित मेहरा के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता पर अपना अनुभव सांझा किया एवं अपनी सफलता का पूर्ण श्रेय अपने मार्गदर्शक अध्यापक डाक्टर तिलक राणा को दिया।



## नगरोटा सूरियां में धूमधाम से मनाई जाएगी लोहड़ी

**संजीव संधू, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा बस स्टैंड रामलीला मंच पर इस बार भी लोहड़ी पर्व उपप्रधान और नरसिंह देव युवा क्लब के अध्यक्ष सुखपाल सिंह गोगी की अध्यक्षता बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए इस बार स्टार नाइट का प्रबंध किया गया है। इसमें हिमाचल प्रदेश के बहुत ही सुप्रसिद्ध कलाकार राज जेरी मोहित गर्ग और बहादुर भारद्वाज बड़ी दमदार प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम ठीक 6 से लेकर रात्रि 10 बजे तक बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## जनसमस्याओं का निदान ही प्राथमिकता : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार संसाधन बढ़ाने की दिशा में अनेक पग उठा रही है] ताकि हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं निवास स्थान पर सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि जल प्रदेश का अमूल्य संसाधन है और इससे संबंधित उचित अधिकार प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए जिला में 3000 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है, जिससे इस क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। जिला के ढगवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## स्कूटी और पिकअप की टक्कर में स्कूटी चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर पड़ते पुलिस थाना फतेहपुर के गनोड़ में रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक पिकअप गाड़ी व एक स्कूटी की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी चालक मनदीप सिंह 24 वर्षीय पुत्र ज्ञान सिंह निवासी बदवाड़ा पंचायत कुटवासी स्कूटी लेकर फतेहपुर की तरफ जा रहा था कि अचानक गनोड़ में सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी नंबर एचपी 55ए 5107 के साथ टकरा कर नीचे गिर गया। उसे स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत सिविल अस्पताल फतेहपुर पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में थाना प्रभारी पवन गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया है तो वहीं पिकअप चालक विक्रम पुत्र सुभाष निवासी छत्र जोगियां के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कठिन परिश्रम से हासिल होता है उच्च से उच्च लक्ष्य : पठानिया

### उपमुख्य सचेतक ने गाइड स्कूल शाहपुर के मेधावी छात्रों को वितरित किए पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा बेहतर सुविधा मिल सके। इसके साथ ही गुणात्मक शिक्षा के लिए स्कूलों में क्लस्टर प्रणाली शुरू की जा रही है। रविवार को दि गाइड पब्लिक स्कूल शाहपुर के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर निर्भर करता है। कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च से उच्च लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में अनुशासन, परिश्रम की आदत बनानी चाहिए, ताकि इसका लंबे समय तक लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसी के आधार पर प्रतियोगी को परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन सारे समाज के लिए खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश से नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश से नशे और इस कारोबार में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिये टास्क फोर्स का गठन करने का फैसला लिया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को बेनकाब करने के लिए समाज पुलिस सहयोग करें, ताकि युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

## संस्कृत भाषा के उच्च संस्थान खोले जाएं : राजेश शर्मा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** संस्कृत भारती न्यास हिमाचल प्रदेश का दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन प्रांताध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा की अध्यक्षता में ज्वालामुखी की अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजेश शर्मा ने कहा कि संस्कृत के लिए व्यावहारीकरण एवं उच्चस्तरीय अध्ययन हेतु उच्च संस्थान खोले जाने चाहिए। संस्कृत केवल भाषा नहीं, अपितु यह हमारे जीवन से जुड़ा एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य अपने सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अपनी आध्यात्मिक उन्नति करके राष्ट्र के अभ्युत्त्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है । प्रांताध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए हिमाचल प्रांत में संस्कृत भारती कार्य के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देने हेतु हर कार्यकर्ता का आह्वान किया है। कार्यकर्ता कर्णवीर सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार संस्कृत भाषा देव भाषा है और विश्व की समस्त भाषाओं की जननी भी है।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपशिखा ने नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजीं विभूतियां

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन के बैनर तले बॉलीवुड एक्ट्रेस व मॉडल दीपशिखा नागपाल के हाथों हिमाचल प्रदेश की विभूतियां को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप कैबिनेट मिनिस्टर रैंक टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली रहे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की उन हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हिमाचल की प्रदेश की संस्कृति को देश और प्रदेश में प्रसिद्ध किया है। कार्यक्रम में युवा कवि व लेखक डॉ. राजीव डोगरा, आपना एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष सुमित गुप्ता के साथ हिमाचल प्रदेश के नंबर वन झांकी कलाकार टिंकू बिहान और देशराज राणा को दीपशिखा नागपाल के हाथों से सम्मानित किया गया। इसी के साथ मॉडलिंग के क्षेत्र में मिस भारत रशिन शर्मा और मिसेज रिपब्लिक ऑफ इंडिया रुशल बिग को भी दीपशिखा नागपाल के हाथों विशेष सम्मान मिला और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बेटियां फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ज्योतसना जैन ने और एमडी प्रांजल जैन ने आए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया, जबकि संस्था के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर संदीप चौधरी, राज्य उपसचिव सुरेंद्र पाल और राज्य सचिव संजीव गुप्ता के साथ-साथ संस्था के सभी सदस्यों ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

### बैजनाथ की मृदुला शर्मा को भी मिला अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की मृदुला शर्मा को बेटियां फाउंडेशन की तरफ से नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2025 प्रदान किया गया है। यह अवॉर्ड उन्हें कांगड़ा में प्रदान किया गया। मृदुला शर्मा अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी योग के बारे में लोगों को सिखाती रहती हैं तथा जीवन में योग के महत्व के बारे में प्रेरित करती हैं।

## गुरु रविदास महासभा नूरपुर ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश गुरु रविदास महासभा खंड नूरपुर की मीटिंग प्रधान हरबंस नांगला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महिंद्र सिंह, प्रधान माता कलसा मेमोरियल ट्रस्ट भदरोया, इंदौरा के प्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में महासभा के पूर्व में रहे वरिष्ठ पधाधिकारी ओम प्रकाश मास्टर और तेज राम विशेष रूप से उपस्तिथ रहे । बैठक में 12 को गुरु रविदास जी महाराज की जयंती एवं उसके उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा जो की तिथि 11 फरवरीको निकाली जानी है उसके बारे मैं विचार विमर्श किया गया! सभा ने सर्व सम्मति से पारित किया की 11 फरवरी को हिमाचल प्रदेश गुरु रविदास महासभा नूरपुर तथा चौधरी फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश के द्वारा इस विशाल शोभायात्रा को निकाला जाएगा। सभी वर्गों के लोग इस शोभायात्रा भाग लेंगे।

## ज्वालामुखी और खुंडियां भाजपा मंडल ने मनाई विवेकानंद जयंती



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी और खुंडियां भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस व विवेकानंद जयंती पर ज्वालामुखी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिला देहरा मंडल अध्यक्ष अजय खट्टा ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस मौके पर भाजपा मंडल ज्वालामुखी की अध्यक्ष सरोज कुमारी व खुंडियां मंडल के अध्यक्ष संजय राणा, युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक राणा, विजय मेहता, सुलोचना,पूजा डोगर,देशराज, पवन जस्सी, अशोक चौधरी यशविंदर सिंह मोंटी व रामस्वरूप शास्त्री, बिट्ठुल, शशि राणा, प्रकाश राणा, मनमोहन सिंह व अजय राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अजय खट्टा ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्री विवेकानंद जी द्वारा सुझाए गए रास्ते पर चलें और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाकर राष्ट्रवादी बनें। खट्टा ने कहा कि वर्तमान समय में स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं औरआदर्शों का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने बोड में मनाया युवा दिवस



**भूषण शर्मा, नूरपुर**

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा बोड (नूरपुर) में युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर युवा परिवार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर एक विशेष सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसमें साध्वी कंवल भारती ने युवा पीढ़ी को आत्मा की उन्नति और समाज की सेवा के प्रति अग्रसर करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी कुछ प्रेरणाओं को साझा किया। विवेकानंद कहते थे कि हर व्यक्ति के अंदर आपार शक्तियां हैं, केवल उसे पहचानने और उन्हें साकार करने की आवश्यकता है। इस मौके पर डॉ. राजीव भरद्वाज सांसद, रमेश धीमान, राकेश गुप्ता, वकील डोगरा एवं राजकुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## नड्डी में डेढ़ माह से पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगती सौकणी दा कोट पंचायत के नड्डी गांव के लोग पिछले डेढ़ माह से पेयजल की समस्या झेल रहे हैं। संबंधित विभाग के फील्ड स्टाफ से शिकायत किए जाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। नड्डीवासियों में महेंद्र, राजेश, गोविंदा, आशा, गीता, सुनीता, आशा आदि ने बताया कि करीब डेढ़ माह बीत चुका है, लेकिन समस्या का समाधान संबंधित विभाग की ओर से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि समस्या का निराकरण करवाया जाए। उधर, उपमंडल धर्मशाला के सहायक अभियंता पंकज चैधरी ने बताया कि इस संबंध में अभी कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है।

# धौलाधार पर्वत शृंखला पर ताजा हिमपात

### कड़ाके की ठंड और हवाओं से जिले में और नीचे गिरा तापमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में शनिवार देर शाम से ही धौलाधार पर्वत शृंखला पर ताजा हिमपात का दौर जारी है। इस कारण तापमान भी काफी कम हो गया और क्षेत्र में कड़कड़ती ठंड पड़ रही है। रविवार सुबह भी आसमान में काले बादल छाए रहे व पूरे जिला कांगड़ा में ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहा। धर्मशाला के साथ लगते ऊपरी क्षेत्र भागसुनाग, मैक्लोडगंज, नड्डी, सतोवरी आदि क्षेत्रों में भारी बारिश होने के कारण स्थानीय लोग अपने अपने घरों में ही दुबके रहे। धर्मशाला में बढ़ती ठंड के कारण जहां एक और बाजार देर से खुले तो वहीं, ठंड के कारण सारा दिन बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। रविवार को तीव्र शीतलहर चल रही है और धौलाधार पर्वतों के साथ लगते यहां के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। बारिश और घने कोहरे के कारण धौलाधार की पहाड़ियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। क्षेत्र के पर्यटक शहर में बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नड्डी, धर्मकोट, भागसूनाग और मैक्लोडगंज जैसे इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से एक डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जबकि दिन का तापमान चार से पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा जिला कांगड़ा के निचले क्षेत्र नूरपुर, इंदौरा, गंगथ आदि क्षेत्रों में भी इन दिनों संतरा किन्नू की फसल को समेटने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन बारिश न होने के कारण इन क्षेत्रों में संतरा व किन्नू की फसल भी सूखने की कगार पर पहुंच चुकी थी। हालांकि अब क्षेत्र में हुई इस बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे है। वहीं ये बारिश गेहूं की फसल व सब्जियों के लिए भी फायदेमंद मानी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार जिला कांगड़ा के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी व निचले इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

## विवेकानंद ने अनुशासित रहने की सीख दी : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



द्रोणाचार्य शिक्षा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में विवेकानंद सदन और एससीए के सौजन्य से विवेकानद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने कहा कि विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में भी मनाई जाती है।

उन्होंने छात्र -छात्राओं को विवेकानंद के जीवन, उनके उच्चतम विचारों, युवाओं की उन्नति किए गए कार्यों से लिए उनके योगदान से अवगत करवाया। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए विवेकानंद अनुशासित रहने की सीख देते हैं। मेहनत के साथ-साथ अगर व्यक्ति अनुशासित भी रहता है तो आसानी से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। अनुशासन चिंता, बेवजह के वाद-विवाद से भी हमको दूर रखता है। इसलिए स्वामी विवेकानंद अनुशासित रहने की सीख हर किसी को दिया करते थे। स्वामी विवेकानंद अज्ञान को डर का कारण मानते थे। उनका कहना था कि, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निडर होकर आगे बढ़ना चाहिए। निरंतर ज्ञान प्राप्त करके और सही संगति में रहने से व्यक्ति हर प्रकार के डर से मुक्ति पा सकता है।

## चिन्मय महिला मंडल ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** चिन्मय महिला मंडल ललेहड़ में प्रधान स्वर्ण देवी समस्त महिलाओं ने सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के तहत आज पड़ोस की नलियों में जहां-जहां गंदगी पड़ी थी वहां-वहां सफाई की और सफाई करने के माध्यम से लोगों में का सफाई के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। स्वर्ण देवी ने कहा कि हमें आसपास सफाई का माहौल रखना है ताकि आने वाली महामारी में बीमारियों से बचा जा सके साथी उन्होंने पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

## भारत गठबंधन दिल्ली में सभी सीटों पर लड़ेगा चुनाव : शिंदे

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारत गठबंधन के घटक दल स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील राव शिंदे द्वारा प्रेस के नाम जारी अपने बयान में कहा कि भारत गठबंधन की ओर से गठबंधन कार्यालय राजेंद्रा पैलेश दिल्ली में हुई बैठक में गठबंधन के सूत्रधार बलदेव राज सूद, डॉ. सुधीर अग्रवाल, रामनगीना जी, इंदर प्रीत सिंह, श्योदान सिंह, महेंद्र गुप्ता एडवोकेट, एसपी सिंह एवं अभिषेक के साथ अनेक दलों के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से निर्णय किया कि भारत गठबंधन दिल्ली विधानसभा चुनाव की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। प्रथम सूची आज जारी कर दी गई है। आगामी 20 जनवरी को जन घोषणापत्र जारी करेंगे। भारत गठबंधन 50 से अधिक दलों एवं संगठनों का गैर मान्यता प्राप्त एक सशक्त समूह है, जो पिछले लोकसभा चुनाव से ही सक्रिय है।

## विजय बाकोलिया ने राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ की दी बधाई



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ विजय बाकोलिया द्वारा मोहटली रैंप पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई। उन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त हिमाचल तथा देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यह दिव्य व भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धी में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। इस मौके पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर विशेष पूजा भी की गई तथा रामलला का शृंगार भी किया गया तथा उन्हें पीतांबर वस्त्र भी पहनाए गए। इस मौके पर उन्होंने छोटी-छोटी बाल कन्याओं को भोजन भी करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

**स्पोर्ट्स**

### 'नशे को भगाओ, खेलों को अपनाओ' थीम पर हनुमान युवा क्लब भुआना ने करवाई स्पर्धा

# फ्रेंड 7 सुलह ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अजय पाल, पालमपुर**



नशे को भगाओ, खेलों को अपनाओ थीम पर हनुमान युवा क्लब भुआना ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकोल के खेल मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर व समापन पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयसिंहपुर जसवंत ढड़वाल ने किया। सेवानिवृत्त रणजीत शास्त्री व देव राज टीजीटी सलेहरा विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। रणजीत शास्त्री ने कहा कि युवाओं ने जो नशे से दूर रहकर जो खेलों कि को अपनाया है, ये बहुत बड़ी बात है क्योंकि खेलें ही एक ऐसा माधयम हैं, जिससे हमारा शरीरिक और मानसिक विकास होता है। शास्त्री ने इन युवाओं को ऐसी प्रतियोगिता करवाने को प्रोत्साहित करने व सहयोग देने के लिए मंत्री गोमा का भी धन्यवाद किया। वहीं, स्कूल की प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर ने कहा कि मुझे इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करने का मौका दिया, इसके लिए वह मंत्री गोमा का धन्यवाद करती हैं। उन्होंने युवा क्लब भुआना को 5100 रुपए, विशेष अतिथि रणजीत शास्त्री ने 5100 रुपए, सुरेश डोगरा ने 2100 रुपए, राजिंदर पाल ने 1100 रुपए का सहयोग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हनुमान युवा क्लब भुआना व फ्रेंड 7 सुलह के बीच खेला गया, जिसमें फ्रेंड 7 सुलह की टीम ने मुकाबला जीत लिया।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयसिंहपुर जसवंत ढड़वाल ने कहा कि प्रतियोगिता करवाने के लिए हनुमान क्लब भुआना को मंत्री गोमा ने 51000 रुपए देने को कहा है। ढड़वाल ने विजेता टीम को 7100 व उपविजेता को 5100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा माता मंदिर में 22 को होगा मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला की एक आवश्यक बैठक मुख्य संरक्षक विजयराज उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक आगामी 22 से 28 जनवरी तक होने वाले व्यास उत्सव मेला की तैयारियों सदस्यों से विचार-विमर्श किया गया। विजयराज उपाध्याय ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे रोड़ा सेक्टर स्थित दुर्गा माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद व्यास उत्सव मेला मंच पर द्वीप प्रज्वलन कर व्यास उत्सव मेले का शुभारंभ होगा। वार्ड नम्बर 8 में स्थित महर्षि वेद व्यास जी गुफा व उसके लगते झरने व नाले का नोन की दशा सुधारने के लिए बैठक में प्रशासन से एक सहमति से आग्रह किया गया। प्रशासन ने निवेदन किया गया कि प्रशासन अपने लेबल पर या फिर रेल पटरी लगाने वाली कम्पनी से करवाया जाए क्योंकि महर्षि वेद व्यास जी की गुफा उनकी तपोस्थली रही है। बैठक में इस अवसर पर अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेला अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, चीफ कंट्रोलर अविनाश कपूर, सांस्कृतिक व जजमेंट कमेटी के अध्यक्ष विनोद शर्मा व प्रवक्ता कर्ण चन्देल के साथ अन्य उपस्थित थे।

### लोगों को एफपीओ की कार्यप्रणाली से करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवी उपमंडल के तहत आने वाली दी दधोल कृषि सेवा किसान उत्पाद सहकारी संगठन ( एफपीओ) पडयालग की पहली आमसभा सभा कार्यलय में संपन्न हुई। इस दौरान करीब 82 सदस्यों ने अपनी भागीदारी दर्ज की। एफपीओ के अध्यक्ष जागीर सिंह मैहता की अध्यक्षता में आयोजित इस आमसभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं एफपीओ की कार्यप्रणाली व उद्देश्यों से अवगत करवाया गया। कार्यवाही के दौरान पुरानी कार्यकरिणी को भंग करके नई कार्यकरिणी का गठन किया गया। डॉ. राकेश कुमार की अध्यक्षता में एफपीओ के लिए पांच निदेशक सर्वसम्मति से चुने गए। वार्ड नंबर एक दधोल से गोबर्धन शर्मा, वार्ड नंबर दो पडयालग से जागीर सिंह, वार्ड नम्बर तीन छजोली से रीना ठाकुर, वार्ड नंबर चार लढयानी से मनोहर लाल शर्मा, वार्ड नंबर पांच जरोडा से अमरनाथ शर्मा निदेशक चुने गए। एफपीओ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीता ठाकुर ने सदस्यों को एफपीओ के कार्य का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर 2025 तक जो कार्य किया गया उसमें 17 हजार 342 रुपए का लाभ हुआ है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य आईडी शर्मा, जिला विकास संघ की निदेशक रक्षा कपिल, सहित जोरावर सिंह, जगदीश चंद शर्मा, पवन कुमार गौतम, रीना ठाकुर, सुरेश पन्याली, कृष्णानन्द भारद्वाज, डॉ. रवि शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लोहड़ी पर मूंगफली, गज्जक से बाजार गुलजार

**घुमारवीं।** सुंदर-मुंदरिए हो, तेरा कौन बिचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्ले धी ब्याई हो। मकर सक्रांति पर मनाए जाने वाले लोहड़ी पर्व को बाजार मूंगफली व गज्जक से गुलजार है। बिलासपुर जिला में लोहड़ी का पर्व 13 जनवरी (सोमवार) को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस साल जिला बिलासपुर में लोहड़ी पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। लोहड़ी पर्व के लिए दो दिन पहले ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। लोहड़ी पर्व को बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। लोगों ने अभी से ही मूंगफली, गच्चक व रेवड़ियां सहित अन्य सामान की खरीदारी शुरू कर दी है। लोग दूर-दराज रहने वाली अपनी बेटियों व अन्य संगे-संबंधियों को लोहड़ी पर्व पर उपहार देने के लिए कपड़े, मिठाई, गहने, ड्राई फ्रूट, मूंगफली, गच्चक व रेवड़ियां सहित अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। शाम को बच्चों की टोलियां लोगों को लोहड़ी गाकर सुना रहे हैं। लोहड़ी पर्व के लिए बिलासपुर, घुमारवीं, बरमाणा, बरठीं, शाहतलाई, जुखाला, स्वारघाट, कुठेड़ा, डंगार व झंडूता सहित अन्य बाजारों में मूंगफली, गच्चक व रेवड़ियों की दुकानों के साथ-साथ मिठाई की दुकानें भी सज गई हैं। ज्यादातर लोग बाजार में मूंगफली, गच्चक, मिठाई तथा अन्य गिफ्ट आइटम खरीद रहे हैं। लोहड़ी को लेकर गांवों से लोग मिठाई की खरीदारी करने बाजारों में आ रहे हैं। ग्राहकों की मांग को देखते हुए दुकानदारों ने मिठाई तैयार कर ली है। मूंगफली विक्रेताओं का कहना है कि लोहड़ी पर्व को लेकर मूंगफली व गच्चक की खरीददारी में तेजी आ रही है। बाजार में मूंगफली 100 से 200 रुपए किलो बिक रही है। जबकि बाजार में गच्चक 10 रूपये से लेकर 220 रुपए में बिक रही है। गांव के लोग लोहड़ी पर्व पर मूंगफली के साथ रेवडियां भी बांटते हैं। लिहाजा, लोग मूंगफली के साथ रेवडियों की भी खरीददारी कर रहे हैं। बताते चलें कि जिला बिलासपुर में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

### केंद्र सरकार से मानदेय में वृद्धि की मांग



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** हिमाचल प्रदेश आशा कार्यकर्ता संघ, आंगनवाड़ी कर्मचारी महासंघ व मिड डे मिल कर्मचारी संघ से संबंधित भामसं इकाई जुब्बल, रोहडू, टिक्क र, चिड़गांव व कोटखाई ने केंद्र सरकार द्वारा आगामी बजट में आशा, आंगनवाड़ी व मिड डे मिल कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि कर महंगाई सूचकांक के अनुसार न्यूनतम वेतन 24000 रुपए देने की मांग की है। रोहडू में आयोजित संघों के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक कर केंद्र सरकार से बजट में मांगों को शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर उन्हें न्याय प्रदान करने की मांग की है।
आशा कार्यकर्ता संघ की प्रदेश उपप्रधान व जुब्बल की प्रधान पुष्पा मान्टा, आशा कार्यकर्ता संघ की प्रदेश सचिव व चिड़गांव खंड की प्रधान विजय लक्ष्मी, जुब्बल खंड की सचिव किरण, उपप्रधान मंजू, टिक्क र खंड की प्रधान अनिता शर्मा, सचिव कांता धान्टा, चिड़गांव खंड की सचिव संधीरा शर्मा, उपप्रधान पुनम ठाकुर व उर्मिला, कोटखाई खंड की प्रधान ओम लत्ता, सचिव राधा, उपप्रधान ऊमा, आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ छौहारा की प्रधान आशा रुगटा, सचिव रेखा शौंधी, जिला उपाध्यक्ष रोमा भाऊटा, पूर्व प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री उषा पनिष्टा, खंड सचिव निर्मला, जुब्बल इकाई की प्रधान अनु ठाकुर, मिड डे मिल संघ की जिला उपप्रधान बीना शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार यह कहकर पल्ला झाड़ती आ रही है कि ये केंद्र के प्रोजेक्ट हैं व केंद्र सरकार भी उनकी अनदेखी कर रही है।

### बिलासपुर की गोबिंदसागर झील के किनारों पर पहुंचे साइबेरिन व मध्य एशिया पक्षी

# विदेशी पक्षियों की गणना करेगा वन विभाग




**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

बिलासपुर की गोबिंदसागर झील के किनारों पर इन दिनों विदेशी पक्षियों की विभिन्न-विभिन्न प्रजातियां देखी जा रही है। प्रत्येक वर्ष जनवरी और फरवरी माह में विदेशी पक्षी हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जलाशयों किनारे यह विदेशी पक्षी पहुंचते है। ऐसे में इन पक्षियों का सारा रिकार्ड वन विभाग प्रत्येक वर्ष दर्ज करता है। वहीं, इस साल भी वन विभाग बिलासपुर गोबिंदगसार झील किनारे इन पक्षियों की गणना करेगा और इसका सारा रिकार्ड रखेगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

यह विदेशी पक्षी साईबेरिन देश से आते हैं, क्योंकि इन दिनों साईबेरिया में झील जमा होने वाली ठंड पड़ती है। साथ ही यहां पर झील और नदियां पूरी तरह से जम जाती है। सबसे अधिक यह पक्षी पौंग डैम में देखे जाते हैं, जहां पर वन विभाग की विशेष टीम इन पर पूरी नजर रखी हुए होती है। साथ ही यह भी रिकार्ड दर्ज करती है कि इस वर्ष कौन सी प्रजाति नई आई है। यहां पर प्रत्येक वर्ष बार हैडेड गूज प्रजाति पक्षियों की देखी जाती है। यह प्रजाति मंडी-भराड़ी पुल से लेकिन लुहणू मैदान के किनारे तक देखे जा रहे हैं। पक्षियों को देखने के लिए बिलासपुर की जनता भी इन किनारों पर जाती है।

मध्य एशिया, साइबेरिया, चीन मंगोलिया आदि ठंडे देशों से यहां पहुंचते हैं। अगले माह तक यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है और मार्च महीने तक यह मेहमान यहां से वापस लौट जाते हैं।( अनंत ज्ञान)

### विदेशी पक्षियों की सुरक्षा पर रखी जाएगी पूरी नजर

**विभागीय** जानकारी के अनुसार अन्य जलाशयों में भी कुछ विदेशी परिंदे पहुंच चुके हैं जो जलाशयों में अठखेलियां करते हुए देखे जा सकते हैं। इस बार विदेशी पक्षियों ने हिमाचल प्रदेश की तरफ एक माह देरी से आगमन किया है। इसका मुख्य कारण प्रदेश में बारिश व ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी न होना माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि विदेशी पक्षियों की सुरक्षा पर पूरी नजर रखी जाएगी।

### 29 हजार फीट तक की ऊंचाई पर उड़कर पहुंचते हैं भारत



**जानकारी** के अनुसार, पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां सर्दियों के मौसम में साइबेरिया, चीन, तिब्बत, कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस आदि जगहों से एक लंबा सफर तय करके हिमालय की ऊंची चोटियों के ऊपर से उड़ कर भारत में आते हैं। ये दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षी हैं। ये करीब 27 से 29 हजार फीट तक की ऊंचाई पर उड़ कर भारत में पहुंचते हैं। जब इनके गृह क्षेत्र में ठंड बढ़ती है और बर्फबारी शुरू होती है तो ठीक उसी समय ये दक्षिणी एशिया की तरफ प्रवास आरंभ करते हैं।

> बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में विदेशी पक्षी पहुंचे हुए हैं। निदेशालय से जारी आदेश आने पर यहां पर जल्द ही इन पक्षियों की गणना की जाएंगी। यह पक्षी मंडी भराड़ी से लुहणू एरिया के किनारों में देखे जा रहे हैं।
> **-मृत्युंजय माधव, वन अरण्यपाल बिलासपुर।**

# चार पंचायतों के लोगों ने मांगी अपनी एक अलग पंचायत

**अनंत ज्ञान, दधौल**

**सभी गांव पंचायत कार्यों से अधिकतर रहते हैं महरुम**

विकास मंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली पंचायत दधोल, पड़यालग, डंगार के कुछ गांव ने अलग पंचायत बनाने की मांग उठाई है। इसमें ग्राम पंचायत दधोल के गांव जसवानी, छन्दौह व गांव भेल के साथ-साथ ग्राम पंचायत पड़यालग के गांव डोहरु, मरियानी पन्याली व ग्राम पंचायत डंगार के गांव चोखाना एवं ग्राम पंचायत कसारू के गांव छंजियार के लोगों ने मांग की है कि उनके लिए भी एक अलग पंचायत बनाई जाए। क्योंकि ग्राम पंचायत दधोल के अंतर्गत आने वाले जसवानी और छन्दौह एवं भेल के लोगों के लिए अगर पंचायत कार्य के लिए दधोल में आना हो तो उन्हें लगभग 12 से 15 किलोमीटर सड़क के रास्ते से आना पड़ता है। यही हाल ग्राम पंचायत पड़यालग के अंतर्गत आने वाले गांव दोहरू, मर्याणी, पन्याली गांव के लोगों का है उनको भी अगर अपनी ग्राम पंचायत पड़यालग में काम के लिए आना है तो 9 से 10 किलोमीटर गाड़ी करके आना पड़ता है ।

कसारू पंचायत के गांव छजीयार के लोगों को भी अपनी पंचायत कसारू में आने के लिए लगभग 6 किलोमीटर आना पड़ता है। इस लिए एस गांव को भी इस पंचायत मे जोड़ना ठीक रहेगा। इसी तरह डंगार पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव चोखाना के लोगों को अपना कार्य के लिए डगार में आने के लिए 5 से 6 किलोमीटर आना पड़ता है। यह सभी गांव जंगल के किनारे ऊपरी पहाड़ी पर बसे हुए हैं

यह सभी गांव पंचायत कार्यों से अधिकतर महरुम रहते हैं इसके लिए इन गांवों के लोगों ने इस बार मांग उठाई है कि उनके लिए एक अलग पंचायत का निर्माण किया जाए। इसके लिए इन्होंने अपनी अपनी पंचायत से एनओसी लेकर सरकार से मांग रखी है। इन पंचायत के लोगों का कहना है की नई पंचायत बनाने के लिए जो जो निमितताएं हैं।

वह पूरी है इस पंचायत को बनाने के लिए पहले से भी कई बार मांगे उठ चुके हैं। लेकिन इस बार इन गांवों के लोगों ने पूरा मन बना लिया है कि वह अपनी मांग लेकर सरकार के सामने जाएंगे और अलग पंचायत की मांग को पूरा करने करने के लिए मांग रखेंगे।

### आरती देवी ने विज्ञान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हासिल की पोजिशन


छात्रा को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

श्री नयना देवी जी के समीप की पंचायत खरकड़ी के राजकीय उच्च पाठशाला भटेड़ शिक्षा खंड श्री नयना देवी जी की छात्रा आरती देवी ने जिला भर में नंदलाल मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से विज्ञान एवं वर्तनी प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गंडीर में जिला बिलासपुर के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया था।

आरती को संस्था की ओर से 2100 की इनाम राशि एवं मोमेंटो भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में कुमारी राधिका को भी 400 रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### कलरी कस्बे में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवी थाना क्षेत्र के तहत शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर कलरी कस्बे में ट्रक हादसे का शिकार हो गया।
जानकारी के मुताबिक सीमेंट से भरा हुआ ट्रक बाघा से नदौन जा रहा था। ट्रक चालक प्रवीण कुमार के मुताबिक जब कलरी महाविद्यालय के समीप चढ़ाई पर जा रहा था तो अचानक प्रेशर पाइप फट गई। जिससे ब्रेक व स्टेयरिंग जाम हो गया। ट्रक महाविद्यालय की चारदीवारी से टकरा कर लुढ़क गया। चालक प्रवीण कुमार की मामूली चोटें आई हैं।



### कांग्रेस सरकार वादों को निभाने में विफल : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, दधौल**

केंद्र की योजनाओं की बैसाखी के सहारे चल रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार 'दिशाहीन, असंवेदनशील और निकम्मी' सरकार है। यह बात पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही।

पूर्व मंत्री गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की गतवाड पंचायत के चकराना में लोगों से मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना। गर्ग ने कहा कि अपने वादों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने मुफ्त बिजली और पानी का वादा करके जनता को धोखा दिया और अब इन सेवाओं पर शुल्क लगा दिया है।

विधानसभा घुमारवीं क्षेत्र के गांव में लोगों को छह-छह दिनों बाद पानी मिल रहा है। संपर्क सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ट्रेजरी बंद कर दी है, जिससे प्रदेश की कमजोर आर्थिक स्थिति का प्रमाण मिलता है।

ठेकेदारों को भुगतान न होने के कारण मजदूर वर्ग भी परेशान है। राशन डिपुओं में भी लोगों को समय पर राशन नहीं मिल रहा। सरकार के दो साल के कार्यकाल में विकास का कोई भी कार्य नहीं हुआ, उल्टा जो काम भाजपा सरकार में चल रहे थे, वो या तो बंद पड़े हैं, या फिर उनका काम धीमी गति से चला हुआ है।

गर्ग ने सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद केवल लूट-खसोट की राजनीति की है और अपने समर्थकों व मित्रों की तिजोरियां भरने का काम किया है।


लोगों की समस्याएं सुनते हुए राजेंद्र गर्ग व साथ हैं अन्य।

### स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में अंडर-14 में चंबा विजेता



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवी उपमंडल की पलासला पंचायत के पलसला गांव में स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर की कई टीमों ने भाग लिया। प्रयास स्पोर्ट्स एसोशिएशन पलासला के तत्वाधान आयोजित यह प्रतियोगिता तीन वर्गों अंडर 14 लड़कों, अंडर 19 लड़कियां व सीनियर वर्ग लड़कों की हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा किया गया। अंडर-14 वर्ग के तहत 14 टीमों ने भाग लिया, जिसमें चंबा की टीम विजेता व कलर की टीम उपविजेता रही। अंडर-19 वर्ग कज लड़कियों की प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया, इसमें जालपा रैड विजेता रही। सीनियर वर्ग लड़कों की प्रतियोगिता में पीएसए पलासला विजेता रही। समापन कार्यक्रम के दौरान पवन संख्यान मुख्य तौर पर उपस्थित हुए।

### मां नयना देवी का लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** श्री नयना देवी जी में बारिश, ठंडी तेज हवाएं और धुंध के चलते जहां पर ठंड का प्रकोप बढ़ा है। वहीं पर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ओर पर्यटकों की भी भरमार हैं और उनके उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। बारिश और तेज ठंड में मंदिर न्यास और दुकानदारों ने श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए जगह-जगह अंगीठी सेंकने की व्यवस्था की हैं। आपको बता दें कि श्रद्धालुओं के लिए पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा गर्म चाय और पकौड़े की व्यवस्था की गई हैं। मंदिर के पुजारी हरीश शर्मा ने बताया कि रविवार के दिन इस तीर्थस्थल पर सबसे ज्यादा ठंड है और इसके बावजूद श्रद्धालुओं पर्यटकों के पहुंचने का क्रम जारी हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह ठंड के इस मौसम में अपना ध्यान रखें और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करे।

### प्रकाशोत्सव पर सिख संगत घुमारवीं ने निकाला नगर कीर्तन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव व गुरु गोबिंद सिंह जी का गद्दी दिवस के उपलक्ष्य पर में सिख संगत घुमारवीं द्वारा नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं ने अपनी कार सेवा दी। नगर कीर्तन में परंपरागत वेशभूषा में सजे पंज प्यारे अगुवाई कर रहे थे। उनके पीछे भव्य पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहब सुशोभित थे। आगे आगे ढोल-नगड़े वाले और गुरुबाणी की धुनों से संगत को निहाल कर रहे थे। शब्द कीर्तन कर गुरुबाणी का गुणगान किया।

नगर कीर्तन के दौरान सिख युवाओं तलवारबाजी, लाठी-डंडों से वार और गतका प्रदर्शन कर करतब दिखाए। छोटे बच्चे भी नगर कीर्तन में शबद कीर्तन गाते हुए गुरु महिमा का बखान कर रहे थे।

यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह साहिब हारकुकार से निकाला गया। नगर कीर्तन हरकुकार से शुरू होकर आईपीएच चौक, दकड़ी चौक, गांधी चौक से होते हुए वापस गुरुद्वारा सिंह साहिब हारकुकार में पहुंचा। इस दौरान नगर कीर्तन में सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर कीर्तन के दौरान सिख संगत की आस्था देखते ही बनती थी।

वहीं नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने चाय और फल का लंगर लगाया। जहां पर नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मलारी गांव में खेल महाकुंभ का आगाज

**अनंत ज्ञान, बरठीं**



ग्राम पंचायत घंडीर के मलारी गांव में खेल महाकुंभ का उद्घाटन स्थानीय विधायक जीत राम कटवाल ने किया। वालीबॉल की प्रतियोगिता 3 दिन तक चलेगी। विधायक कटवाल ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के अनुराग ठाकुर सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार द्वारा की गई एक अनूठी पहल है। कटवाल ने कहा सांसद खेल महाकुंभ विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के सशक्तिकरण और विकास का मध्य है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रश्मि सिंह चंदेल, तलाई के मंडल अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, महामंत्री मनोज लक्खा, दिनेश चंदेल महामंत्री बीना देवी व अन्य गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**हैरानी** छात्रों को नाम दर्ज करवाने के लिए जाना पड़ता है घुमारवीं

# झंडूता में नहीं खुल सका रोजगार कार्यालय

**गोपाल कपिल, झंडूता।**



**युवा रोजगार कार्यालय न होने से सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों की जानकारी से वंचित**

झंडूता उपमंडल में आज तक रोजगार कार्यालय नही बन पाया है। जिससे झंडूता के छात्रों को रोजगार कार्यालय में नाम दर्ज करवाने के लिए झंडूता से घुमारवीं जाना पड़ता है।सबसे ज्यादा समस्या कोटधार क्षेत्र के छात्रों को आती है इसमें मरोतन,जेजवी, धनीपखर, खरली, कडोह घाट, गाहघोडी, मल्होट, भडोलियां, शाहतलाई, मलराव कोसरिया के छात्रों को 60 से 70 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है। इससे छात्रों के समय और पैसे की बर्बादी होती है। अगर झंडूता में रोजगार कार्यालय खोल दिया जाता है तो लोगों के समय और पैसे की बजत होगी।

छात्रों का कहना है कि हाल ही में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। जिनके प्रमाण पत्र की एंट्री के लिए घुमारवीं जाना पड़ता है। यदि रोजगार कार्यालय झंडूता में स्थापित हो जाता है तो हम दूर जाने से बच जाएंगे और हमारे समय का भी बचाव होगा। झंडूता के लोगों के साथ साथ कोटधार के क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। मेरी प्रशासन से मांग है कि जल्दी से जल्दी यहां रोजगार कार्यालय खोला जाए ताकि लोगों के पैसे और समय की बजत हो जाए। इस पर झंडूता के सुमन प्रजापति ने बताया कि सुख की सरकार को युवाओं की पुरजोर को मांग स्वीकार करते हुए झंडूता में रोजगार कार्यालय खोलना चाहिए। क्योंकि झंडूता विधानसभा का भौगोलिक क्षेत्र बहुत बड़ा है।

शान्ति सेवा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने बताया की झंडूता उपमंडल के कोटधार क्षेत्र के लोगों को लम्बा सफर तय करके घुमारवीं जाना पड़ता है । जिससे उनके समय और पैसे दोनों चीजों की बर्बादी होती है। यही स्थिति झंडूता के लोगों की है उन्हें भी लम्बा सफर तय करके घुमारवीं जाना पड़ता है।

यदि झंडूता उपमंडल में एक रोजगार कार्यालय खोल दिया जाए । तो झंडूता के

वहीं झंडूता विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को झंडूता में रोजगार कार्यालय न होने के कारण उन्हें घुमारवीं में नौकरी के अवसरों की जानकारी के लिए अपने दूर-दराज में बसे निवास स्थानों से जाना पड़ता है। जिससे युवाओं के समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

वहीं अक्सर कई युवा झंडूता में रोजगार कार्यालय न होने से वे सही समय पर सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों की जानकारी से वंचित रह जाते हैं।( अनंत ज्ञान)

### हिमाचल हज कमेटी एवं वक्फ बोर्ड का जल्द गठन किया जाए



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गनाइजेशन की राज्य स्तरीय बैठक आयोजन जामा मस्जिद बिलासपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जामा मस्जिद के प्रधान हारुन मोहम्मद की अध्यक्षता में किया गया। जबकि विशेष रूप से ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष नजाकत अली हाशमी एवं राज्य महासचिव मोहम्मद रफी मौजूद रहे। राज्य स्तरीय बैठक में ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गनाइजेशन के सभी पदाधिकारीयों ने सर्वसमिति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए।

ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष नजाकत अली हाशमी एवं राज्य महासचिव मोहम्मद रफी एवं मुख्य सलाहकार हरुण मोहम्मद ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग कि है कि हिमाचल प्रदेश हज कमेटी का गठन जल्द से जल्द किया जाए ,जिससे हज करने वाले प्रदेशवासियों को सुविधा मिल सके।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड का गठन एवं 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत कमेटियां का गठन जल्द से जल्द करने की मांग की गई ।सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारीयों ने मांग की है कि हिमाचल में वक्फ बोर्ड की जायदादों का म्यूटेशन वक्फ बोर्ड के नाम करने के आदेश सभी जिलों के उपायुक्तों को किए जाएं।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में टरवाड़ की टीम विजयी

**अनंत ज्ञान, झंडूता**


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए गणमान्य।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र की मलरांव पंचायत में क्रिकेट का मिनी महाकुंभ शुरू हो गया। मलरांव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता का शुभारंभ झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने किया। प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। विधायक ने टरवाड़ और सागर क्लब के बीच उद्घाटन मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के साथ इस मैच का लुत्फ भी उठाया। इस मैच में टरवाड़ की टीम विजयी रही।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। खेलें केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने का माध्यम भी हैं। खेलों में भाग लेने से जहां शारीरिक व मानसिक विकास सही ढंग से होता है, वहीं आपसी भाईचारे, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। भागदौड़ व व्यस्तता भरी इस जिंदगी में स्वस्थ व तनावमुक्त रहने के लिए खेलों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

जीतराम कटवाल ने कहा कि मौजूदा परिवेश में बड़ी संख्या में बच्चे व युवा नशे की दलदल में धंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। युवा देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उनकी भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मलरांव क्रिकेट क्लब को बधाई देते हुए 5000 रुपए की राशि भेंट की। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान के विस्तारीकरण के लिए 3 लाख तथा मैदान को सड़क से जोड़ने के लिए भेहडू लिंक रोड हेतु एक लाख देने की घोषणा भी की।

इस मौके पर बीडीसी सदस्य शेर सिंह, पंचायत प्रधान कमल चैहान, मोहर सिंह व ओंकार सिंह, उपप्रधान बालकृष्ण और मंजुला कुमारी आदि भी उनके साथ थे। बाद में जीतराम कटवाल ने मलरांव पंचायत का दौरा करके लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। इस दौरान लोगों ने स्थानीय स्तर की समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जीतराम कटवाल ने ज्यादातर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया। बाकी समस्याओं के निपटारे के लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# होटल मैनेजर की हत्या मामले में गृह सचिव और एसपी चंबा को नोटिस

## मृतक राजेंद्र मल्होत्रा की पत्नी की ई-मेल पर प्रदेश हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

बनीखेत के होटल नेचर वाली में 31 दिसंबर की आधी रात को नए साल में जीएम राजेंद्र मल्होत्रा की कथित हत्या को लेकर तीन पुलिस आरोपियों को नामजद किया गया है। प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सीआईडी विभाग को इस सारे मामले की जांच सौंपी थी, जो कि अभी जारी है।

इसी बीच इस मामले में उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश ने गृह सचिव हिमाचल व पुलिस अधीक्षक चंबा को नोटिस जारी किया है। न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधवलिया और न्यायाधीश सत्यम वेद की खंडपीठ ने राजेंद्र मल्होत्रा की पत्नी राधा मल्होत्रा के ईमेल के माध्यम से प्राप्त 8 जनवरी जनहित याचिका चंबा के आधार पर नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट से जारी इस नोटिस को एक महीने के भीतर सरकार को रिपोर्ट दाखिल करने की भी आदेश जारी कर दिए हैं।

बता दें कि मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया था कि डलहौजी के साथ लगते बनी खेत के निजी होटल नेचर वैली में उनके पति जो जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे की हत्या में पुलिसकर्मियों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने इस पत्र में इस सारे मामले को लेकर गहनता से निष्पक्ष जांच की भी मांग की है। काबिले गौर है कि इस सारे मामले पर अभी फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट नहीं आई है जिसका पीड़ित परिवार को बेसब्री से इंतजार भी है ऐसा माना जा रहा है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट इस मामले की अगली दिशा निर्धारित करने में अहम भूमिका भी निभा सकती है।

बता दें कि नए साल के जैसलमेर में हुए इस मामले को लेकर क्षेत्र की जनता ने हत्या का शिकार हुए राजेंद्र मल्होत्रा तथा उनके सहायक गंभीर रूप से घायल सचिन ठाकुर के परिवार को लेकर जगह-जगह कैंडल मार्च निकालकर जहां मृतक की आत्मा की शांति मांगी जा रही है और निष्पक्ष जांच मांग भी की जा रही है, तो वहीं दोनों परिवारों को पूर्ण रूप से सहयोग हेतु भी अपनी प्रतिबद्धता जताई है।



बनीखेत का निजी होटल, जहां जीएम राजेंद्र मल्होत्रा की हत्या हुई थी।

# डलहौजी में फ्लाई डाइनिंग का लुत्फ और नजारा ले सकेंगे बाहरी सैलानी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**





फ्लाई डाइनिंग शब्द अपने आप में ही एक रोमांच पैदा कर देता है। फ्लाइट डाइनिंग जैसा कि नाम से ही साफ हो जाता है कि फ्लाई डाइनिंग का मतलब हवा में भोजन खाना, वह भी किसी डाइनिंग टेबल पर बैठकर। जमीन और खुले आसमान के बीच 120 फुट जमीन से ऊपर खाना खिलाना या खाना। दोनों शब्द अपने आप में ही एक रोमांच का एहसास दिलाते हैं। ऐसा ही रोमांच अब डलहौजी की खुबसूरत शिवालिक पहाड़ियों पीर पंजाल की पहाड़ियों तथा डलहौजी की शानदार वादियों का नजारा लेते हुए बाहरी सैलानी बढ़िया खाने का लुत्फ उठा सकेंगे।

बता दें कि फ्लाई डाइनिंग डलहौजी, जो एनएच 154 ए पर स्थित बोंखरी मोड में 15 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा, पूरे जिला में अपने आप में पहला ऐसा कांसेप्ट है, जो आने वाले बाहरी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित तो करेगा ही, बल्कि जिला पर्यटन को भी नए पंख लगाएगा। इस इस फ्लाई डायनिंग के मलिक डलहौजी के प्रसिद्ध होटल व्यवसाय एवं पूर्व नगर परिषद के सदस्य मनोज चड्ढा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सोच उनके बेटे की थी उनके बेटे ने उनसे इस कॉन्सेप्ट के बारे में चर्चा की और उन्हें यह कॉन्सेप्ट अपने आप में ही सबसे अलग लगा और उन्होंने महसूस किया कि ऐसा कॉन्सेप्ट हमारे क्षेत्र में भी होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि फ्लाई डायनिंग अभी कुल्लू-मनाली में अस्तित्व में है तो वही जिला चंबा में यह अपने आप में पहले ऐसा एक तरह का फ्लाइट डायनिंग रेस्टोरेंट होगा जो जहां हवा में लोगों को घूमते हुए आसपास की वादीयों का नजारा करवाएगा तो वही इसके साथ-साथ उन्हें बेहतरीन व्यंजनों के रू-ब-रू भी करवाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि डलहौजी का पर्यटन कोरोना के बाद काफी पिछड़ा है ऐसी नई-नई इकाइयां बाहर से आने वाले सैलानियों को अपनी और आकर्षित करेगी जिससे पर्यटन को भी नए पंख लगेंगे। इस मनोज चड्ढा ने सुरक्षा के लिहाज से भी जानकारी देते हुए बताया कि इस फ्लाइ डाइनिंग में सुरक्षा के उचित इंतजाम है ग्राहक जिस सीट पर बैठता है उसे चारों तरफ से पक्की बेल्टों के जरिए बांध दिया जाता है और लीवर के जरिए बैठने वाला अपने आप को आरामपूर्वक आगे पीछे भी कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक को इसके लिए मात्र 999 रुपए में 30 मिनट खर्च कर के खाने-पीने का बढ़िया आनंद ले सकता है। इस मौके पर मनोज चड्ढा की पत्नी वंदना चड्ढा, बेटा मयुक चड्ढा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन में जहां उन्होंने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया, तो इस इकाई को लेकर जुड़ी समस्त टीम को शुभकामनाएं भी दीं। (अनंत ज्ञान)

# पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी, मैदानी इलाकों में रुक-रुककर बारिश



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में रविवार को एक बार फिर मौसम दगा दे गया। शनिवार रात को हो रही बारिश में पहाड़ी क्षेत्रों पर हल्की बर्फबारी होने के बाद रविवार दोपहर बाद मौसम एकदम साफ हो गया। हालांकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई, तो वहीं मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण यहां पर ठंड बढ़ गई है और पारा भी माइनस में चला गया है। देर रात से हो रही बर्फबारी के कारण मणिमहेश डल झील, कुगति, कंवारसी व होली में 6 इंच से लेकर 1 फुट से ज्यादा ताजा बर्फबारी हुई है। भरमौर के प्रसिद्ध 84 परिसर में 2 इंच से ज्यादा बर्फबारी हुई है। शनिवार देर रात से ही हो रही बर्फबारी के कारण यहां के पहाड़ एक बार फिर से बर्फ से लकदक हो गए हैं। उधर, उम्मीद से कम बर्फबारी होने से बागवान काफी मायूस दिखे।

## विस अध्यक्ष आज करेंगे सिहुंता कॉलेज के भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया सोमवार को 11:30 बजे राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात 12:30 बजे शिव दयालु मंदिर कमेटी सिहुंता द्वारा आयोजित लोहड़ी त्योहार उत्सव में शामिल होंगे। इसके पश्चात बाद दोपहर 2:30 बजे उनके द्वारा देहरा खड्ड से कल्याणा (ग्राम पंचायत खरगट) तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया जाएगा। 14 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा देहरा खड्ड से समोट तक, 12:30 बजे गांव बाडी धार (ग्राम पंचायत खडेट) के लिए बनने वाली संपर्क सड़क तथा बाद दोपहर 2:30 बजे जजरी मोड़ से सम्मा दा बासा तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया जाएगा। कुलदीप सिंह पठानिया 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे दुर्गेई घटटू से बुर्जा (ग्राम पंचायत रायपुर) तक बनने वाली संपर्क सड़क का भूमि पूजन करने के पश्चात चंबा के लिए रवाना होंगे। 16 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष जिला मुख्यालय चंबा में प्रातः 10:30 बजे जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के उपरांत दोपहर 1 बजे चंबा से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

# कशमल के अवैध खनन की सत्यता जानने मसरूंड रेंज पहुंचे समाजसेवी कपिल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



चंबा जिले की मसरूंड रेंज में कशमल के अवैध खनन की सत्यता की जांच के लिए समाजसेवी कपिल शर्मा सहित स्थानीय पत्रकारों ने उक्त क्षेत्र के कुछ स्थानों का दौरा किया और हकीकत को जानने का प्रयास किया। जहां पर स्पष्ट रूप से वन भूमि पर कशमल को उखाड़ने के प्रमाण मौजूद हैं। नालों की आसपास की भूमि से भी कशमल उखाड़ने के प्रमाण मौजूद हैं।

कैंथली के साथ लगते क्षेत्र में भी भारी मात्रा में वन भूमि से कशमल उखाड़ी गई है, जिसकी वीडियो सुबह ही शेयर कर दी गई थी, जो स्थानीय ग्रामीण ने ही बनाई है। यह तो कुछ क्षेत्र हैं, पूरे परिक्षेत्र में कशमल तहस नहस हो चुकी है। ऐसा पता लगाना इसलिए जरूरी था क्योंकि डीएफओ वन मंडल चंबा ने इस बात का खंडन किया था कि वन भूमि पर कशमल का अवैध खनन नहीं हुआ है। इसी दौरान कुठेड़ पंचायत के कुछ लोग जो इस कशमल के खनन में सक्रिय हैं, ने टीम का रास्ता रोका व पत्रकारों को अपना पक्ष रखने के लिए कहा। लोगों ने कहा कि वे अपनी मांग रखना चाहते हैं। लोगों ने सरकार से मांग रखी है कि वे अपने क्षेत्र से कशमल उखाड़ना चाहते हैं। अब प्रश्न यह है कि क्या ये वही लोग हैं, जिन्होंने वन भूमि को तहस नहस किया है और जो थोड़ी बहुत वन संपदा बची हुई है उसका भी सफाया करना चाहते हैं? यदि ऐसा है तो इस बात की गंभीरता से जांच होना जरूरी है। इस बात से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि जो लोग कशमल को उखाड़ने की मांग कर रहे हैं, वास्तव में वही लोग वन भूमि की कशमल के विनाश के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। अतः अब आवश्यक हो गया है कि किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा राजस्व विभाग की उपस्थिति में सारी वन भूमि का निरीक्षण किया जाए तो सच का सच और झूठ का झूठ स्वयं पता चल जाएगा।

## सद्गुरु के माध्यम से ही होती है परमात्मा की प्राप्ति : ललित



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** महात्मा ललित अबरोल ने कहा कि संत निरंकारी मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विचारधारा है। निरंकारी मिशन विभिन्न विचारधाराओं में आस्था रखने वाले संसार के सभी इंसानों का सम्मान करता है युगों युगों से पवित्र ग्रंथों में स्थापित इस मान्यता में विश्वास रखता है कि साकार सद्गुरु के माध्यम से ही परमपिता परमात्मा की जानकारी प्राप्त हो सकती है और आत्मबोध ही मानव जीवन का परम लक्ष्य है। ईश्वर प्राप्ति के द्वारा वैश्विक भाईचारे की स्थापना संभव है तथा संपूर्ण मानव जाति के कल्याण तथा विश्व व्यापी शांति और समृद्धि के लिए ईश्वर अनुभूति अत्यंत आवश्यक है।चलता है।

# संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने मनाया 12वां स्थापना दिवस

**दशमी रावत, रोहड़ू**


जानकारी देते हुए गणमान्य लोग।

संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू सदैव ही जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तैयार रहती है और हर संभव मदद करती आ रही है। समिति ने अपनी 12वीं वर्षगांठ होटल अनुपम में केक काटकर धूमधाम से मनाई।

संजीवनी सहारा समिति ने अभी तक देश व प्रदेश के जरूरतमंद लोगों की 55 लाख रुपए से ऊपर आर्थिक मदद कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि समिति न सिर्फ रोहड़ू के लोगों की नहीं बल्कि पूरे देश के गरीब और जरूरतमंद लोंगों की मदद कर चुकी है। समिति ने इससे पहले पुलवामा हमले में शहीद हुए तिलक राज की 1 लाख रुपए से आर्थिक मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रदेश की पहली समिति है। समिति ने इस साल समेज में बाढ़ पीड़ित परिवारों की एक लाख रुपए की मदद की और शरौंथा के ग्रेष्टू में समिति के सदस्य यशवंत शर्मा, जिनके घर में आग लगी थी, उनकी भी एक लाख रूपये से आर्थिक मदद की है।

इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरविंदर वालिया, प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, रविंद्र (टीनू) ठाकुर, जोगी नायक, विक्रम ठाकुर, अजय राणा, भूपेंद्र चौहान, राजेश इत्यादि मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

# किसान आधुनिक ढंग से लगा रहे खेतों में बाड़

**भीम बसेड़ू, महादेव**



आधुनिक युग के चलते पैसे वाले लोग यानि वर्तमान रंग-रिवाज के दीवाने कृषि कार्य से जुड़े लोग भी अब खेतों की बाड़बंदी करने को लेकर जहां सरकारी तौर पर उपदान का फायदा उठाकर सौर उर्जा संबंधी करंट दौड़ने वाली बाड़ लगाने के लिए दो कदम आगे रहने की कोशिश कर रहे हैं वहीं नीजि तौर पर भी अपनी फसल बचाने के लिए सुरक्षा घेरा लगाने में मशगूल हैं।

जागरूक किसान महादेव गांव में भी अपने खेतीबाड़ी की शोभा बढ़ाने एवं उनकी पशु-पक्षियों इत्यादि से रक्षा करने के लिए सुंदर तरीके से ऊंची बाड़ लगा रहे हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि जब से आवारा पशुओं की बेतहाशा संख्या बढ़ी है तब से खासकर किसान वर्ग चिंतित है और इस समस्या समाधान हेतु सरकारों का मुंह ताक रहा था मगर जब इस दिशा में कुछ नहीं हो पाया तो अब अपनी फसल बचाने के लिए उसने स्वयं हिम्मत जुटाते हुए कदम बढ़ाया है जो कुछ हद तक कारगर भी साबित हो रहा है।( अनंत ज्ञान)

# छात्रा की मौत पर जांच रिपोर्ट जल्द जारी करे एसआईटी

**अनंत ज्ञान, मंडी**


संघर्ष समिति के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए।

सुंदरनगर स्थित एक निजी नर्सिंग कालेज छात्रावास में हुई अंजना ठाकुर की संदिग्ध मौत की जांच कर रही एसआईटी से परिजनों और अंजना ठाकुर न्याय संघर्ष समिति ने अब जांच रिपोर्ट मांगी है।

संघर्ष समिति का कहना है कि एसआईटी द्वारा जांच के लिए मांगा गया समय पूरा हो गया है और अब जांच रिपोर्ट जारी की जाए। समिति ने इस बाबत मुख्यमंत्री को अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से पत्र देकर सूचना भी भेजी है। बता दें कि बीते 3 दिसंबर को परिजन व स्थानीय लोग मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से अंजना को न्याय दिलाने के संदर्भ में सीबीआई जांच हेतु बाखली में मिले थे। मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर पुलिस विभाग और एसआईटी को जांच हेतु एक माह का समय दिया गया था।

यह समय बीती 3 जनवरी को संपूर्ण हो चुका है। इसी कड़ी में न्यायार्थ हेतु एसआईटी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट परिवारजनों और समिति के लोगों द्वारा पेश करने की मांग की गई है। समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी का कहना है कि हमें प्रदेश के मुखिया द्वारा गठित एसआईटी टीम की रिपोर्ट का इंतजार रहेगा और वह रिपोर्ट कहीं न कहीं बेटी अंजना को न्याय दिलाने में मदद करेगी।

वहीं अंजना के पिता भगत राम का कहना है कि जांच के दौरान एसआईटी के व्यवहार और बातों के अनुसार कोई सकारात्मक रिपोर्ट आने की कम आशा है।

### सूडोकु 0042 — ★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0041 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# पतंगबाजी कर मौज उड़ा रहे बच्चे

**भीम बसेड़ू, महादेव**



प्रचंड ठंड के चलते जहां बड़े घरों में दुबके रहते हैं वहीं आजकल शरद ऋतु की छुट्टियां होने पर बच्चे ठिठुरती ठंड की भी परवाह न कर अपनी मौज मस्ती बरकरार रखते हुए पतंगबाजी का लुत्फ उठा रहे हैं।

अपनी-अपनी पसंद की रंग-बिरंगी पतंग एवं डोर लिए बच्चे मैदानी खुले स्थान जहां पेड़ पौधे न हो या फिर ऊंचे घर आदि की छत पर अपनी सुविधानुसार पहुंच पतंग उड़ाकर अपने संगी साथियों को इस ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। मगर पतंग ऊंचा उड़ाने की एक होड़ सी मची है साथ ही पतंग काटने के लिए मजबूत एवं तीखी सी डोर की खरीद वाला स्थान न बताने की बात गुप्त रखी जा रही है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से जुड़ी ग्राम पंचायत महादेव के यहां कला प्रेमी बच्चों की इस उत्साहवर्धक कसरत बाजू, टांगों की हरकत को देख कर लगता है कि डोर के ऊपरी सिरे पर हवा के वेग में पतंग की कलाबाजी चल रही हो और डोर के निचले सिरे पर कठपुतली का झूमने-डिस्को डांस चल रहा हो जिसे बड़े-बूढ़ों को देखने का मौका मिलते ही वे भी खुशी के फूले नहीं समा रहे हैं। बसंत ऋतु के आने से महीनों पूर्व ही मंडयाल बच्चे पतंगबाजी शुरू कर देते हैं।( अनंत ज्ञान)

# बालीचौकी में टैक्सी जलकर राख

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**



सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालीचौकी पुलिस थाना औट के अंतर्गत बालीचौकी के साथ पंजाई डोभा रोड़ के गांव पंजाई में एक टैक्सी धू-धूकर जल कर राख हो गई। गाड़ी में सवार लोगों ने तुरंत बाहर निकल कर अपनी जान बचाई।

**गाड़ी में सवार लोगों ने तुरंत बाहर निकल कर बचाई जान**

हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक एक सेवन सीटर टैक्सी से अचानक बहुत से धुआं निकले लगा। धुएं को देखकर चालक ने गाड़ी रोकी और अंदर बैठे सभी लोग एकदम से बाहर उतर गए। देखते ही देखते आग ने गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। यह घटना लगभग शनिवार शाम 5 बजे की बताई जा रही हैं। टैक्सी चालक रूपेंद्र पाल थलौट से पंजाई की तरफ आ रहा था तब इसमे आग लग गई।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

13 जनवरी, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** पूर्णिमा (3:59): **नक्षत्र** आर्द्रा (10:39), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वैधृति (04:38) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08-12:50), **राहुकाल** (12:08 -12:50)।

**विशेष दिन**

» 13 जनवरी 2025 : पूर्णिमा व्रत आज।

» 13 जनवरी 2025 : शाकंभरी नवरात्र आज होगा पूर्ण।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है। इससे आने वाले महीनों में समस्या हो सकती है।

**वृषभ:** लाभप्रद सौदे हाथ लगेंगे। प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आपका मिलना होगा और इससे आपको फायदा भी होगा।

**मिथुन:** शत्रु आपका कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। आर्थिक संचय में वृद्धि मन्द गति से हो सकती है। आप की मेहनत के अनुरूप सफलता मिलने में संदेह है।

**कर्क:** प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिना सोच विचार के कोई भी काम न करें। योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारू रूप से लाभ उठाएंगे।

**सिंह :** वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकते हैं और नई साझेदारी भी होने की संभावना है। लेकिन बढ़े हुए व्यय के कारण साझेदारी में कुछ समस्याएं पनप सकती है।

**कन्या :** अधिकारियों के साथ अपने संबंधों के मामले में कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है। बॉस पर हावी होने की कोशिश न करें।

**तुला:** सामान्य रूप से लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यह अवधि निवेश प्रयासों के लिए भी परिपक्व है।

**वृश्चिक:** साझेदारी से आपके लिए बेहतरीन प्रोत्साहन मिल सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं। आलस्य से बचकर रहें।

**धनु :** वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। निवेश और बचत की योजनाएं भी बन जाएंगी। दिन की शुरुआत आनंदप्रद रहेगी।

**मकर :** वित्तीय मामले बिना किसी बाधा के आसानी से आगे बढ़ेंगे। जिसे आप किसी काम का नहीं समझते थे, आज वही आप के कार्यों में सहभागी बनेगा।

**कुंभ :** क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे। राजनेताओं को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपका दिन मध्यम है।

**मीन :** अविवाहित युवक और युवतियों को अपना जीवनसाथी मिल सकता है। आलस्य त्यागें और समय पर अपना काम करें।

## सरकार की गारंटियों पर लगा ताला : महाजन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के नेता एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने गेयटी थियेटर में कुमारसैन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, धर्मपाल ठाकुर , आकाश सैनी, जिला परिषद कैथल, नरेश दृष्टा उपस्थित रहें।

महाजन ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में विद्यार्थियों का भविष्य उनके खुद के हाथ में है, क्योंकि सुक्खू सरकार के दौर में उनके हाथ में कुछ नहीं है। महाजन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में उनके नेताओं द्वारा दी गई सभी गारंटियों पर ताला लग चुका है।

**प्लान** शिकारी देवी वन्य जीव अभयारण्य से सटा दो किमी का दायरा ईको संसेटिव जोन

# क्षेत्र में होटल-रिजॉर्ट बनाने पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शिकारी देवी वन्य जीव अभयारण्य से सटे दो किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों को ईको सेंसेटिव जोन में शामिल करने के बाद वन विभाग यहां के विकास के लिए जोनल मास्टर प्लान तैयार कर रहा है। प्लान के मुताबिक दो किलोमीटर के दायरे में सभी तरह के व्यवसायिक निर्माण गतिविधियों पर रोक रहेगी। क्षेत्र में नए होटल और रिजॉर्ट नहीं बनाए जा सकेंगे। दो किलोमीटर के बाहर भी टूरिज्म मास्टर प्लान के तहत ही होटल और रिजॉर्ट बनाए जा सकेंगे। इको टूरिज्म के तहत चलने वाली योजनाओं को भी मास्टर प्लान में शामिल करना होगा।

स्थानीय लोगों को जोनल मास्टर प्लान के मुताबिक घर बनाने की अनुमति होगी। इस प्लान के तहत ईको सेंसेटिव जोन में होने वाली गतिविधियों को तीन श्रेणियों में प्रतिबंधित, नियंत्रित और प्रोत्साहक में वर्गीकृत किया है। ईको सेंसेटिव जोन में बारिश के पानी को इकट्ठा करके उसे बाद में इस्तेमाल के लिए संग्रहित करना, जैविक खेती, पेड़ों को कृषि से जोडने् वाली कृषि वानिकी प्रणाली, जड़ी बूटी आधारित बागबानी, ग्रीन एनर्जी आधारित उद्योग, ईको फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट सिस्टम और ग्रामीण शिल्प कला को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए जोनल मास्टर प्लान में विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अलावा पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण के लिए ईको फ्रेंडली योजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं अब इन क्षेत्रों में सभी तरह के निर्माण जोनल मास्टर प्लान के तहत ही चलेंगी।

## पेड़ कटान पर रोक रहेगी

**डीएफओ** नाचन और मेंबर सेक्रेटरी इको सेंसेटिव जोन सुरेंद्र कश्यप ने बताया कि जोनल मास्टर प्लान के तहत इको सेंसेटिव जोन में इको टूरिज्म गतिविधियां भी नियंत्रित होंगी, जिससे शिकारी देवी अभयारण्य में वन्य जीवों को परेशानी न हो। सरकारी और निजी भूमि से पेड़ कटान पर रोक रहेगी। सड़क निर्माण और मरम्मत, बिजली आपूर्ति और पेयजल योजनाओं का प्रबंधन भी नियंत्रित रहेगा। सिर्फ जोनल मास्टर प्लान में स्वीकृत योजनाओं को ही लागू और नियंत्रित किया जाएगा।

**कोई** हथियार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा ही सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# ड्रग्स का अवैध कारोबार

हिमाचल प्रदेश में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार दिनोंदिन बढ़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। ड्रग्स का अवैध धंधा एक जटिल और व्यापक समस्या बन चुका है। यह धंधा चरणबद्ध ढंग से चलता है। अफीम की खेती और कोकीन जैसी ड्रग्स का उत्पादन अक्सर अवैध रूप से किया जाता है। ड्रग्स को तस्करी करके एक स्थान से दूसरे स्थान पर अवैध रूप से पहुंचाया जाता है। इसके बाद बारी आती है वितरण की। ड्रग्स को वितरित करने के लिए एक नेटवर्क बनाया जाता है, जिसमें डीलर, मध्यस्थ और अन्य लोग शामिल होते हैं। बिक्री के लिए खास इंतजाम किए गए होते हैं। ड्रग्स को अंतिम उपयोगकर्ता को बेचने का बकायदा लक्ष्य निर्धारित किया होता है। ड्रग्स के अवैध धंधे में उत्पादन करने वाले व्यक्ति या संगठन शामिल होते हैं। ड्रग्स की तस्करी करने वाले व्यक्तियों को खास जिम्मेदारी दी होती है।

बकायदा संगठन भी बने होते हैं। वितरक, डीलर और मध्यस्थ की भूमिका सबसे अहम होती है। हालांकि, प्रदेश की सुक्खू सरकार ड्रग्स के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिबंधित नशीली दवाओं के तस्करों से सख्ती से निपटने के लिए राज्य में पहली बार पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम लागू किया है। इसे बेहद सार्थक पहल कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आयोजित 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन में वर्चुअली भाग लेकर अपने राज्य की चिंताएं जताई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में हिमाचल समेत आठ राज्यों ने इसी समस्या पर गहन चिंतन मंथन किया। हिमाचल में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की बढ़ती निगरानी और सतर्कता के बाद गिरफ्तार किए गए ड्रग तस्करों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, जो बेहद चिंता का विषय है। हिमाचल में पिछले एक दशक में एनडीपीएस के मामलों में 340 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2012 में लगभग 500 मामलों से बढ़कर 2023 में 2,200 मामले हो गए हैं।

इसके अतिरिक्त, हेरोइन से जुड़े मामलों का प्रतिशत 2020 में 29 प्रतिशत से दोगुना होकर 2024 में 50 प्रतिशत हो गया है। सबसे अधिक परेशान करने वाली प्रवृत्ति सिंथेटिक दवाओं का उपयोग है जो न केवल अधिक शक्तिशाली है, बल्कि नशे की लत का प्रतीक भी है। रासायनिक संरचना के कारण उन्हें नियंत्रित करना भी कठिन है। जैसे हालात दिन -ब -दिन बिगड़ रहे हैं उसे देखते हुए तस्करी से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। आज अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र अवैध गतिविधियों के हॉटस्पॉट बन गए हैं। राज्य में बेशक पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम लागू है, लेकिन सवाल यह है कि इसे क्रियान्वित किया कैसे जाए? कोई भी योजना और कानून तब तक सही रिजल्ट नहीं दे सकता है जब तक उसके ऊपर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम न किया जाए। ड्रग्स के कारोबार से जुड़े लोग रातों-रात पैसा बना रहे हैं, लेकिन उन्हें लोगों की सेहत से कोई सरोकार नहीं। ड्रग्स कारोबारियों का सबसे सॉफ्ट टारगेट युवा होते हैं। युवा आसानी से उनके चंगुल में फंस जाते हैं और एक बार जब वह ड्रग्स का सेवन कर लेते हैं तो वह उससे छूट नहीं पाते हैं। ड्रग्स की लत युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है। ड्रग्स के चक्कर में पड़े युवा न तो अच्छे से पढ़ाई-लिखाई कर पा रहे हैं और न ही किसी नौकरी तक पहुंच पा रहे हैं। युवाओं का करियर दांव पर लगा है।

सरकार को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है। ड्रग्स तस्करों पर नकेल कसना बेहद लाजिमी हो गया है। ड्रग्स का अवैध धंधा समाज के लिए कई तरह के खतरे पैदा करता है। ड्रग्स का कारोबार नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देता है, जिससे लोगों की सेहत और जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ड्रग्स का कारोबार अपराध और हिंसा को बढ़ावा देता है, क्योंकि इसमें शामिल लोग अक्सर हिंसक तरीकों से अपने हितों की रक्षा करते हैं। यह कारोबार आर्थिक नुकसान का भी कारण बनता है, क्योंकि इसमें शामिल लोग अक्सर अवैध तरीकों से पैसा कमाते हैं और समाज को आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। ड्रग्स का कारोबार सामाजिक समस्याओं को बढ़ावा देता है, जैसे कि परिवारों का टूटना, बच्चों की देखभाल में कमी और समाज में अपराध की दर में वृद्धि। यही नहीं, स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ावा देता है।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाली बीमारियां, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और मृत्यु की दर में वृद्धि भी होती है। ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई करना आवश्यक है, जैसे कि ड्रग्स के तस्करों को गिरफ्तार करना, उन्हें दंडित करना और उनके अवैध कारोबार को बंद करना। जब तक सख्ती नहीं होगी तब तक यह धंधा यूं ही फलता-फूलता रहेगा। ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। लोगों को ड्रग्स के खतरों के बारे में जागरूक करना, उन्हें ड्रग्स के दुरुपयोग से होने वाली समस्याओं के बारे में बताना और उन्हें ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सामाजिक समर्थन भी आवश्यक है। समाज के लोगों को ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए एकजुट होना चाहिए और ड्रग्स के खतरों के बारे में जागरूक करना तथा ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए आगे आना चाहिए। शिक्षा और प्रशिक्षण भी आवश्यक है, जैसे कि लोगों को ड्रग्स के खतरों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें ड्रग्स के दुरुपयोग से बचाना। इन उपायों के जरिए निश्चित रूप से ड्रग्स के खिलाफ अभियान चलाकर कामयाबी मिल सकती है। आओ हम सब मिलकर प्रदेश से ड्रग्स के अवैध कारोबार को नेस्तानाबूद करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# 'अशोक चक्र' से सम्मानित भारतीय सैन्य अधिकारी



मेजर मोहित शर्मा
जन्म : 13 जनवरी, 1978
शहादत : 21 मार्च, 2009

**मेजर** मोहित शर्मा भारतीय सैन्य अधिकारी थे, जिन्हें मरणोपरांत 'अशोक चक्र' से सम्मानित किया गया था, जो भारत का सर्वोच्च शांति-कालीन सैन्य अलंकरण है। मेजर शर्मा कुलीन 1 पैरा एसएफ से थे। वह 21 मार्च, 2009 को नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हो गए थे। मेजर मोहित शर्मा ब्रावो असॉल्ट टीम को लीड कर रहे थे और 1 पैरा स्पेशल फोर्स के कमांडो थे। उन्होंने हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकियों को मौत के घाट उतारा था। उनकी बहादुरी आज भारतीय सेना के वीरों में देश की खातिर कुछ भी कर गुजरने का जज्बा पैदा करती है। हरियाणा के रोहतक में जन्मे मेजर मोहित शर्मा को जंगलों में कुछ आतंकियों के छिपे होने की इंटेलीजेंस मिली थी जो घुसपैठ की कोशिशें कर रहे थे। मेजर मोहित ने पूरे ऑपरेशन की प्लानिंग की और अपनी कमांडो टीम को लीड किया। ■

कविता

# एकता का पर्व लोहड़ी



शिवालिक अवस्थी

*लो आ गई जी लोहड़ी फिर से,*
*जश्न को सब तैयार हैं।*
*नए वर्ष के प्रथम पर्व से, भरे हुए बाजार हैं।*
*चौतरफा है रंगत बिखरी,*
*चहक उठा परिवेश है सारा।*
*प्रभा भी नभ से ऐसे छलके, मानो बरसे अमृत धारा।*
*छोड़ो सारे झगड़े पल में, आओ मन के भेद मिटाएं।*
*बढ़े प्यार हर जनमानस में, मिलजुल कर यह पर्व मनाएं।*
*पूजा बिन न काम हो दूजा, यह भी ध्यान में रखना है।*
*गच्चक, रेवड़ी संग मूंगफली, बांटी आज भी जाती है।*
*अपनों के संग लोहड़ी में तो, और भी रौनक आती है।*
*मक्की रोटी सेहत वाली, साग संग क्या बात है।*
*संक्रांति दिवस में दान-पुण्य कर, खिचड़ी खानी साथ है।*
*अबकी सुंदर मुंदरिये में, लोकगीत सब मिलकर गाएं।*
*बढ़े प्यार हर जनमानस में,*
*मिलजुल कर यह पर्व मनाएं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना वाजिब नहीं



इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। इस बार शोर दिल्ली विधानसभा चुनावों के संदर्भ में है। चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। वोटिंग का दिन 5 फरवरी निर्धारित किया है। काउंटिंग 8 फरवरी को होगी। सियासी पारा खूब चढ़ा हुआ है। एक-दूसरे पर आरोपों का सिलसिला शुरू हो गया है। बदजुबानी भी खूब हो रही है। भाजपा में छटपटाहट इसलिए है कि वह 1998 के बाद से सत्ता से 27 साल से दूर है तो वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) जीत की हैट्रिक लगाने के लिए लालायित है। दूसरी ओर कांग्रेस भी अपना वजूद कायम करने की जद्दोजहद में है। मुकाबला तिकोना होने के आसार हैं। सत्ता की लड़ाई में तीनों पार्टियों की जोर-आजमाइश देखने लायक होगी।

***आरोपों और इल्जामात का दौर चले कोई गिला नहीं,***
***झूठ के गुब्बारे को बुलंदी मिले कोई शिकवा नहीं।***
***हर परिणाम में प्रमाण देते हैं, पर वो बिना सबूत***
***शक की नई दुनिया रौनक करते हैं,***
***और शक का इलाज तो हकीम के पास भी नहीं।***

ईवीएम के बारे में यह स्पष्टीकरण मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिया है। जब-जब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठते हैं तो आयोग को बार-बार स्पष्टीकरण देना पड़ता है और यह प्रक्रिया तब से चली है जबसे ईवीएम के जरिए वोटिंग हो रही है। हर चुनाव के बाद अक्सर चुनाव आयोग पर राजनीतिक पार्टियां ईवीएम पर सवाल उठाती हैं। ज्यादातर सवाल हारने वाली पार्टियां उठाती हैं। वह अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती हैं। सवाल उठाने वालों की सूची में कांग्रेस नंबर वन पर है। वर्तमान में भाजपा बेशक ईवीएम के इस्तेमाल का समर्थन कर रही है, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब भाजपा ने ईवीएम का डटकर विरोध किया था। 2009 में जब भाजपा हारी तो उसने ईवीएम के खिलाफ सवालों की लंबी-चौड़ी फेहरिस्त बना डाली। 2010 में भाजपा नेता और चुनावी मामलों के विशेषज्ञ जीवीएल नरसिम्हा राव ने एक किताब लिखी, जिसका नाम था- 'डेमोक्रेसी एट रिस्क, कैन वी ट्रस्ट ऑर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन?'। बड़ी बात यह कि इस किताब की प्रस्तावना पार्टी के वरिष्ठ एवं दिग्गज नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने लिखी। आडवाणी ने सबसे पहले ईवीएम पर सवाल उठाए थे। इसके बाद तो पार्टी ने ईवीएम के साथ होने वाली छेड़छाड़ और धोखाधड़ी को लेकर पूरे देश में अभियान तक चलाया था।

अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने यह कह दिया है कि बैलेट पेपर पर जाने का कोई औचित्य नहीं तो उसके बाद तो यह चर्चा थम जानी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कई चुनावी सुधारों के साथ बैलेट पेपर मतदान प्रणाली फिर शुरू करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की इस दलील पर कि आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए थे, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'जब नायडू या रेड्डी हारते हैं तो कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई। जीतने पर कुछ नहीं कहते। इसे कैसे देखा जाए?'

## यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

अब तो यह भी सवाल उठता है कि वोटिंग के बाद वोटिंग प्रतिशतता का फाइनल आंकड़ा आने में वक्त क्यों लगता है? कभी ईवीएम के हैक होने का दावा विभिन्न पार्टियां करती हैं। सवाल यह है कि क्या वाकई ईवीएम हैक हो सकती है? ईवीएम की बैटरी पर भी सवाल उठते हैं। कई जगह से शिकायतें आती हैं कि ईवीएम की बैटरी ज्यादा चार्ज होती है तो भाजपा जीत जाती है और कम हो तो कांग्रेस हार जाती है। बैटरी पर अंगुली उठना किसी भी सूरत में ठीक नहीं। बैटरी पर तो क्या ईवीएम की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाना वाजिब नहीं है। चुनाव आयोग पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से काम कर रहा है। इंसान धोखा दे सकता है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक इक्विमेंट नहीं, क्योंकि मशीन में जो प्रोग्रामिंग फिट गई होती है वह उसी के मुताबिक अपने काम को अंजाम देती है। ईवीएम में बैटरी लगाने का चुनाव आयोग का उद्देश्य मात्र यह होता है कि ईवीएम और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट इक्विमेंट बाहर की दुनिया से पूरी तरह से कटा होता है। अगर चुनाव आयोग कोड लगाकर ईवीएम और वीवीपैट चलाता है तो भी राजनीतिक पार्टियां सवाल उठाती हैं कि बिजली का कनेक्शन फ्लां घर से लिया था और वह पार्टिकुलर पार्टी के सदस्य का था। इसमें भी पार्टियों को गड़बड़ दिखती है और उनका शक कभी दूर नहीं होता। इन्हीं सारे आरोपों को खारिज करने के लिए चुनाव आयोग ईवीएम में बैटरी लगाता है। दूसरी वजह यह है कि बैटरी की लाइफ ज्यादा होती है तो ऐसे में वो पूरी वोटिंग के लिए पर्याप्त होती है। बैटरी कम से कम दो दिन तो चलती है। अगर किसी कारण बैटरी में कोई दिक्कत आ जाती है तो बैटरी नहीं बदली जाती, बल्कि पूरी ईवीएम ही बदल दी जाती है ताकि टैंपरिंग की शिकायत न रहे। इसके अलावा पोलिंग बूथ पर मौजूद सभी पार्टियों के एजेंटों को बैटरी की पर्सेंटेज के बारे में जानकारी दी जाती है और बकायदा पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर भी लिए जाते हैं। चुनाव आयोग पर साल 2024 में समुदाय विशेष के लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने के इल्जाम लगे तो आयोग प्रमुख ने एक बार फिर इस तरह से जवाब दिया-

***आदतन कलमबंद जवाब देते रहे,***
***आज रू-ब-रू भी बनता है,***
***क्या पता कल हम हों न हों, जवाब तो बनता है।***

यह कैसी विडंबना है कि चुनाव आयोग को बार-बार स्पष्टीकरण देना पड़ता है, जबकि आयोग अपना काम बेहतर तरीके से तथा गहराई में जाकर कर रहा है। वह गड़बड़ की तमाम संभावनाओं को मद्देनजर रखकर अपने काम को अंजाम देता है फिर भी शक किया जाता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टियां यह नहीं सोचती कि वह किस वजह से हार रही हैं। अपनी हार के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराने का कोई औचित्य नहीं। पार्टियों को चाहिए कि वे अपनी कार्यशैली को सुधारे। जनता के बीच में रहे। उनकी नब्ज टटोले। उनके सुख-दुख में शामिल हो। उनकी परेशानियों का समाधान करे तथा विकास को तवज्जो दे। यदि हारने वाली पार्टियां इतना सा काम कर लें तो निश्चित रूप से उन्हें कामयाबी अवश्य मिलेगी। केवल परिणाम के आधार पर प्रक्रिया का आकलन नहीं किया जा सकता, क्योंकि परिणाम तो पहले से ही निश्चित होता है। परिणाम का फैसला वोटर्स करते हैं कि किसको जिताना है और किसको नहीं।

***कर न सके इकरार तो कोई बात नहीं,***
***मेरी वफा का उनको ऐतबार तो है।***
***शिकायत भले ही उनकी मजबूरी हो,***
***मगर सुनना, सहना, सुलझाना हमारी आदत है।***

चुनाव आयोग चुनाव की तारीख के ऐलान से हफ्ता पहले ईवीएम की जांच करता है और उसमें चुनाव चिन्ह विभिन्न पार्टियों के एजेंटों के सामने डालता है। उसके बाद पार्टियों के एजेंटों को ईवीएम की पूरी तसल्ली करने के लिए कहा जाता है। यह छूट इसलिए दी जाती है ताकि किसी को कोई शक न रहे। उसी दिन ईवीएम में बैटरी भी डाली जाती है तथा सबके सामने सील की जाती है। इसके बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया जाता है। फिर जिस दिन मतदान होना होता है उस दिन दोबारा सभी पार्टियों के कर्ताधर्ताओं को बुलाया जाता है और उन्हीं के सामने सील तोड़ी जाती है। मतदान वाले दिन ईवीएम के डिस्ट्रीब्यूशन के समय सबको ईवीएम का सीरियल नंबर बताया जाता है। पोलिंग एजेंट दिनभर वोटिंग प्रक्रिया पर पूरी नजर रखते हैं कि कौन-कौन व्यक्ति वोट डालने के आए। शाम को पोलिंग स्टेशन छोड़ने से पहले वोटों का हिसाब किताब रखने वाला फॉर्म 17 सी भरा जाता है, जिसमें यह जानकारी रहती है कि किस ईवीएम में कितने वोट पड़े। इसके बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रख दिया जाता है और ताला लगा दिया जाता है। फिर मतगणना वाले दिन सबसे पहले ईवीएम के सीरियल नंबर का मिलान किया जाता है तथा सबके सामने सील तोड़कर काउंटिंग शुरू की जाती है। अब सवाल यह है कि इतनी लंबी चुनावी प्रक्रिया के चुनाव आयोग पर शक किया जाए तो वो अच्छी बात नहीं, जबकि आयोग पूरी चुनावी प्रक्रिया को सबके सामने तसल्ली करवाकर पूरा करता है।

ईवीएम पर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए कई तरह के कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, चुनाव आयोग को ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तकनीकी और प्रशासनिक प्रणाली की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके अलावा, चुनाव आयोग को ईवीएम की जांच और परीक्षण के लिए ज्यादा समय देना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सही तरीके से काम कर रही है। मतदाताओं को भी ईवीएम के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। हालांकि चुनाव आयोग यह काम पूरी शिद्दत से कर रहा है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम के परिणामों को सार्वजनिक रूप से घोषित करना चाहिए। इन कदमों को उठाने से ईवीएम पर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ज्यादा बढ़ाई जा सकती है। ईवीएम को लेकर चिंता साइबर सुरक्षा से भी जुड़ी है शायद इसीलिए इसको विवादित माना जाता है। चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस दिशा में भी ठोस कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी जिस तरीके से बढ़ रहे हैं वह आने वाले समय में दिक्कत कर सकते हैं।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# किसानों का पशुधन अब बेसहारा बनकर सड़कों पर भटकने को मजबूर

पशुधन की घोर उपेक्षा से कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होने के साथ ही दुग्ध क्रांति का स्वप्न धूमिल हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब खेतीबाड़ी का काम नाममात्र का ही रह गया है। खेतीबाड़ी में दिलचस्पी रखने वाले ज्यादातर लोग अब इस दुनिया में नहीं रहे। जो बचे हैं वे इतने बुजुर्ग हो गए है कि वे चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं। युवा वर्ग तो अब इसमें रुचि नहीं ले रहा है। इसलिए काफी उपजाऊ भूमि बंजर हो चली है तथा उसमें तेजी से जहरीली घास फैल रही है। खेतों के आसपास कंटीली झड़ियों के घने जंगल हो गए हैं। इससे अब कई खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस हालत को देखकर उन बुजुर्गों की आंखें भर आती हैं। जिन्होंने उन खेतों से अच्छी फसलें ली है तथा उससे ही अपने परिवार का भरण-पोषण किया है। इसलिए बुजुर्ग नईं पीढ़ी को कोस रहे हैं।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

नईं पीढ़ी का कहना है कि अब खेती करना बहुत ही घाटे का सौदा हो गया है। बीज, खाद, तथा कीटनाशक दवाइयां काफी महंगी हो गई है। अब ट्रैक्टर से बिजाई भी काफी महंगी हो गई है। पहले जंगली जानवर ही फसल का नुकसान करते थे, लेकिन अब लोगों द्वारा छोड़े गए पशु भी फसल को उगने के बाद चट कर जाते हैं। फुलणु घास व इस श्रेणी का खरपतवार फैल जाने से बंजर भूमि से अब सामान्य घास भी समाप्त हो रही है। इससे पशु चारे का गंभीर संकट हो गया है। अब जिन किसानों ने उन्नत नस्ल के इक्का-दुक्का पशु पाल रखें हैं। कुछ ही खेतों में उत्तम किस्म के बीज, खाद व कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग किया है, लेकिन अब पहले की तरह बात नहीं रही है। कीट नाशक दवाइयों व रासायनिकयुक्त खाद्य पदार्थों के दुष्परिणाम आने शुरू हो गए हैं। इससे भी लोगल बेहद चिंतित है। कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का लोगों को रासायनिक जहर से मुक्ति पाना मुश्किल हो गया है। पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाकर रह गया है तथा हवा व पानी भी शुद्ध नहीं रहे हैं। पशुओं की नस्ल में भले ही सुधार हुआ है। अब गाय कई-कई लीटर दूध दे रही है तथा देशी गाय ढूंढे नहीं मिल रही है। बुजुर्ग बताते हैं कि नई नस्ल की गउओं में पहले की तरह दूध में गुणवत्ता नहीं रही।

इस तरह अनाज से बने पकवान भी पहले की तरह स्वदिष्ट नहीं बन रहे हैं। कई पशुपालक तो ऐसे गैर जिम्मेदार व निर्दयी हो गए हैं कि जब तक उनके दुधारू पशु दूध देते हैं। तब तक



उनको घास पानी दे देते हैं तथा उसके बाद उन्हें खुले में छोड़ देते हैं। फिर ये पशुपालकों के पशु बेसहारा होकर सड़कों, चौराहों, गली मोहल्लों में भटकने को मजबूर हो गए हैं तथा खेती व बागवानी का नुकसान पहुंचते हैं। दिनभर तो ये बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं तथा सांझ ढलते ही खेतों में पसर जाते हैं। सवेरा होते- होते फसल को ही चट कर जाते हैं। अपनी फसल का नुकसान होते कई किसान तो उन्हें खूब दौड़ाते हैं। कई बार तो ऐसे पशु दौड़ते हुए गिर भी जाते हैं। अब तक ऐसे कई पशु घायल हो गए हैं तथा कई तो दम भी तोड़ चुके हैं। कुछ पशुपालक तो इतने असंवेदनशील हो गए हैं कि पशुओं के छोटे बच्चों को भी सड़क पर भटकने के लिए छोड़ देते है।

बेसहारा पशुओं में ऐसे भी कई खुंखार सांड है जो लोगों को मरने के लिए उनके पीछे दौड़ते हैं। अब तक ऐसी कई जानलेवा वारदतें हो चुकी है। पशुपालकों के ही पालतू पशु बेसहारा बन रहे हैं तथा गलियों चौराहों में भटकने को मजबूर हो जाते हैं। लोग उन्हें इधर से भी डंडा मरते हैं तथा उधर से भी खदेड़ देते हैं ऐसी हालत में बेचारे बेजुबान पशु जाए तो कहां जाए तथा अपनी फरयाद किस से करे। राजनीतिक हल्के में यह सत्तासीन सरकार के खिलाफ जबर्दश्त मुद्दा बन जाता है। उक्त पशुओं से लोगों को भारी मुश्किल होती है। चुनाव के समय बेसहारा पशुओं का मुद्दा बड़े जोर शोर से उठाया जाता रहा है। एक समय था जब कृषि व पशुपालन व्यवसाय एक-दूसरे के पूरक थे। जो खेतीबाड़ी करता था वह पशु भी पलता था। यानी जो जितना बड़ा किसान होता था वह उतना ही बड़ा पशुपालक भी होता था।

कृषि कार्य पशुओं पर निर्धारित था। खेती के कार्य से ही पशुचारे की पूर्ति भी होती थी। किसान व उसका परिवार वर्षभर खेतीबाड़ी व पशुपालन के काम में व्यस्त रहता था। खासकर फसल की बिजाई, गुड़ाई, कटाई व गहाई के समय तो किसानों को रात-दिन काम करना पड़ता था। सालभर के लिए पशुचारे को भी इकट्ठा करके रखा जाता था। बदली परस्थितियों में कृषि क्षेत्र भी काफी प्रभावित हुआ है तथा दुग्ध उत्पादन में काफी गिरावट आई है। नतीजतन अब लोगों के मवेशिखानों की शोभा कहलाए जाने वाला पशुधन सड़कों पर विचरने लगा है। उसे अब बेसहारा पशुओं का दर्जा दिया गया है। सरकार ने कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं पशुपालन विभाग दो अलग-अलग विभाग खोले हैं। लोग अब पशुपालन में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जो थोड़ी बहुत खेती की जा रही है। अब उसके पारंपरिक तरीके बदल गए हैं।

खेतीबाड़ी का सारा काम पहले बैलों पर ही निर्भर था। उस समय ग्रामीण गाय को पालना पुण्य समझते थे। गाय यदि बछड़े को जन्म देती थी, तो शुरू से ही उसकी जोड़ी के बछड़े की तलाश शुरू हो जाती थी। तीन-चार सालों के बाद उन्हें हल जोताई में लगाया जाता था। बछड़ी होने पर उसे पाल-पोष कर बड़ा किया जाता था, ताकि भविष्य में उससे हृष्ट-पुष्ट बैल व दुधारू गाय मिल सकें, लेकिन अब ट्रेक्टरों व अन्य मशीनों से कृषि कार्य होता है। नईं पीढ़ी ने अब मेहनत-मशक्कत करनी ही छोड़ दी है। इसलिए अब उन्हें बीमारियां भी घेरने लगी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आपसी एकता और सौहार्द का त्योहार लोहड़ी

वैसे तो समस्त हिंदोस्तान अपनी प्राचीन संस्कृति, त्योहारों, उत्सवों व तरह-तरह के पर्वों के लिए विशेष पहचान रखता है। इन्हीं में से एक त्योहार रूपी पर्व हमारी लोहड़ी भी आ जाती है जो कि उत्तर भारत में विशेष रूप से (पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरांचल व हिमाचल आदि राज्यों) बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाई जाती है। पंजाबियों में तो इस त्योहार का विशेष महत्व रहता है, वे भी उन परिवारों में जहां नई बहू का प्रवेश या नवजात शिशु का जन्म हुआ होता है। ऐसे परिवारों में तो इस त्योहार का बड़े ही वशिष्ठ रूप से आयोजन रहता है।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

कई जगह लोहड़ी की अगली सुबह अर्थात मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी विशेष रूप से तैयार करके सभी परिवार के सदस्यों सगे संबंधियों व मित्रों के साथ खाई जाती है। वैसे अन्य राज्यों में भी इस त्योहार को अपनी-अपनी बोली व भाषा में अलग अलग नामों से पुकारते हुए अपने-अपने ढंग से मनाया जाता है। जिससे सांस्कृतिक विभिन्नता के साथ ही साथ आपसी एकता और सौहार्द भी स्पष्ट दिखाई देता है। लोहड़ी का यह त्योहार पौष मास के अंतिम दिन व मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व ही रहता है, जो कि 13 या 14 जनवरी के दिन आता है।

इसकी ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि की ओर देखें तो पता चलता है कि कुछ पौराणिक कथा साहित्य भी इससे संबंधित हैं, जैसे कि एक पौराणिक कथा जो कि देवी शक्ति पार्वती व भगवान शिव से संबंधित है, जिसमें एक महायज्ञ में पिता दक्ष प्रजापति द्वारा अपनी बेटी पार्वती व दामाद को आमंत्रित नहीं किया गया था, लेकिन बेटी अपने पिता के यज्ञ में शामिल होने चली गई और उसे वहां यक्ष प्रजापति ने उसे बुरा भला कहते हुए प्रताड़ित किया, जिस पर देवी पार्वती ने वहीं यज्ञ वेदी में आत्मदाह कर लिया था। देवी के आत्मदाह की याद में तभी से लोहड़ी की प्रथा का यह चलन माना जाता है। एक दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार, जब राजा कंस द्वारा अपने भांजे भगवान श्री कृष्ण को मारने के लिए राक्षसी लोहिता को गोकल पुरी में भेजा गया था, तो तब भगवान श्री कृष्ण ने उस राक्षसी लोहिता का खेल खेल में ही वध कर डाला था और उसी दिन मकर संक्रांति भी थी, इसलिए तभी से इसे खुशी के रूप



में लोहड़ी जलाकर मनाया जाने लगा है। इसी त्योहार के संबंध में यदि मध्यकाल की बात करें तो इतिहास के पन्ने पलटने व लोकगीतों से पता चलता है कि अकबर के समय में एक नौजवान क्रांतिकारी ने अकबर के विरुद्ध ही बगावत कर दी थी, जिसका नाम दूला भट्टी था।

उसका जन्म सैंडल बार( जिसे आज कल पिंडी भाटियां के नाम से जाना जाता है और पाकिस्तान में है) में वर्ष 1547 में हुआ था और उसके पिता व दादा को मुगल शासक ने मरवाया था इसीलिए दूला भट्टी ने मुगल शासक अकबर के विरुद्ध विद्रोह किया था, वैसे वह बड़ा ही नेक दिल, समाजसेवक राजपूत मुसलमान था। उस समय गरीबों की बहू-बेटियों पर धनिक व शासकों की बुरी नजरें रहती थीं, जिसके खिलाफ दूला भट्टी ने ही आवाज उठाते हुए शासक के विरुद्ध बगावत की थी। इतना ही नहीं उसने दो गरीब परिवार की लड़कियों सुंदरी व मुंदरी की शादी करवाकर बेटियों की तरह विदा किया था। तभी से सुंदर मुंदरिये, तेरा कौन विचारा हो,,,,, दूला भट्टी वाला हो, नामक लोक गीत लोहड़ी के साथ चला आ रहा है।

लोहड़ी लोक गीतों का गायन लोहड़ी से 15 व 20 दिन पूर्व ही बच्चों द्वारा घर-घर व दुकानों पर जाकर सुनाए जाने की रीत हैं, जिसके बदले में बच्चों द्वारा पैसे, लकड़ियां व उपले इकट्ठे करके लोहड़ी के दिन उन्हें जलाकर खुशी-खुशी लोहड़ी जलाई जाती हैं, क्योंकि इस दिन सूर्य देवता, अग्नि देवता और आदि शक्ति की पूजा की जाती है। इसीलिए अग्नि प्रज्वलित करने के पश्चात विधिवत रूप से लोहड़ी का पूजन करके अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली, गच्चक, तिल, गुड और भुनी मक्की के दाने डाले जाते हैं और फिर प्रदक्षिणा की जाती है, घर के बड़ों के चरण स्पर्श करके उनका आशीर्वाद शुभ माना जाता है, क्योंकि इस दिन से दिन बढ़ने शुरू हो जाते हैं, ठंडक घटने लगती है तथा राते घटने लगती हैं, इसी लिए पंजाब में लोहड़ी के दिन अग्नि में रेवड़ी व तिल का भोग डालते हुए बुजुर्गों द्वारा कहते सुने जा सकते हैं, 'तिल सढ़े, पाप झड़ेरातां निकियां, दिन वडे चढ़े।' अर्थात तिलहन जैसी सामग्री के जलने( आग में अर्पित )से पापों का नाश होता है, वहीं इस सब के साथ-साथ लोहड़ी से राते छोटी व दिन बड़े होने लगता हैं। देश में मनाए जाने वाले सभी तीज, त्योहार और पर्व आदि राष्ट्रीय एकता के ही प्रतीक हैं, जिनसे आपसी सौहार्द, मेल मिलाप व निकटता आती है, दूरियां कम होने लगती हैं और मन मुटाव खत्म हो जाते हैं। लोहड़ी का पर्व रूपी यह त्योहार भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ सभी जगह, अपने-अपने ढंग से मनाया जाता है और भिन्न-भिन्न नामों से पहचान रखता है, लेकिन फिर भी सांस्कृतिक व भाषा बोली की अनेकता में एकता की लौ नजर आ ही जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## चौहार और छोटा भंगाल घाटी में हुआ हिमपात, दुर्गम गांवों में ठंड का प्रकोप

# राजगुंधा में चार इंच बर्फ



**कम बर्फबारी से पर्यटक हो रहे मायूस**

**रूपी ठाकुर, बरोट।**

चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी में एक बार फिर से इस सर्दी के मौसम में हल्का हिमपात हुआ है। शनिवार दिन भर मौसम में काले बादल छाए रहे और देर रात को बारिश के साथ हुई बर्फबारी से दोनों घाटियों के दुर्गम गांवों में बर्फ की हल्की सी सफेद चदर बिछ गई है। दुर्गम गांवों में हिमपात होने से यहां ठंड का प्रकोप भी गया है।

दोनों घाटियों की पर्वतमालाओं धमसर पास, बकरक्याड़ा, राह द्रुण, ढूंढणी जोत, डैहणसर, लांघा जोत, पंजौंड़ धार आदि में इस सर्दी के मौसम का चौथी बार हिमपात हुआ है वहीं चौहार घाटी के मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़, बड़ी झरवाड़, कथ्याड़ू, रुलिंग, लच्छयाण, पंजौंड़, गढ़गांव आदि गांवों में लगभग एक इंच ताजा हिमपात हुआ है तथा छोटाभंगाल घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगुंधा में लगभग चार इंच बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है, जोकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को बरवस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है, जबकि घाटी के अन्य दुर्गम गांवों में आधा इंच से एक इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है, लेकिन उभरते पर्यटन स्थल बरोट में इस सर्दी के मौसम में अब तक भी नाम मात्र का ही हिमपात हुआ है। जिस कारण हिमपात को देखने के लिए बरोट आने वाले सभी पर्यटकों को निराशा ही हाथ लग रही है।(अनंत ज्ञान)

### सड़क मार्गों पर जमी बर्फ, बस रूट प्रभावित

बर्फबारी होने के बावजूद पेयजल, विद्युत तथा दूरसंचार व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू ही है मगर छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान-बड़ाग्रां सोलह किलोमीटर सड़क मार्ग तथा बरोट-मियोट लगभग नौ किलोमीटर सड़क मार्ग में बर्फ की शीशे जैसी जमीं बर्फ की कठोर पतली परत से फिसलने के डर के मारे रविवार को निचले क्षेत्रों से घाटियों में आने वाली सभी बसें बड़ा ग्रां बस ठहराव तथा मियोट बस ठहराव तक जाने जाने के बजाय लंबा डग तथा मुल्थान बस ठहराव तक ही आवाजाही करने को मजबूर रही। बेशक शनिवार को देर रात को बर्फवारी होने के बाद रविवार को आसमान में बादल छाए रहने के साथ सूर्यदेव के दर्शन भी होते रहे। मगर उसके बावजूद भी दोनों घाटियों में प्रचंड ठंड का प्रकोप कई दिनों से ही बरकरार चला हुआ है।

# हार नाला में जीप दुर्घटनाग्रस्त पांच लोग हुए घायल, केस दर्ज

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल रविवार को भराडू पंचायत के बडौण पुल के पास हार नाला में एक जीप दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सरिया, सीमेंट और लेबर को लेकर जा रही यह जीप हार नाला के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार सभी पांच लोगों को चोटें आई। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान भगवान दास (50) निवासी खैरा पालमपुर, शेर सिंह (41) निवासी हराबाग जोगिंद्रनगर, बदामी देवी (67) निवासी वार्ड-2 जोगिंद्रनगर, प्रकाश चंद (63) निवासी वार्ड-6 जोगिंद्रनगर, और किरण कुमारी (37) निवासी वार्ड-2 जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी पिकअप, चालक घायल



**लक्की, करसोग।** करसोग से केलोधार लिंक रोड के सानना गांव के पास एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा देर रात का है लेकिन सूचना रविवार सुबह उस समय मिली जब स्थानीय लोगों ने गाड़ी का देखा। प्रशासन के मुताबिक युवक नांज क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस जांच में जुट गई है। उधर, डीएसपी गौरव जीत सिंह ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल चालक को इलाज के लिए शिमला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है।(अनंत ज्ञान)

# धर्मपुर में सांसद खेल महाकुंभ शुरू

**रितेश, सरकाघाट**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर की अनूठी पहल सांसद खेल महाकुंभ चरण 3.0 के तहत रविवार को जिले की धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ चरण 3.0 का शुभारंभ स्व. देश राज शर्मा मेमोरियल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नौण के खेल मैदान में हुआ।

वॉलीबॉल के मैच के साथ सांसद खेल महाकुंभ 3.0 मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। महाकुंभ में पूर्व मंत्री, वर्तमान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रदेश ओलंपिक तथा वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर बतौर मुख्यातिथि, जबकि अमीर सिंह अर्जुन अवॉर्डी तथा रजत ठाकुर प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्यातिथि वीरेंद्र कंवर ने विधिवत इस खेल महाकुंभ 3.0 का आगाज किया, जिसमें दत्तवाड पंचायत की टीम और कुन पंचायत की टीम के बीच वॉलीबॉल का रोमांचक मुकाबला खेल गया, जिसमें कुन की टीम ने मैच जीत लिया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में आए हुए प्रतिभागी टीमों को इस महाकुंभ में भाग लेने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि हमारे



सांसद खेल महाकुंभ के शुभारंभ पर मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

### वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

सांसद अनुराग ठाकुर ने वर्ष 2018 में इस महाकुंभ की नींव रखी थी और उनके साथ किक्रेट जगत के सम्राट सचिन तेंदुलकर उनके साथ इस महाकुंभ में आए थे तब से यह महाकुंभ हर वर्ष आयोजित हो रहा है और यहां से लाखों खिलाड़ी निकले है और राष्ट्रीय स्तर पर चमके हैं।

आज युवा दिवस के मौके पर उन्होंने सभी युवा वर्ग को बधाई दी और खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकसित भारत बन रहा है।(अनंत ज्ञान)

### इस खेलकुंभ में 17 टीमों ने लिया भाग

**बता** दें कि किस इस सांसद खेल महाकुंभ में समूचे धर्मपुर मंडल से सत्रह टीमें भाग लेने पहुंची हैं जिनमें धर्मपुर, छत्रेण, सरस्कान, बारल, स्योह, सोहर, जायंट घनाला, संधोल, कून, ओल्ड गोल्ड सोहर, दत्तवाड, वीसी सोहर, सरौन, कोठुवां क्लब, कोठुवां ब्रदर्स तथा सोहर टाइगर्स की टीमें भाग रही हैं। अवसर पर पर संधोल पंचायत के प्रधान कुलदीप सिंह बीडीसी प्रवीण कुमार, ग्वेला पंचायत प्रधान पंकज कुमार, पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मांढोत्र, जिला किसान मोर्चा के सचिव एसके भंडारी, सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल खेम चंद माढोत्रा, मंडलाध्यक्ष धर्मपुर लेखराज, मंडलाध्यक्ष टिहरा विनोद कुमार, उप प्रधान गद्दीधार राकेश कुमार, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष एवं पूर्व संधोल पंचायत प्रधान कुमकुम, पूर्व नेरी पंचायत प्रधान अंजना कुमारी इत्यादि मौजूद रही।

## न्यूज ब्रीफ

### घर-घर लोहड़ी मांग रहे बच्चों की टोलियां





**भीम बसेड़ू, महादेव।** लोहड़ी पर्व नजदीक आने पर हर वर्ष की भांति इस बार भी हक से लोहड़ी मांगने के लिए बच्चों की टोलियां घर -घर जाकर प्यार से लोहड़ी गीत गा रहे हैं। ग्राम पंचायत महादेव व सटे शहरी क्षेत्र सुंदरनगर, बीबीएमबी कालोनी आदि में लोहड़ी पर्व को लेकर शाम के वक्त भारी उत्साह देखने को मिल रहा है; बच्चे देर शाम तक यानि रात के अंधेरे में भी खुशी-खुशी बाजार आदि क्षेत्र में गंतव्य का प्रवेश शोरगुल से कर रहे हैं ताकि लोहड़ी खाली-खाली न लगे और लोगों को मालूम पड़ जाए कि लोहड़ी मांगने वाले आ जा रहे हैं। ठंड की परवाह किए बिना बच्चे परंपरानुसार घर-दूकान में लोहड़ी मांग रहे हैं।

### डीपीएस धर्मपुर में सालाना समारोह की धूम




**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर मुख्यालय में संचालित डीपीएस धर्मपुर में वार्षिक समारोह की धूम रही। इस समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति कर्नल रूपचंद व सेवानिवृत शास्त्री हरिनंद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि को टॉफी शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी बीच विद्यालय प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालकर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत कर्नल रूप सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है और गुरु बच्चों के भविष्य बनाने में भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता और गुरुजनों का हमेशा सम्मान करें। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथि द्वारा स्कूली बच्चों को मोमेंटो से सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावक स्कूली बच्चे स्टाफ मौजूद रहे।

### 100 मीटर दौड़ में अंचल की सुष्मिता प्रथम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एकल अभियान के माध्यम से सम्भाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंचल मंडी से 10 लड़के व 12 लड़कियों ने हमीरपुर टिक्कर में भाग लिया। अंचल मंडी से खिलाड़ी की टीम हमीरपुर के लिए रवाना हुई थी, सभी खिलाड़ी दमखम के साथ खेले। 100 मीटर दौड़ में अंचल की सुष्मिता ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंचल मंडी के अभियान प्रमुख रामलाल ने सभी बच्चों को बधाई दी। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रयास किया। मंडी अंचल में 300 गांव में एकल अभियान का कार्य चला है इसमें 17 कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। कार्यकर्ता ईमानदारी और परिश्रम करके ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों का चयन करते हैं। अभ्युदय यूथ क्लब बैनर तले यह कार्यक्रम होता है। यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर, संच स्तर पर, अंचल स्तर पर और संभाग स्तर पर होता है। संभाग स्तरीय कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के किसी भी जिले में होता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम हमीरपुर जिला के टिप्पर में रहा। ऐसे कार्यक्रम को सफल करने में ग्राम समिति, संच समिति, अंचल समिति व बच्चों के अभिभावक का पूर्ण सहयोग रहता है।

# गोपाल शर्मा सरकार के संकटमोचन सिद्ध हुए : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के ओएसडी गोपाल शर्मा सरकार के संकटमोचक सिद्ध हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब से गोपाल शर्मा ओएसडी बने हैं तब से लोअर हिमाचल, अप्पर हिमाचल और सभी धर्मों व सभी जातियों के लोगों के कामों को बराबर तब्बजों देते हैं और शासन और प्रशासन से बराबर तालमेल रखते हुए आम आदमी को न्याय दिलाते हैं। चमन राही ने कहा कि जब जब सरकार के ऊपर संकट आया तो इन्होंने बतौर अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गोपाल शर्मा ने प्रदेशभर के कई



मुख्यमंत्री के चित्र वाली सामान्य ज्ञान की पुस्तिका भी भेंट करते हुए चमन।

जिलों में अपनी सेवाएं दी हैं और वहां कमजोर तबके के लोगों दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाया है। चमन राही ने कहा कि ओएसडी गोपाल शर्मा आईएएस को उनके कार्यालय शिमला में लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।

वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री के चित्र वाली सामान्य ज्ञान की पुस्तिका भी भेंट की।

चमन राही, सन्नी ईप्पन, सद्दीक मोहम्मद, शोएब अख्तर, सरदार कुलवंत सिंह, प्रजापति कुंभकार सभा के प्रदेशाध्यक्ष हरिचंद गोयल, पिछड़ा वर्ग के संयोजक कर्मसिंह सैनी, बल्ह सुधार सभा के अध्यक्ष यशवंत गुलेरिया व अन्य समाज के स्वयं सेवी संगठनों के प्रमुखों ने सरकार से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्वों पर जनहित में सम्मानित किया जाए। चमन राही ने कहा कि हालांकि जयराम सरकार में भी ओएसडी रहे, लेकिन वे विशेष धर्म और जाति के लोगों का ही काम करते थे। राजनीतिक बदले की भावना से काम करते थे।

### विश्वकर्मा मंदिर के सामने से युवक का बैग गायब

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के थनेहड़ा मुहल्ला निवासी अंशुल का पिट्ठू व हैंड बैग उस समय गायब हो गया, जब वह रविवार सुबह अपने कार मंडी के विश्वकर्मा मंदिर के सामने खड़ी करके उसमें घर से लाकर सामान डाल रहा था।

अंशुल के अनुसार मंदिर के सामने कार खड़ी की और घर से जरूरी सामान लाने चला गया, कुछ देर वापस लौटा तो हैंड बैग गायब था। इस बैग में सकी दो हार्ड डिस्क, पर्स, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम, सैंट्रल बैंक की एटीएम, डॉटा केबल व मारूति सुजकी व स्टेयरिंग लॉक के अलावा नकदी भी थी सब चला गया। इस बारे पता चले तो वह 70186 28051 पर सूचित कर दे ।

# महिलाओं और युवाओं को भी साथ जोड़ेगी राजपूत सभा



श्री राजपूत सभा की बैठक में आए पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

श्री राजपूत सभा मंडी की बैठक जो अमर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में हुई में निर्णय लिया गया कि वह अपने कार्यों में अब महिलाओं व युवाओं को भी अधिक से अधिक जोड़ेगी ताकि समाज से नशे व अन्य बुराईयों को खत्म करने के लिए चलाया जा रहा अभियान और मजबूत हो सके।

इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए रणजीत सिंह ने बताया कि इस बैठक में जिला भर की इकाईयों से आए प्रधान व सचिव शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से युवाओं व महिलाओं को साथ जोड़ने का निर्णय लिया गया तथा राजपूत भवन के विस्तार हेतु एक निर्माण कमेटी का गठन भी किया गया। इस दौरान ध्यान सिंह, सूरत सिंह गुलेरिया, डॉ जीवा नंद चौहान, रविंद्र गुलेरिया, खेम सिंह, सेन, कृष्ण सिंह, तांबर सिंह व प्रीतम सिंह पठानिया आदि मौजूद रहे।

# जड़ी बूटियों की खेती से सुधरेगी किसानों की आर्थिकी

**अनंत ज्ञान, बरोट**

जिला मंडी की चौहार घाटी व जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल में खेतीबाड़ी के साथ जड़ी बूटियों पर आधारित खेतीबाड़ी करने की बहुत संभावना है। दोनों क्षेत्रों की ऊंची पहाड़ियों में प्राकृतिक तौर से उगने वाली पतीश, मुश्कवाला, कड़ू, रखाला, नाग छतरी सहित कई प्रकार की जड़ी-बूटियां भारी मात्रा में पाई जाती हैं।

छोटाभंगाल के जसवंत सिंह, प्यार चंद, दर्शन कुमार, मान सिंह, विद्यासागर, उत्तम चंद, रूप लाल तथा चौहार घाटी के सुंदर सिंह, रागी राम, प्रेम सिंह, ज्ञान चंद व सुरेश कुमार कहना है कि जड़ी - बूटियों की खेती करने से एक तो जंगली जानवर इन फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाते और इनकी खेती करने से किसानों की सही पैदावार होने पर अच्छे दाम भी मिलेंगे।

अगर सरकार यहां के किसानों को जड़ी-बूटी पर आधारित खेती करने की ओर प्रेरित करती है तो यहां के किसान अपनी बंजर पड़ी उपजाऊ जमीन में जड़ी-बूटी की खेती कर लाखों कमा सकते हैं।

# विद्युत कर्मियों के पद खाली होने से बरोट में व्यवस्था चरमराई

**अनंत ज्ञान, बरोट**

विद्युत विभाग के विद्युत उपमंडल बरोट के अधीन आने वाले लगभग सभी सेक्शनों में विद्युत कर्मियों के विभिन्न पद खाली चले हुए हैं।

बरोट सेक्शन में फोरमैन का एक, लाइनमेन के तीन, सुधार व लोहारडी सेक्शन में एएलएम के दो, टी मेट के सात पद खाली चले हुए हैं, जिसमें सुधार में एक, टिक्कन में एक, बरोट में तीन, लोहारडी में एक तथा दयोट में भी एक, बरोट सेक्शन में कनिष्ठ अभियंता का एक पद खाली होने से विद्युत उपमंडल बरोट की व्यवस्था ही पूरी तरह चरमरा गई है। गौरतलब है कि हर एक सेक्शन को सही रूप से चलाने के लिए तीन टी मेट, तीन एएलएम, एक फोरमेन तथा एक कनिष्ठ अभियंता का तैनात रहना अति अनिवार्य होता है।

चौहार घाटी तथा छोटाभगाल दोनों क्षेत्रों में विकट परिस्थिति और खासकर बरसात तथा सर्दी के मौसम में भारी वर्षा व बर्फवारी होने के कारण भूस्खलन से खंभे ढह जाने तथा तारें टूटने की समस्या सामने आती है।

कर्मचारियों के पद खाली चलने से चंद एक कर्मचारियों को बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को बहाल करने में भारी परेशानी का सामना करने के साथ कई दिन लग जाते हैं।

### खराबी ठीक करने में लगते हैं कई घंटें

**खलैहल** पंचायत के प्रधान भागमल, बरोट पंचायत के पूर्व उपप्रधान श्याम सिंह, लपास पंचायत के पूर्व उपप्रधान भोखी राम, वरधान पंचायत की पूर्व प्रधान गंगी देवी सहित आदि ने कहा कि ट्रांसफार्मर में तकनिकी खराबी आ जाती है तो विद्युत आपूर्ति को चालू करने के लिए घंटों लग जाते हैं। बरोट पंचायत के गांववासियों का कहना है कि रविवार को उनके पूरे गांव में ही सुबह से लेकर दिनभर विद्युत आपर्ति बिलकुल ठप हो गई है उनका कहना है कि गांव में लगभग एक सप्ताह से ही दिन व रात को घंटों तक विद्युत आपूर्ति बंद हो रही है।

### कर्मियों के पद खाली होने से आ रही समस्या

**इस** बारे में विद्युत उपमंडल बरोट में कार्यकारी सहायक अभियंता राहुल ठाकुर का कहना है कि यहां पर विद्युत कर्मियों के पद खाली चलने के कारण यह समस्या पैदा हो रही है उन्होंने भी सरकार तथा विभाग के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है इन दुर्गम घाटियों के लोगों की बेहतर सुविधा के लिए विद्युत उपमंडल बरोट में खाली पड़े विभिन्न पदों को तुरंत ही भरा जाना बेहद अनिवार्य है।

# अच्छी शिक्षा से होता है राष्ट्र निर्माण : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

गुणवत्ता वाली शिक्षा से विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है। किस देश में छात्रों को कैसी शिक्षा मिल रही है तथा भविष्य उसे शिक्षा के क्या परिणाम आने वाले हैं इसके बारे में पहले ही मंथन करना पड़ता है।

सेवा भारती हिमाचल प्रदेश विवेकानंद छात्रावास के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि आए डीएवी के प्रिंसिपल कुलदीप गुलेरिया ने शब्द बच्चों व आमजन को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज विश्व को अनुशासित, संस्कारित युक्त गुणवत्ता वाली शिक्षा की



सेवा भारती हिमाचल प्रदेश विवेकानंद छात्रावास के वार्षिक उत्सव का दृश्य।

आवश्यकता है जो मात्र गुरुकुल में ही मिल सकती है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो कल्पना की थी आज वह सार्थक साबित हो रही है। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्र प्रकाश ने बौद्धिक प्रदान करते कहा की जिस देश की संस्कृति सुदृढ़ है वह देश विश्व में सबसे शक्तिशाली है।

छात्रावास की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए समिति के अध्यक्ष खेमचंद शास्त्री ने कहा कि छात्रावास में 2013 से लेकर अब तक 105 विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात राष्ट्र निर्माण में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व गणमान्य प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

### दो चरस आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस द्वारा 495 ग्राम चरस के साथ संदीप कुमार और 242 ग्राम चरस के साथ अर्पित कुमार को काबू किया था जिन्हें रविवार को अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने संदीप कुमार को दो दिन और अर्पित को तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सुंदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रविवार को दोनों को अदालत में पेश करने पर पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# उमेश बने वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी सदर इकाई के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी सदर इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष आर एस राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रेस सचिव ध्रुव मल्होत्रा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी के नेतृत्व में राज्य कार्यकारिणी के गठन और इस दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की गई। सदर इकाई के कार्यकारिणी का चुनावों में सर्वसम्मिति से उमेश शर्मा प्रधान और रंजीत राणा को सचिव तथा के के राणा को उपाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बाकी कार्यकारणी के पदाधिकारी पिछली कार्यकारिणी के ही होंगे। सभा में घनश्याम सेन, शमशेर मन्हास, तेज सिंह गुप्ता, अमर सिंह गुलेरिया, डॉ जीवानंद, डॉ केसी मल्होत्रा, योगेश्वरी देवी, तथा दिलीप आदि मौजूद रहे।

## प्रोत्साहन

## पदक विजेता खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि का खेल जगत ने किया स्वागत

# रजत पदक विजेता अजय 2.50 करोड़ की पुरस्कार राशि से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि कर राज्य सरकार ने इनका उत्साहवर्द्धन करने का साथ ही मान-सम्मान भी बढ़ाया है। खेल जगत ने सरकार के इस फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है।

पैरा खेल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर एथलेटिक्स में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले मंडी जिला के अजय कुमार को उनकी उपलब्धियों के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष सम्मान दिया गया है । रजत पदक विजेता अजय को प्रदेश सरकार ने 2.50 करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है।

वर्ष 2023 में चीन में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में अजय कुमार ने रजत पदक जीता है। राज्य सरकार ने पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है ताकि खिलाड़ी प्रोत्साहित हों और अधिक से अधिक युवा खेलों के साथ जुड़ सकें।



### पैर खोया जोश नहीं

**अजय** कुमार का जन्म 28 जुलाई, 1990 को जिला मंडी के नगवाई में चुन्नी लाल के घर हुआ। बचपन से ही दिल में देश सेवा का सपना देखते हुए अजय 2010 में भारतीय सेना में भर्ती हुए। जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र में तैनाती के दौरान 14 नवंबर, 2017 को एक आर्मी ऑपरेशन में दुश्मनों से लोहा लेते हुए उन्होंने अपना बायां पैर खो दिया। इसके बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई, मगर अजय ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। पैर खो जाने के बावजूद उन्होंने कभी भी अपना जोश खोने नहीं दिया।

### पैरा खेलों के प्रति तैयारी

पैरा खेलों की दुनिया से अजय का परिचय वर्ष 2018 में तब हुआ, जब उनके किसी परिचित ने उन्हें हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसो. के संस्थापक और महासचिव ललित ठाकुर से मिलवाया। ललित ने उन्हें पैरा खेलों के प्रति प्रेरित किया। अजय को दौड़ने का शौक था। उन्होंने कृत्रिम जांघ से चलने और फिर दौड़ने का अभ्यास शुरू किया। पैरालंपिक खेलों की तैयारियों के लिए वे नियमित रूप से अभ्यास सत्रों में जाने लगे।

### जीते कई पदक

अजय ने पैरा-एथलेटिक्स खेलों में जैसे दौड़, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो आदि में प्रशिक्षण शुरू किया। उनके कोच और परिवार ने उनकी कड़ी मेहनत में साथ दिया। उन्होंने अपना हुनर निखारना शुरू किया और वर्ष 2021 में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की पैरा चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और पैरा नेशनल खेलों में 6 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते। कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बूते उन्होंने वर्ष 2023 पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व कर एथलेटिक्स में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

# आकांक्षा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चमकाया नाम

**रितेश, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश पच्चीसी खेल संघ द्वारा सुंदरनगर में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल सस्तरांग के अध्यक्ष वह पच्चीसी खेल संघ के मुख्य सलाहकार बीसी थापा ने किया।

यह प्रतियोगिता 2 दिन तक चली इस प्रतियोगिता में 10 राज्यों के 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें हिमाचल प्रदेश की दो खिलाड़ी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का नाम चमकाया जिसमें आकांक्षा ठाकुर पुत्री चंचल सिंह ठाकुर गांव लुधियाना कोठी धरमपुर जिला मंडी ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया व तनीषा चौधरी पुत्री विजय कुमार चौधरी




गणमान्यों के साथ खिलाड़ी।

गांव डडोह सुंदर नगर हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

यह हिमाचल प्रदेश के लिए बड़े गर्व का विषय है कि इन दोनों बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश 25 सीजन के अध्यक्ष संजय कुमार उपाध्यक्ष को कोषाध्यक्ष बृजलाल चौहान, महासचिव राम सिंह चौहान, सह सचिव अमित चंद, आयोजन सचिव संजय कुमार, कानूनी सलाहकार आशीष शर्मा, दिल्ली के महासचिव मनोज कुमार, पंजाब के महासचिव मनदीप, उत्तर प्रदेश की महासचिव आशा तथा गोवा के महासचिव आकाश भी मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पालकवाह पंचायत घर के 3 कमरे राख



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस थाना हरोली में सूचना मिली कि पालकवाह में पंचायत घर में त्रैमासिक बैठक थी। इस दौरान एक कमरे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी की साथ में अन्य दो कमरों में भी उसकी पहुंच आसानी से हो गई, जिस कारण पूरा पंचायत घर जलकर राख हो गया, जिसके अंदर फ्रिज, एसी, अलमारी, और इंडक्शन सहित अन्य सरकारी मशीनरी सब जलकर राख हो गई । प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक लगभग 12 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सौभाग्य वश, किसी भी व्यक्ति को या किसी की जान को नुकसान न पहुंचा है। पुलिस ने दमकल विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर मौका का मुआयना कर लिया है तथा नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### टटेहरा गांव में लगाया रक्तदान शिविर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** नेहरू युवा केंद्र ऊना के सौजन्य से गगरेट के गांव ओएल टटेहरा में टटेहरा कृषि सेवा सहकारी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव टटेहडा और गगरेट क्षेत्र के 25 युवाओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिवर में कृष्णा क्लब के युवाओं और सद्स्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुऐ कहा कि समाज में बढ़ रही दुर्घटनाओं के कारण खून प्राप्त न होने के कारण बहुत से मरीज अपनी जिंदगी खो बैठते हैं। रक्तदान करने ऐसे जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। रक्तदान एक ईश्वरीय कार्य से कम नहीं है। इस मौका पर गगरेट नागरिक अस्पताल से डॉ. सुजाता सहित ब्लड बैंक ऊना से टीम नीलम कुमारी के नेतृत्व में मौजूद रही। गांव के गणमान्य व्यक्तियों में उपप्रधान अनिल कुमार, तरसेम सिंह पीएसएम टटेहड़ा, कृषि सेवा सहकारी सचिव अजय कुमार, पवन धीमान राज्य कर एवं आबकारी विभाग आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय कृष्णा क्लब के प्रधान एवं नेहरू युवा केंद्र ऊना गगरेट खंड के स्वयंसेवक रजत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### भैरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, अंब।** भैरा में आयोजित युवक मंडल के क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस राघव ठाकुर ने किया। इस मौके पर उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए टूर्नामेंट के आयोजन की सराहना की और क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियों पर भी चर्चा की। राघव ठाकुर ने टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान कॉमेडी सदस्य बलबीर पूनी, आदर्श ढिल्लों, अमन ढिल्लों, पंकू, गोविंदा, सैंडी, राहुल ढिल्लों, जस्सी पूनी और नरिंदर समेत कई सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में गलुआ और नंगल खुर्द के बीच खेले गए मैच में गलुआ ने 4 ओवर में 40 रन बनाए, जबकि नंगल खुर्द ने 3.4 ओवर में 41 रन बनाकर मैच जीत लिया। यह मुकाबला रोमांचक और उत्साह से भरपूर रहा। राघव ठाकुर ने इस अवसर पर युवक मंडल को 11,000 रुपए का योगदान भी दिया, जिससे आयोजकों को टूर्नामेंट के आयोजन में मदद मिली। राघव ठाकुर ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन करते हैं और उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। इस उद्घाटन समारोह के बाद टूर्नामेंट में खेल की भावना और प्रतिस्पर्धा को लेकर जोश देखा गया और स्थानीय समुदाय में इस खेल आयोजन को लेकर उत्साह और समर्थन बढ़ा है।

# वर्ष में तीन बार लगेगा कुटलैहड़ में रोजगार मेला : विवेक

## कुटलैहड़ में 174 युवाओं ने करवाया पंजीकरण, लघु उद्योग और सरकार के सौजन्य से लगाए मेले में युवाओं ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा में लगे रोजगार मेले में उपस्थित विधायक विवेक व अन्य गणमान्य।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा के खंड विकास बंगाणा में लघु उद्योग के सौजन्य से आयोजित रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का केंद्र बनेगा। घर-द्वार युवाओं को रोजगार के साधन पैदा करने का हमने युवाओं से वादा किया था। आज उस वादे को पूरा करते हुए हमने बंगाणा मुख्यालय पर युवाओं के लिए रोजगार मेला लगाया है।

लघु उद्योग एवं सरकार के सौजन्य से बंगाणा में रोजगार मेले के उद्घाटन मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत की और युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों, संस्थानों और सरकारी विभागों ने भाग लिया और युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसरों की जानकारी दी। रोजगार मेले के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और कौशल है। जरूरत है, तो उन्हें सही दिशा और अवसर प्रदान करने की। यह रोजगार मेला युवाओं को उनके सपनों को साकार करने और अपने कौशल का उपयोग करने का मंच प्रदान करेगा। विवेक शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम रोजगार योजनाओं और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हर युवा को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर न रहें, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनाएं। विधायक विवेक शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना' और 'स्टार्टअप योजना' जैसी पहले युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार सरकार कौशल विकास केंद्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सक्षम बना रही है। विधायक ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि युवाओं को उस मार्ग पर अग्रसर करना है, जहां वे खुद रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकें। आज का समय स्टार्टअप्स और उद्यमिता का है, और हिमाचल के युवा इस क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

बंगाणा में लगे रोजगार मेले में देश और राज्य की कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। सैकड़ों युवाओं ने यहां अपनी योग्यता और कौशल का प्रदर्शन किया। कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्रों में भर्ती के लिए इंटरव्यू लिए और कुछ को मौके पर ही चयनित किया गया। विभिन्न निजी और सरकारी कंपनियों ने तकनीकी, गैर-तकनीकी और प्रशासनिक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। युवाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उद्यमिता में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए विशेषज्ञों ने सलाह दी।

युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। बंगाणा के रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और 174 युवाओं ने नौकरी के लिए विभिन्न कंपनियों के लिए पंजीकरण करवाया। युवाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें इससे नई प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला है। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के मेले न केवल रोजगार प्रदान करते हैं, बल्कि उनके कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि स्वयं सहायता समूह जो घरेलू सामान जैसे आचार एवं घर पर बनाए गए आधुनिक सामान को रखने के लिए छोटे स्तर पर खंड विकास भवन में दुकान उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे स्वयं सहायता समूह घर बनाए गए सामान को हर दिन दुकान पर लाकर बेच सकें और अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकें। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वासन दिया कि वर्ष में तीन बार बंगाणा में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार युवाओं को प्रशिक्षित करने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा हमारी सरकार का उद्देश्य हर युवा को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। यह रोजगार मेला केवल एक शुरुआत है, आने वाले समय में और भी बड़े स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को उनके सपनों को साकार करने में मदद मिले। बंगाणा रोजगार मेला वास्तव में युवाओं के लिए एक नया अध्याय साबित हुआ।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा, लघु उद्योग संघ के उपाध्यक्ष रनेश राणा, कांग्रेस प्रदेश सचिव देसराज मोदगिल, रोजगार मेले के संयोजक जोगेंद्र देव आर्य, कार्यकारी उपमंडलाधिकारी अमित कुमार, एसीईओ विद्युत थानाकलां योगराज कौशल, खंड विकास अधिकारी सुशील, जेई सचिन शर्मा, बद्दी वर्धमान कंपनी, फार्मा उद्योग एवं अन्य एक दर्जन कंपनियों के प्रबंधक, सुदेश शर्मा, अजय शर्मा, महिंद्र सिंह, राजकुमार, राजेश ठाकुर, सुनील कुमार, राजेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अमित भारद्वाज के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर ऐतिहासिक धरोहरों में की सफाई



बंगाणा के प्राचीन किले पर पहुंचे कुटलैहड़ वेलफेयर सोसायटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और भाजयुमो के दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वच्छता और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किलों में एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया।

यह अभियान भाजपा नेता और दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक भी शामिल हुए। अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक किलों की स्वच्छता सुनिश्चित करना और उनके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। भाजपा नेता भुट्टो ने कार्यक्रम में पहले स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनका संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत' आज भी हर व्यक्ति को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहा कि भारत की धरोहरें न केवल हमारी पहचान हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी हैं। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने ऐतिहासिक किलों की सफाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये किले हमारे गौरवशाली इतिहास के साक्षी हैं। इन धरोहरों को स्वच्छ और संरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत इस प्रयास से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश की संस्कृति और इतिहास को भी संरक्षित किया जा सकेगा। इस अभियान के तहत स्थानीय किलों में सफाई कार्य किया गया, जिसमें कचरा हटाने, साफ करना, तथा आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल था।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्वयंसेवकों को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया और यह भी समझाया गया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना कचरे का निपटान कैसे किया जा सकता है। अभियान के दौरान नागरिकों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली और किलों की देखभाल करने का संकल्प लिया। भाजपा नेता भुट्टो ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम को स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरित बताया गया। भुट्टो ने कहा कि स्वामी जी ने हमेशा समाज की भलाई और युवा शक्ति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उनके इन्हीं विचारों को आत्मसात करते हुए भाजपा और स्वयंसेवकों ने यह पहल की है।

ऊना में भी भाजपा की ओर से एक कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ऊना के रोटरी चौंक पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सचिव विनय शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे ।

### मंच युवाओं को नशे से बचाएगा

**अनंत ज्ञान, अंब।** राष्ट्रीय सनातन धर्म रक्षा मंच मंडल चिंतपूर्णी की मीटिंग मंच के मंडल अध्यक्ष प्रभात सिंह जम्वाल की अध्यक्षता में अंबेडकर भवन में सम्पन्न हुई। इसमें हिमाचल के प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा और जिला ऊना के उपाध्यक्ष जरनैल सिंह विषेश तौर पर उपस्थित हुए। मंच की ओर से चर्चा की गई मंच धार्मिक स्थलों, गोमाता की रक्षा व हिंदू समाज के कल्याण के लिए सरकार व प्रशासन से मिल कर कार्य करेगा।

मंच युवाओं को नशे की आदत से छुटकारा दिलाने का प्रयास करेगा। इस मीटिंग में मंच के महासचिव मोहन लाल दत्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष पीडी शर्मा, अश्विनी राणा, सचिव सुरजीत सिंह लंबरदार, सुमनेश शर्मा, प्रदीप डडवाल आदि उपस्थित थे।

# डोहगी को हराकर जसाना की टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में, अब सरोह से भिड़ेगी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



खिलाड़ियों और आयोजकों के साथ रुमेल कुमार।

उपमंडल बंगाणा के हटली में आयोजित संसद खेल महाकुंभ में शिव राम जन कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राम नाटक क्लब हटली के मुख्य संरक्षक एवं कुटलैहड़ के वरिष्ठ समाजसेवी रुमेल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रुमेल कुमार ने कहा कि खेल न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह हमारे मानसिक विकास और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। खेल जीवन जीने की एक शैली है, जो हमें कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का जज्बा सिखाती है। युवा पीढ़ी को खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि यह आपके चरित्र और आत्मविश्वास का निर्माण करता है।

बंगाणा के हटली में चल रहे सांसद खेल महाकुंभ में बॉलीबाल प्रतियोगिता में जसाना ओर डोहगी का मैच हुआ, जिसमें जसाना विजेता रहा, हटली और डीहर के बीच मैच में हटली विजेता बना, पीपलू हटली मारोट में पीपलू विजेता, डठवाड़ा बनाम हटवाना में हटवाना विजेता, हटली बी मुच्छाली में हटली बी विजेता, सरोह चताढा में सरोह विजेता रहा है। अब विजेता टीमों में सेमीफाइनल के लिए भिड़ंत होगी।

# बंगाणा लोहड़ी उत्सव में धीरज शर्मा मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के कार्यवाहक उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा अमित कुमार ने बताया कि उपमंडल बंगाणा में लोहड़ी उत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रख्यात गायक धीरज शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।



उनके द्वारा गाए गए पारंपरिक और आधुनिक गीतों ने माहौल को और भी अधिक रंगीन बना दिया जाएगा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भी कार्यक्रम में मुख्यातिथि शिरकत करके सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं देंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का काम करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यवाहक उपमंडलाधिकारी अमित कुमार ने अपने संबोधन में लोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

उन्होंने कहा कि बंगाणा लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों के बीच उत्सव क्षेत्रवासियों को एकजुट करने का संदेश देने पर बल देगा।







**आयोजन** सेवन स्ट्राइकर ए को दो-शून्य से शिकस्त देकर जीते 51000 और ट्रॉफी

# आरएफसी अंबोटा ने जमाया स्टार फुटबाल ट्रॉफी पर कब्जा

**सन्नी पुरी, गगरेट**



स्टार फुटबॉल ट्रॉफी की विजेता टीम मुख्यातिथि से ट्रॉफी हासिल करते हुए।

बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर आरएफसी अंबोटा क्लब ने सेवन स्ट्राइकर ए को दो-शून्य से शिकस्त देकर ऊना जिले की प्रतिष्ठित स्टार फुटबाल ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। स्टार फुटबाल ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में आरएफसी क्लब के फारवर्ड खिलाड़ी वीरेंद्र दो गोल दाग कर अपनी टीम को जीत की तरफ ले गए।

हालांकि सेवन स्ट्राइकर ए ने भी मैच में वापसी करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। स्टार फुटबाल ट्रॉफी के समापन अवसर पर एडवांस बाल्व के सीओओ वेद गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार व ट्राफी से सम्मानित किया। इससे पहले टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला सेवन स्ट्राइकर ए व फुटबाल क्लब मवा कहोलां के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने गजब के खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि दोनों टीमें गोल दागने के लिए कई प्रयास करती रहीं लेकिन दोनों टीमों का हर प्रयास ही विफल रहा। इसके चलते मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ। इसमें किस्मत ने भी सेवन स्ट्राइकर ए का साथ दिया। पहले पांच-पांच मिले पेनल्टी शूटआउट बराबरी पर रहे लेकिन सडन डेथ में सेवन स्ट्राइकर फाइनल में जगह पक्की करने में कामयाब रही।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आरएफसी क्लब अंबोटा व बेल्को क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मैच के पहले ही हाफ में आएफसी क्लब ने एक गोल दागकर बेल्को क्लब के ऊपर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। इसके बाद बुलंद हौसले के साथ खेल में उतरे आरएफसी क्लब ने तीन-शून्य से मैच जीतकर फाइनल के लिए टिकट पक्का किया।

फाइनल मुकाबले में आरएफसी अंबोटा के फारवर्ड खिलाड़ी वीरेंद्र ने मैच के पहले ही हाफ में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में भी वीरेंद्र ने गजब का खेल दिखाते हुए शानदार गोल के साथ अपनी टीम को दो-शून्य से अजय बढ़त दिला दी। आरएफसी क्लब के हर डिपार्टमेंट द्वारा दिखाए गए बेहतर खेल का कोई भी तोड़ सेवन स्ट्राइकर के पास न होने के चलते आरएफसी स्टार फुटबाल ट्रॉफी की विजेता टीम बनी। आरएफसी क्लब को विजेता बनने पर एडवांस बाल्व के सीओओ वेद गोयल ने 51 हजार रुपए के नकद पुरस्कार व ट्रॉफी और उपविजेता सेवन स्ट्राइकर ए को 41 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में विशेष रूप से मथुरा से आए एमएल गोयल ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।

वहीं, अंडर 17 के मुकाबले में विजेता का खिताब वाईएफसी खड्ड के नाम रहा। वाईएफसी खड्ड की टीम ने तीन-शून्य से मैच जीतकर अंडर 17 का खिताब अपने नाम किया।

इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में उपमंडल औद्योगिक संघ के महासचिव सुरेश शर्मा, समाजसेवी विश्वजीत सिंह पटियाल व मानव परींदे के रूप में विख्यात विपुल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, लाल चंद** (61) पुत्र श्री गिलु गांव व डाकघर धुसाड़ा, तहसील अंब, जिला ऊना हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा रिंकू पुत्र लाल चंद और उसकी पत्नी प्रियंका व उनकी बेटी मेरे कहने से बाहर हैं। इसलिए मैं लाल चंद अपने बेटे रिंकू और उसकी पत्नी व उनकी बेटी को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। संबंधित नोट करें।

# बर्फबारी का दौर जारी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में रविवार को दूसरे दिन भी बर्फबारी व हल्की बारिश का दौर जारी रहा। रविवार को लाहौल के रिहायशी इलाकों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, बर्फबारी से नेशनल हाईवे तीन मनाली-केलांग के बीच आवाजाही बंद हो गई है।

बर्फबारी के बाद लाहौल में केलांग-दारचा, केलांग से अटल टनल, तांदी से उदयपुर के बीच सिर्फ फोर बाई फोर वाहन ही दौड़ रहे हैं। लाहौल में भी बसों के पहिये थम गए हैं। स्पीति घाटी में भी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, कुल्लू में खौली और शरची में एचआरटीसी की बसें फंस गई हैं। रविवार सुबह चार बजे लाहौल व कुल्लू के ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। दर्रों सहित अटल टनल, धुंधी, गुलाबा, सोलंग नाला, फातरु, अंजनी महादेव, कोठी, गुलाबा व हामटा में बर्फबारी हुई, जबकि ग्रामीण क्षेत्र सोलंग, कोठी, पलचान, कुलंग व मझाच में बर्फ के फाहे गिरे। रविवार दोपहर बाद हालांकि कुल्लू जिले में धूप खिली, लेकिन दोपहर तीन बजे बाद फिर से बादलों ने डेरा डाल दिया।

कुल्लू में शाम के समय हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया। वहीं, लाहौल-स्पीति में बर्फबारी होने से सामान्य वाहनों की आवाजाही बंद रही, लेकिन केलांग मनाली, केलांग दारचा व केलांग उदयपुर मार्ग में फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही जारी रही। जिला पुलिस ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से अपील की है कि मौसम के इस बदलाव को देखते हुए, आपातकालीन स्थिति को छोड़कर अनावश्यक यात्रा से बचें। बर्फबारी और सड़क पर बर्फ जमने के कारण यात्रा करना खतरनाक हो सकता है, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि फोर बाई फोर वाहनों के लिए सभी सड़कें बहाल हैं। (अनंत ज्ञान)



### फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल पहुंचे पर्यटक

**अटल** टनल की ओर बर्फबारी होता देख मनाली प्रशासन ने रविवार सुबह सात से 11 बजे तक सभी वाहनों को सोलंग में रोक दिया। 11 बजे के बाद हालात सामान्य हुए, तो प्रशासन ने फोर बाई फोर वाहनो को सोलंग नाला से आगे जाने की अनुमति दी। हालांकि अधिकतर पर्यटकों ने सोलंग नाला, फातरु, धुंधी, अंजनी महादेव व कोठी में ही बर्फ के फाहों का आनंद लिया, लेकिन कुछ एक पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग सहित हामटा पर्यटन स्थल भी जा पहुंचे। रविवार को पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले सभी पर्यटकों ने ताजा बर्फबारी का आनंद उठाया। उन्होंने सोलंग नाला से लेकर अटल-टनल तक जगह-जगह बर्फ की खेलों का भी आनंद उठाया। मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि सुबह हिमपात होता देख सभी पर्यटकों को सोलंगनाला में रोक दिया। 11 बजे हालात सामान्य होने पर फोर बाई फोर वाहनों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति दी गई।

## एनएच-305 पर सभी वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, बंजार**



जिला कुल्लू के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जलोड़ी दर्रा में बर्फबारी का क्रम जारी है। जलोड़ी पास में करीब 6 इंच ताजा बर्फबारी हुई है, जबकि पास लगते क्षेत्र शोझा में 3 इंच बर्फबारी दर्ज की गई है। इस बर्फबारी के कारण एनएच-305 पर घियागी से जलोड़ी पास तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा लोगों को इस क्षेत्र की यात्रा के दौरान ऐहतियात बरतने करने की सलाह दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क से बर्फ हटाने के लिए मशीनरी तैनात कर दी गई हैं। सोझा से बर्फ हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है, ताकि जल्द से जल्द इस सड़क मार्ग को सभी वाहनों की आवाजाही के लिए खोला जा सके। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक और बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पुन: कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।



# लोहड़ी पर्व के लिए सज गई रघुनाथ की नगरी कुल्लू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भगवान रघुनाथ की नगरी देवभूमि कुल्लू लोहड़ी पर्व के लिए पूरी तरह से सज गई है। शहर के मुख्य बाजार ढालपुर, लोअर ढालपुर, सरवरी, अखाड़ा बाजार, गांधीनगर सहित भुंतर, बंजार, मणिकर्ण, मनाली सहित आनी में रेहड़ी-फड़ी वालों ने मूंगफली सहित कई प्रकार की मिठाई को बेचने के लिए तैयारियां कर दी हैं।

लोहड़ी के लिए रविवार को कुल्लू में सजी दुकानों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने खूब खरीददारी की। लोहड़ी व मकर संक्रांति को लेकर कुल्लू वासियों में खासा उत्साह है। रेहड़ी-फड़ी पर मूंगफली, गचक बेच रहे दिलेराम ने बताया कि रविवार को गांव से आए लोगों ने जमकर खरीददारी की है। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने सामान को बेचने को लोहड़ी का ही त्योहार मिलता है। ऐसे में वह हर साल ढालपुर में लोहड़ी में मिठाई बेचने के लिए अपनी दुकान सजाते हैं। इसके अलावा मिष्ठान भंडारों में भी कई प्रकार के मिष्ठान तैयार किए गए हैं। लोहड़ी व मकर संक्रांति को लेकर कुछ लोग मिठाई बड़े चाव के साथ खरीद रहे हैं। वहीं, सोमवार को जहां लोहड़ी पर्व मनाया जाएगा। वहीं, मंगलवार को मकर संक्रांति है, जिसको लेकर जिले के लोग तैयारियों में डटे हुए हैं। प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा को कुल्लू, बंजार, मनाली, पतलीकूहल, भुंतर, मणिकर्ण व आनी की जनता इस त्योहार को खुशी के साथ मनाती है। इस दिन लोग सुबह ब्रह्म मुहुर्त में उठकर ठंडे पानी से स्नान करने के उपरांत खिचड़ी खाकर देवालय की ओर रूख करते हैं। इस दिन का स्नान गंगा की तरह पवित्र माना जाता है और पापों को नष्ट करता है। इसके अलावा जिला कुल्लू के मनाली, मणिकर्ण, भूंतर, पतलीकूहल, बंजार, आनी के मंदिर इसके लिए पूरी तरह सज गए हैं। मंदिरों में संक्रांति के दिन भारी भीड़ उमड़ आती है। आनी के कुंगश मंदिर, देउरी मंदिर, वाड़ी दुर्गा, देउरी दुर्गा, दवाश मंदिर तथा निरमंड के मंदिरों में देव झाड़े का विशाल आयोजन होता है, जिसमें क्षेत्र की जनता बढ़-चढ़कर भाग लेगी। इसके लिए देवता अपने देवालयों को छोड़ स्वर्ग प्रवास को निकलेंगे। लिहाजा, सोमवार को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा और लोहड़ी के दूसरे दिन मकर संक्रांति की धूम रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खुशबू भारद्वाज को मिला नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की स्वर कोकिला पंडित खुशबू भारद्वाज को नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला है। कांगड़ा जिले में आयोजित कार्यक्रम में पंडित खुशबू भारद्वाज को यह सम्मान मिला है। बेटियां फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बॉलीवुड हस्तियों के साथ-साथ साउथ फिल्म सुपरस्टार समेत देश-प्रदेश के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। साथ ही पूरे देशभर से गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, इस कार्यक्रम में हिमाचल पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड (एचपीटीडीबी) के उपाध्यक्ष आरएस बाली मुख्यातिथि, जबकि बॉलीवुड अभिनेत्री दिपशिखा नागपाल व नितिन महता भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर जहां पंडित खुशबू भारद्वाज सहित अन्य विभूतियों को सम्मानित किया गया। वहीं, इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिसमें स्वर कोकिला पंडित खुशबू भारद्वाज ने भी अपनी मधुर ध्वनि में गीत सुनाकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जिसकी सभी ने सराहना की। खुशबू ने देश ही नहीं, बल्कि बाहरी राज्यों में भी अपने गीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति को बिखेरा है। खुशबू संगीत में गोल्ड मेडल जीत कर कुल्लू का नाम रोशन कर चुकी है।

### गूर-चेलों की समस्याओं बारे सीएम को देंगे मांग पत्र



**अनंत ज्ञान, बंजार।** देवी-देवता गूर-चेला कल्याण सभा खंड नग्गर की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को खंड अध्यक्ष बेलूराम की अध्यक्षता में माता हिडिंबा के प्रांगण पतलीकूहल में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष रूप से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर (गूर माता पार्वती चौंग) महासचिव ठाकुर चंद (गूर ब्यासा ऋषि) उपस्थित रहे। इस मौके पर सभा द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। बैठक में नग्गर खंड के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया और कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विंटर कार्निवाल के दौरान मुख्यमंत्री सूक्खू से मुलाकात कर उन्हें सभा की ओर से मांगपत्र सौंपा जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के दौरान भी सभा द्वारा मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन इस पर कोई भी निर्णय सरकार द्वारा नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सभा ने निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें गूर चेलों की समस्याओं से अवगत करवाया जाएगा।

### श्रीखंड महादेव के रास्तों को दुरुस्त करने की मांग

**अनंत ज्ञान, आनी।** उत्तर भारत की कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा के क्षतिग्रस्त रास्तों को जल्द ठीक करने की मांग की गई है। यात्रा के पहले बेस कैंप सिंह गाड में श्रीखंड सेवा समिति जुआगी और श्रीखंड विकास समिति चायल ने एक संयुक्त विशेष बैठक कर गत 31 जुलाई की रात को श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग के भीम डवारी में बादल फटने के कारण क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस आपदा में जाओं से लेकर बराहटी नाला तक श्रीखंड महादेव के रास्ते पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं और भीम डवारी के समीप भी एक गहरी खाई बन गई है, जिसके चलते अब श्रीखंड के रास्ते पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और श्रीखंड पहुंचना मुश्किलों भरा हो गया है। उन्होंने श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट से मांग की है कि इन रास्तों की यात्रा को शुरू होने से पहले दुरुस्त किया जाए। दोनों समितियों ने प्रशासन से और ट्रस्ट से समय रहते क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत के एस्टीमेट तैयार कर सबमिट करवाने की मांग की है, ताकि यात्रा शुरू होने से पहले ये पैदल यात्रियों के लिए चलने लायक हो सके। वहीं, श्रीखंड सेवा समिति जुआगी के प्रधान मौन सिंह राजू का कहना है कि इस यात्रा के संचालन में बाहरी लोगों का बहुत ज्यादा हस्तक्षेप रहता है, जबकि स्थानीय पंचायतों के टेंट व्यापारियों को यात्रा से किनारे रखा जाता है, जिसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। वहीं, इस बैठक में चायल और जुआगी पंचायतों का संयुक्त संगठन श्रीखंड क्षेत्रीय संगठन भी बनाया गया। इस दौरान कुलदीप ठाकुर, यशु ठाकुर, बीटू, बलवीर, विक्की, सुंदर सिंह राजेश्वर, पप्पू, गोवर्धन, मुन्ना, ओपी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्म ऋषि स्कूल जरड़ में हुआ सुंदरकांड



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कुल्लू के जरड़ ब्रह्मऋषि स्कूल में ब्रम्हमुनि विश्वात्मा बाबरा जी के जन्म उत्सव पर सुंदरकांड का 108 पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें कुल्लू व भुंतर के सैकड़ों सद्धालुओं ने भाग लिया। स्कूल की जनरल मैनेजर ने अपने कीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। लोगों ने प्रवचन सुनाने के साथ लंगर का भी आनंद लिया।

## गोपाल ठाकुर ने साथियों सहित तांदी गांव में बांटी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल के तांदी गांव के अग्नि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अब काफी लोग आगे आ रहे हैं।

शासन-प्रशासन की ओर से जहां इन लोगों की मदद की गई है और विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं व दानी सज्जन अग्नि प्रभावित परिवारों का सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को वन विभाग कुल्लू व लाहौल-स्पीति के पूर्व प्रधान गोपाल ठाकुर ने भी अपने वन विभाग के अन्य साथियों के साथ मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए तांदी अग्नि प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। गोपाल ने बताया कि उन्होंने व उनके साथियों ने आगजनी प्रभावित सभी परिवारों को 21 बोरियां चावल व 2 बोरियां आटे की राहत के रूप में प्रदान की। भविष्य में भी इन परिवारों का सहयोग किया जाएगा। उन्होंने जिला व प्रदेश के अन्य समाजसेवी व दानी सज्जनों से इन परिवारों की मदद करने की अपील की है।

## लोसर स्कूल के कार्य को जल्द पूरा किया जाए : अनुराधा

### स्पीति के लिंगटी गांव में बर्फ की गुफा देखने पहुंची विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा चार दिवसीय दौरे पर स्पीति पहुंच गई हैं। विधायक ने रविवार को लोसर स्कूल का दौरा किया और चल रहे स्कूल भवन निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया।

विधायक ने स्कूल भवन निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पूरा होते ही वह स्कूल के लिए फर्नीचर अपनी ओर से उपलब्ध करवाएंगी। उन्होंने कहा कि लोसर स्कूल के बच्चों की पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। गत दिनों आग लगने से स्कूल को नुकसान पहुंचा था। विधायक स्पीति के लिंगटी गावं में बर्फ की गुफा देखने पहुंची। वह लिदांग के युवाओं के कार्य से प्रभावित हुई। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से इसे बेहतरीन कदम बताया।



विधायक ने युवाओं के कार्य को सराहा और उन्हें 50 हजार प्रोत्साहन राशि भेंट की। उन्होंने गुफा के अंदर बैठकर चाय का भी आनंद लिया। उन्होंने कहा कि यह गुफा पर्यटकों की पहली पसंद बनेगी और इससे पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले स्पीति प्रवास के दौरान विधायक का ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस मौके पर यूथ जिला अध्यक्ष एवं जनजातीय सलाहकार केसंग रापचिक और यूथ स्पीति अध्यक्ष लोबसांग कपूर भी उपस्थित रहे। इस दौरान युवा कांग्रेस के युवा साथियों ने नववर्ष के कैलेंडर वितरित किए और नव वर्ष की बधाई दी। सोमवार को विधायक अनुराधा राणा काजा प्रशासन के साथ बैठक करेंगी और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगी।

## ढाबे से 6 बोतलें देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस उपमंडल आनी के आनी, निरमंड और ब्रौ पुलिस थानों की पुलिस टीमों ने इन दिनों होटल, ढाबों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब परोसने और बेचने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

इसी कड़ी में पुलिस थाना ब्रौ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्रौ बाजार में ढाबा चलाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ अवैध शराब बेचने का मामला दर्ज किया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि ब्रौ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्रौ बाजार में ढाबा चलाने वाले गोपाल दास निवासी गांव बाडी डाकघर अरसु तहसील निरमंड जिला कुल्लू के ढाबा से 6 बोतलें ऊना नंबर वन अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने दोषी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बुरुआ में आग से 20 लाख का नुकसान

### विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया गांव का दौरा, जाना प्रभावित परिवारों का हाल

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के बुरुआ गांव में शनिवार रात को ढाई मंजिला स्लेटपोश मकान में आग लग गई। आग की इस घटना में 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के मकानों को बचाया गया। बुरुआ पंचायत के प्रधान चूड़ामणि के अनुसार शनिवार शाम करीब सात बजे मकान में आग लगी। मकान की ऊपरी मंजिल में घास, खेती के औजार और लकड़ी रखी थी। निचली मंजिल में बंधी 4 गाएं और कुछ लकड़ी को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। अग्निशमन विभाग के समय पर कार्रवाई से लगभग 20 लाख की संपत्ति को बचा लिया गया। मकान में 12 कमरे थे, जो बेसरू देवी, अनंत राम और शेष राम की संयुक्त संपत्ति थी। रविवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी मौके पर बुरुआ गांव पहुंचे और प्रभावित परिवारों के साथ दुख साझा किया। उन्होंने प्रशासन को फौरी राहत देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रभावित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। मनाली के तहसीलदार अनिल राणा ने बताया कि आगजनी में 20 लाख का नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से विधायक के साथ तहसीलदार और एसडीएम मौके पर जाकर बेसरू देवी को 20 हजार, नंतराम को 15 हजार और सेस राम को 15000 पर फौरी राहत के तौर पर दिए। वहीं, तीन को तिरपाल भी दी गई।

### जिभी में आग की भेंट चढ़ा ढाई मंजिला मकान

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तहत आने वाले जिभी के वईतर में एक काष्ठकुणी शैली के ढाई मंजिला मकान में आग लगी गई। आग की इस घटना में 10 लाख का नुकसान हुआ है। रविवार दोपहर अचानक मकान में आग भड़क गई। मकान से आग का धुआं उठते ही गांव के लोग आग पर काबू पाने के लिए दौड़े। साथ ही दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग का वाहन बंजार से घटनास्थल के लिए रवाना हुआ और मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए, जिसके बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ढाई मंजिला मकान के छह कमरे व एक रसोई घर जलकर पूरी तरह से राख हो गया था। राजस्व विभाग की ओर से आग की इस घटना में 10 लाख के करीब नुकसान का आकलन किया गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को 10 हजार रुपए व कंबल, तिरपाल और किचन सैट फौरी राहत के रूप में दिए हैं।

## नववर्ष व दिवाली पर न्यू मीडिया इलेक्ट्रॉनिक ने ग्राहकों के लिए चलाया लकी कूपन ड्रा : प्रदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी बस स्टैंड स्थित न्यू मीडिया इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में रविवार को दीपावली व न्यू ईयर फेस्टिवल सीजन कूपन स्कीम का बंपर लकी ड्रॉ हुआ।

शोरूम पर दीपावली फेस्टिवल सीजन कूपन स्कीम दीपावली से लेकर नववर्ष तक चली थी। ग्राहकों के लिए दिवाली व नववर्ष के उपलक्ष्य में लकी ड्रा कूपन द्वारा अनेक उपहार रखे गए थे, जिसका न्यू मीडिया इलेक्ट्रॉनिक के प्रबंधक प्रदीप शर्मा द्वारा लकी ड्रा कूपन निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार बंजार के निशू ने जीता। निशू ने प्रथम पुरस्कार स्कूटी, जबकि द्वितीय पुरस्कार एलईडी शेर सिंह व तृतीय पुरस्कार बॉशिंग मशीन लोकेंद्र ने जीती। न्यू मीडिया इलेक्ट्रॉनिक के प्रबंधक प्रदीप शर्मा ने बताया कि उनके शोरूम में हर साल ग्राहकों के लिए अनेक पुरस्कार दिए जाते हैं। इसी कड़ी में दिवाली व नववर्ष के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए लकी कूपन ड्रा का आयोजन किया गया था और रविवार को ग्राहकों की मौजूदगी में लकी कूपन ड्रा निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार स्कूटी बंजार के निशु ने जीती, एलईडी शेर सिंह व वाशिंग मशीन लोकेंद्र ने जीती। वहीं, अनेक लकी कूपन भी ग्राहकों ने अपने नाम किए, जिसमे 13 इंडक्शन, 35 मिक्सर, 50 प्रेस शामिल हैं। प्रदीप शर्मा ने बताया कि अब जल्द ग्राहकों की सुविधा के लिए नया लकी कूपन भी जारी किया जाएगा और जल्द ही लकी कूपन ड्रा निकाला जाएगा।







### लकी ड्रा में बंजार के निशु ने स्कूटी, शेर सिंह ने जीती एलईडी

## स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : उत्तम सिंह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू मुख्यालय से सटे खराहल घाटी के थासीभ्रा गांव में रविवार को बिजलेश्वर युवक मंडल थासीभ्रा कुल्लू की मासिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष उत्तम चंद की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की याद में उनके जन्मदिवस पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद, जो कि युवाओं के लिए सच्चे आदर्श और मार्ग दर्शक हैं। स्वामी विवेकानंद का समस्त जीवन हमें अनुशासन, एकाग्रता, जिज्ञासा और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण की सीख देता है, उनका मानना था कि दुनियाभर की सारी समस्याएं सुलझाने की क्षमता युवाओं में है। वह कहते थे कि कामयाबी न मिले तो हिम्मत मत हारो, कोशिश जारी रखो और नाकामियों से सबक लेकर संघर्ष करते रहो। एक दिन जीत तुम्हारे कदमों में होगी। अपने विचारों से स्वामी विवेकानंद युवाओं को सदैव आध्यात्मिक बल के साथ-साथ शारीरिक बल में वृद्धि करने के लिए भी प्रेरित करते रहेंगे।

बिजलेश्वर युवक मंडल थासीभ्रा, कुल्लू के अध्यक्ष उत्तम चंद ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी जो दुर्व्यसनों में संलिप्त होती जा रही है, उन्हें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपनी सकारात्मक उर्जा को समाज हित के अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए।

**परेशानी** पशुपालकों को डेपुटेशन पर भेजे जाने वाले कर्मचारियों पर रहना पड़ रहा आश्रित

## तिहनी पशु औषधालय में दोनों पद रिक्त, लटका ताला

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

उपमंडल आनी की पंचायत बैहना के तिहनी स्थित पशु औषधालय में वेटेरनरी फार्मासिस्ट का पद 9 माह से खाली चल रहा है, जबकि सितंबर माह में अटेंडेंट यानी पशुपालन परिचारक का भी तबादला हो जाने से इस पशु औषधालय में ताला लटका हुआ है। फलस्वरूप क्षेत्र के पशुपालकों को कभी डेपुटेशन पर भेजे जाने वाले कर्मचारियों पर आश्रित रहना पड़ता है। कई किलोमीटर दूर से वेटेरनरी फार्मासिस्ट लाना पड़ता है। इमरजेंसी केस में कई किलोमीटर दूर लुहरी, आनी, दलाश, ढैर आदि अस्पतालों या औषधालयों के चक्कर काट कर उन्हें बीमार गाय के पास लाना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि तिहनी स्थित पशुपालन औषधालय से शुष, मुंगरी, शेगुबाग, तिहनी, चड़ी, किमटी, निमला, पांजवी आदि दर्जन भर गांवों के पशुपालकों के सैकड़ों पशुओं को बीमारी की स्थिति में ईलाज उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब सभी पद खाली हो जाने से इस औषधालय में ताला लटका पड़ा है और पशुपालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालकों ने पशुपालन विभाग और प्रदेश सरकार से तिहनी में रिक्त पदों को जल्द भरने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)





बंद पड़ा तिहनी स्थित पशु औषधालय और दरवाजों पर लटका ताला।

### उच्चाधिकारियों से किया पत्राचार : प्रधान

वहीं, ग्राम पंचायत बैहना के प्रधान विनोद ठाकुर ने कहा कि तिहनी पशु औषधालय के रिक्त पदों को भरने को लेकर उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया गया है, लेकिन अभी तक कोई भी नियुक्ति नहीं की गई है।

### डेपुटेशन पर भेज दिया जाता है कर्मी : डॉ. अनुराधा

वहीं, इस बारे में उपमंडलीय पशुपालन अधिकारी डॉ. अनुराधा वर्मा का कहना है कि तिहनी में दोनों पद रिक्त हैं और लोगों की सुविधा के लिए यहां डेपुटेशन पर कर्मी भेज दिया जाता है।

# कंडाघाट में श्मशानघाट के पास मिली नवजात बच्ची

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते थाना कंडाघाट के तहत पुलिस ने श्मशानघाट के नजदीक एक नवजात बच्ची मिली है।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इंद्र निवासी काला मोड़ नजदीक श्मशान घाट कंडाघाट के बयान पर थाने में मामला पंजीकृत हुआ है। रविवावर सुबह करीब 7 बजे यह ढाबे में काम कर रहा था तभी फोरलेन सड़क निर्माण में लगी लेबर का एक व्यक्ति इसके पास आया और कहा कि पीछे शमशान घाट गेट के पास सड़क किनारे एक नवजात शिशू पड़ा है। यह तुरंत श्मशान घाट गेट के पास गया, तो इसने देखा कि गेट के पास सड़क किनारे एक नीले रंग के कपड़े में एक नवजात शिशू पड़ा था, जिसके आस-पास कोई भी मौजूद न था। इसने उस शिशू को उठाकर नेपाली मूल की महिला के पास संभालने को दिया, जो इसके ढाबे के साथ ही ढारे में रहती है। उक्त नवजात शिशू को किसी अज्ञात महिला द्वारा जन्म देने के बाद श्मशान घाट के गेट पर छोड़ दिया, जिसकी तफ्तीश अमल में लाई जा रही है।



सोलन। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के जन्मदिवस पर भाजपा शहरी मंडल ने जिला अस्पताल सोलन में फल वितरण का कार्य किया। रोगियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की और डॉक्टर राजीव बिंदल की लंबी आयु की प्रार्थना की।

# नगर निगम का जनरल हाउस अढ़ाई माह से लंबित, विकास कार्यों पर लगी ब्रेक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन का जनरल हाउस अढ़ाई महीने से लंबित होने से विकास कार्यों पर ब्रेक लगी है। दरअसल पिछले महीने शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल को नगर निगम में 60 लाख की लागत से बने नए मीटिंग हॉल का उद्घाटन करना था पर इसके ठीक एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया।

इसके चलते उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित हो गया, अब मीटिंग हॉल उद्घाटन के बाद ही हाउस होगा पर इससे शहर के विकास कार्य लंबित हैं। एक तरफ पेमेंट नहीं मिलने से ठेकेदारों ने नए टेंडर नहीं लेने का निर्णय लिया है साथ ही चले हुए कार्य भी रोक दिए हैं। यह मुद्दा हाउस में गरमाने वाला है। आगामी हाउस का मुख्य मुद्दा विकास ही रहने वाला है। इसमें वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्य, पार्कों का सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण, आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठेंगे। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम सोलन का कार्यालय।



नगर निगम का मीटिंग हॉल का कार्य पूरा हो गया है। इसका जल्द उद्घटन होगा। जनरल हाउस का एजेंडा तय है। इसमें मुख्यता शहर के विकास कार्यों और अन्य समस्याओं पर चर्चा होगी।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

## विकास कार्य लंबित

**जनरल** हाउस में देरी से शहर में लगातार विकास कार्य लंबित हो रहे हैं। पिछला जनरल हाउस अक्तूबर में आयोजित किया गया था, तब हर महीने हाउस करने पर सहमति बनी थी पर किसी ने इसको लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। हालात ऐसे हैं कि नगर निगम में कोई भी ऐसा कार्य नहीं हुआ, जो सही तरीके से सिरे चढ़ा हो। यही कारण है कि 47 महीने के कार्यकाल में मात्र 13 जनरल हाउस ही हो पाए हैं। एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए। वित्तीय वर्ष में फिलहाल मात्र एक ही जनरल हाउस हो पाया है।

## विकास कार्यों को मिलेगी गति

हाउस के आयोजन से शहर के वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही बजट के अभाव में लंबित कार्यों के लिए भी बजट का प्रावधान होगा। बता दें कि जनरल हाउस नहीं होने से विकास कार्यों को भी गति नहीं मिल पाई है। जनरल हाउस में देरी से आम जनता के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे शहर के विकास कार्य भी लंबित होते हैं। नियम के तहत नगर निगम अधिनियम अध्याय 5 धारा (53) के अनुसार यह सामान्य सदन बैठक हर महीने होनी चाहिए।

# जाबली में चलती कार पर गिरी हाई वोल्टेज तार, गाड़ी जलकर राख



**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के नजदीक जाबली में देर रात बारिश और अंधड़ के बीच चलती कार में बिजली की हाई-वॉल्टेज तार गिर गई।

इससे कार ने अचानक आग पकड़ ली। करंट से जूझते हुए कार सवार किसी तरह कार से बाहर निकला। वहीं, कार में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी, लेकिन तब तक कार अधिकतर आग की चपेट में आ गई। कार में आग लगने से मोबाइल व अन्य दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं।

# एमसी के वार्ड-14 में सड़कों की हालत खस्ता, सीवरेज समस्या से निजात नहीं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाऊसिंग कॉलोनी में लोगों को पार्किंग, सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ता हालत से निजात नहीं मिल पा रही है।

कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सड़कों का रिपेयर वर्क चालू है, जबकि जगह-जगह खुले में बह रही सीवरेज भी स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुकी है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी की हालत को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है। हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 की समस्याओं को लेकर लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसायटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कॉलोनी के ड्रेन नालों में सीवरेज खुले में बह रही है। कॉलोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में 4 नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे स्थानीय लोगों को हमेशा बीमारी फैलने की चिंता रहती है। इससे कॉलोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान को कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग की है। सोसायटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग के निर्माण की मांग की है।



## पार्किंग की समस्या काफी बढ़ गई है : राजीव

**वार्ड-14** के पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि कॉलोनी में पार्किंग की समस्या काफी बढ़ गई है। सड़क पर गलत तरीके से पार्क वाहन को लेकर पुलिस से भी शिकायत की जाती है। सीवरेज की समस्या और सड़क की मरम्मत करना उनकी प्राथमिकता है। सीवरेज समस्या के हल के लिए कॉलोनी कि उप्पर लेन में जल्द काम शुरू होगा।

## रोड साइड पार्किंग से परेशानी

कॉलोनी में अक्सर बाहरी वाहन घरों के गेट के सामने पार्क किए जाने से मकान मालिकों को अपने वाहन गैराज से बहार निकालना मुश्किल हो गया है। इससे लोगों के आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं। रोड साइड पार्किंग से कॉलोनी में किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायरब्रिगडे और कूड़ा वाहन निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के कई हिस्सों में लंबे समय से सड़क किनारे निर्माण सामग्री गिरा रखी है, जबकि यहां पर कई वाहन पार्क किए जा सकते हैं। इसी तरह हालही में कॉलोनी बिजली बोर्ड के ठेकेदार ने बिजली के नए पोल लगाने के लिए निर्माण सामग्री गिराई पर काम हो जाने के बाद बचा हुआ गटका पत्थर यहां से नहीं उठाया। इस कारण भी पार्किंग की समस्या बढ़ गई है। हैरानी की बात है कि नगर निगम इस पर कार्रवाई नहीं कर पाई है।

# सोलन में हुई सीजन की दूसरी बारिश

## जनजीवन प्रभावित, समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश में मौसम के मिजाज बदलने से जिला मुख्यालय सहित उपमंडलों में सीजन की दूसरी बारिश हुई।

सोलन मुख्यालय में शनिवार रात और रविवार सुबह अच्छी बारिश होने से तापमान में गिरावट आई। सर्द हवाओं के चलने से समूचा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया। पर्यटन नगरी चायल और कसौली में भी बारिश हुई। सोलन में भी लोगों को बर्फबारी की उम्मीद थी पर उन्हें निराशा ही हाथ लगी। वहीं, बारिश और बर्फबारी से किसान-बागवानों के चेहरे खिल चुके हैं। हालांकि ठंड से जनजीवन भी पूरी तरह से ठप हो चुका है। बारिश से शहर के कई हिस्सों लोगों को बिजली की आंख मिचौनी का भी सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों में बारिश होने से लोगों को सूखी ठंड से निजात मिली है। सूखी ठंड से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे थे। वहीं, बिजाई का समय निकल जाने से किसान निराश जरूर हैं पर वे जल्द तैयार होने वाली सब्जियों सहित सूरजमुखी आदि इत्यादि की बिजाई कर सकते हैं।



वहीं, अच्छी बारिश होने की स्थिति में नए पौधे लगाने में आसानी होगी। गेहूं, मटर, लहसुन और अन्य नकदी फसलों की बिजाई वाले क्षेत्रों में बारिश संजीवनी साबित होगी। लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसान-बागवानों के चेहरों पर भी बारिश से रौनक लौट आई है। कृषि विशेषज्ञों की माने, तो सूखे के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई नहीं होगी पर बाकी बची फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी सेब सहित अन्य फलदार पौधों के लिए फायदेमंद है।

# जरूरतमंदों के लिए मेडिकल इक्विपमेंट बैंक सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रोटरी रॉयल सोलन ने रविवार को मोबिलिटी ऐड बैंक की शुरुआत की, जो जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में (ऋण के आधार पर) मोबिलिटी ऐड और मेडिकल उपकरण प्रदान करेगा। सोलन शहर में जरूरतमंद मरीजों को

ईलाज के दौरान व उसके बाद महंगे मेडिकल उपकरण खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रोटरी मेडिकल इक्विपमेंट बैंक का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के गवर्नर राजपाल सिंह ने किया। यहां पर सारे उपकरण निशुल्क मिलेंगे। जरूरतमंद उपकरणों के इस्तेमाल के बाद उपकरण वापस जमा कर लिए जाएंगे। इस परियोजना के बारे में बोलते हुए, रोटरी रॉयल सोलन के अध्यक्ष डॉक्टर कमल अटवाल ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह परियोजना जरूरतमंद लोगों की मदद करेगी और समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के गवर्नर राजपाल सिंह ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जिन्हें अस्थायी या स्थायी रूप से मोबिलिटी ऐड की आवश्यकता होती है, लेकिन वे इन उपकरणों को खरीदने में असमर्थ होते हैं और ऐसे लोगों के काम आना रोटरी का प्राथमिक उद्देश्य है। इस अवसर पर, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अरुण त्रेहन ने अपने रोटरी साथियों, दाताओं और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस परियोजना को संभव बनाने में मदद की।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते क्लब के सदस्य।

## ये उपकरण दिए जाएंगे

प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अरुण त्रेहन ने बताया कि उपकरण बैंक के माध्यम से मरीजों को ऑक्सीजन मशीन, पलंग, वॉकर, व्हीलचेयर, एयर बैड, ऑक्सीजन सिलेंडर, बेडपान, नेबुलाइजर, कमोड, ग्लूकोमीटर, पल्स ऑक्सिमीटर, वॉकिंग स्टिक, ब्लड प्रेशर मशीन, पलंग स्टैंड, स्ट्रेचर, रेलिंग सेट, कमोड कुर्सी एवं अन्य उपकरण दिए जाएंगे।

## आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी व नववर्ष स्वागत समारोह का आयोजन

# कमलदीप मिस्टर व तनवी बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

आस्था कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी व नववर्ष स्वागत समारोह का आयोजन प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा किया किया।

समारोह में संस्थान की प्रधानाचार्या किरण बाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सरस्वती वंदन के साथ किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण का मुख्य आकर्षण मॉडलिंग रही। इस दौरान कमलदीप को मिस्टर व तनवी को मिस फ्रेशर चुना गया, जबकि रितिक और वंदना को फर्स्ट रनरअप, संजय को मिस्टर पर्सनेलिटी और कुसुम को मिस परसोना चुना गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रशिक्षुओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया, जिसमें रोहित एवं ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना, आकृति एवं ग्रुप द्वारा बॉलीवुड नृत्य, खुशबू एवं ग्रुप द्वारा भांगड़ा, कृतिका एवं ग्रुप द्वारा नाटी, पंकज एवं ग्रुप द्वारा लेजी नृत्य, तनवी एवं ग्रुप द्वारा पंजाबी नृत्य, सिमरन एवं ग्रुप द्वारा बॉलीवुड नृत्य व आरची, आरती, दीपा व पायल द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रधानाचार्या व मुख्यातिथि किरण बाला ने सभी प्रशिक्षुओं और अध्यापकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन उपस्थित रहा।



# सिख इतिहास के बारे में संगत को बताया

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरमत समागम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमंडल के गांव ढांग टपरियां स्थित सिंघ सभा गुरूद्वारा साहिब में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष पर सालाना महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया।

शुक्रवार से शुरू किए गए अखंड पाठ का भोग रविवार को डाला गया। इस मौके पर दीवान सजाया गया, जिसमें अखंड कीर्तनी जत्था व टाढी जत्था ने शबद-कीर्तन और प्रवचन कर गुरू की वाणी व महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया। इस मौके पर भाई कवर हरमिंद्र सिंह रागी जत्था घनोली वालों ने गुरुओं की वाणी की अमृत वर्षा की। वहीं, ढाडी जथा गुरदयाल सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों व सिख इतिहास के बारे में संगतों को वाणी के माध्यम से निहाल किया गया और गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार द्वारा दी गई कुर्बानियों को लेकर प्रकाश डाला गया। कथावाचक ज्ञानी बलजीत सिंह ने अपने प्रवचनों से संगत को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने उपस्थित संगत को बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने अपना पूरा परिवार सिख धर्म के लिए न्योछावर किया। इसके अलावा उन्होंने गुरु की महिमा का गुणगान कर उपस्थित संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया, जिसमें सरबत संगत ने गुरू का प्रसाद ग्रहण किया।



# संजय अवस्थी आज व कल अर्की के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 13 व 14 जनवरी को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। संजय अवस्थी 13 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-7 में शहरी स्वास्थ्य एवं वैलनेस केंद्र का लोकार्पण करेंगे। वह तदोपरांत दिन में 12 बजे नागरिक अस्पताल अर्की में रोगी कल्याण समिति की बैठक में भाग लेंगे। संजय अवस्थी 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत अर्की के हरसंगधार में तथा सायं 3 बजे पंचायत बनोह खरड़हट्टी के चलायली में जनसमस्याएं सुनेंगे।



# कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट की ओर से आयोजित कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर के खेल मैदान में हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पंचायत रोड़ी के उपप्रधान जीतराम बिट्टू ने किया।

इस मौके पर भाजपा नेता राकेश गौतम विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष चेतन ठाकुर और सचिव तनुज शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 24 टीमें भाग ले रही हैं। वॉलीबाल प्रतियोगिता का पहला मुकाबला डीएवी टीम और घुमारवीं टीम के मध्य हुआ, जबकि कबड्डी का पहला मुकाबला बछाला टीम और नम्होल टीम के बीच हुआ। पंचायत रोड़ी के उपप्रधान जीतराम बिट्टू और भाजपा नेता राकेश गौतम ने प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुरेंद्र शुक्ला, जगदीश्वर शुक्ला, धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़ला के अध्यक्ष चेतन ठाकुर, उपाध्यक्ष रजत भार्गव, सचिव तनुज शुक्ला, कोषाध्यक्ष तरुण ठाकुर, लक्ष्य, मृदुल, साहिल, अजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के जन्मदिन के मौके पर जिला सिरमौर समेत सोलन एवं शिमला से भी भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का जन्मदिन मनाने नाहन पहुंचे।

नाहन स्थित जिला सिरमौर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय दीप कमल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई देते हुए मिठाइयां बांटी। इस दौरान विशेष तौर पर पूर्व में विधायक रहे केएल ठाकुर एवं परमजीत सिंह पम्मी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-नगाड़ों पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के जन्मदिवस को लेकर झूमते नजर आए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का फूल-मालाओं से जहां स्वागत किया। वहीं उन्हें सम्मानित भी किया गया। वहीं, उन्हें हनुमान का गदा देकर जिला सोलन के कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दी व उनके स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य लोागें का तांत लग गया व कई लोगों ने डॉ. राजीव बिंदल के जन्मदिन पर मिठाइयां बांटी व कई जगह लंगर भी लगाए गए, जहां लोगों ने लंगर का भरपूर आनंद लिया।




**परंपरा** डमलांटी के दिन सायं को लोग अपने घरों में आटे को गुड़ के साथ बिना घी से पकाते हैं, मकर संक्रांति को क्षेत्र में देव पूजा का विशेष विधान

# पारंपरिक व्यंजन 'डमलांटी' के साथ राजगढ़ में शुरू हुआ माघी पर्व

**बीआर चौहान, राजगढ़**

गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में तीन दिवसीय माघी पर्व डमलांटी पारंपरिक व्यंजन के साथ आरंभ हुआ।

डमलांटी के दिन लोग सायं को अपने घरों में आटे को गुड़ के साथ बिना घी से पकाते हैं। इस मीठे आटा को कई स्थानों पर मीठा आटा तथा कई गांव में बाड़ी भी कहा जाता है, जिसे देशी घी के साथ डूबों कर खाया जाता है। राजगढ़ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश आर्य का कहना है कि गुड़ निर्मित मीठा आटा की ताहसीर गर्म होती है, जिसे लोग डमलांटी के अलावा भी सर्दियों में अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। इनका कहना है कि मकर संक्रांति को सूर्य भगवान उतरायण हो जाते हैं तथा सर्दी का प्रकोप कम होने के साथ-साथ दिन भी बढ़ने लग जाते हैं। उन्होंने बताया कि डमलांटी दूसरे दिन अर्थात लोहड़ी को शाम को कुछ स्थानों पर सीड्डू तथा अस्कली बनाई जाती है, जबकि मकर संक्रांति के दिन सुबह लोग खीर बनाते हैं। इनका कहना है कि इस पर्व पर राजगढ़ क्षेत्र में लोहड़ी की रात को अलाव आदि नहीं जलाया जाता है और न ही रेवड़ी, मूंगफली आदि से अग्नि की पूजा की जाती है। हालांकि कुछ लोग इस त्योहार को खिचड़ी बनाकर भी मनाते हैं।





इनका कहना है कि मकर संक्रांति को समूचे राजगढ़ क्षेत्र में देव पूजा का विशेष विधान होता है। इस दिन लोग अपने मंदिरों में जाकर अपने कुलदेवता का आशिर्वाद प्राप्त करते हैं। बता दें सिरमौर व शिमला जिले में वर्ष के दौरान पड़ने वाली चार बड़ी साजी अर्थात बैशाखी, हरियाली, दिवाली और माघ की साजी को अपने कुल देवता व देवी की पारंपरिक पूजा करने का विशेष विधान है।

लोगों की आस्था है कि इन चार बड़ी साजी पर पीठासीन देवता की पूजा से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। दूसरी ओर गिरिपार क्षेत्र में रेणुका, शिलाई में माघी पर्व एक सप्ताह तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, जिसमें गिरिपार के अत्यधिक ठंड वाले क्षेत्रों में माघी त्योहार पर बकरों को काटा जाता है। यह प्रथा वर्तमान में भी कायम है। माघी पर्व पर गिरिपार क्षेत्र में मेहमान नवाजी की प्रथा आज भी प्रचलित है। लोग अपने सगे-संबंधियों विशेषकर बेटियों को आमंत्रित करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा चंडीगढ़ ने जिला अध्यक्षों का चुनाव किया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भाजपा चंडीगढ़ ने जिला अध्यक्षों के सर्वसम्मति से चुनाव के साथ अपने संगठन पर्व 2024 के एक और महत्त्वपूर्ण चरण का सफलतापूर्वक समापन किया है। भूपिंदर सैनी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया है, जबकि रवींद्र मलिक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया। खुशविंदर सिंह को भारत रत्न अटल जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया और रेखा सूद डॉ. भीमराव अंबेडकर जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया। दलीप कुमार को शहीद भगत सिंह जिले का जिला अध्यक्ष चुना गया और अनूप गुप्ता रानी लक्ष्मीबाई जिले का जिला अध्यक्ष चुना गए। (अनंत ज्ञान)

### 'आप' पार्षद विनीत जालंधर के महापौर बने

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद विनीत धीर को जालंधर नगर निगम का महापौर चुना गया। बलबीर सिंह बिट्टू ढिल्लों को वरिष्ठ उपमहापौर चुना गया है जबकि मलकीत सिंह को उपमहापौर चुना गया है। पार्टी के एक बयान के अनुसार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने निगम के तीन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि आप सरकार जालंधर के विकास के लिए कटिबद्ध है। मान ने कहा कि शहर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। 'आप' की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने भी तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप के महापौर की नियुक्ति से जालंधर के विकास में तेजी आएगी। पिछले महीने निगम चुनाव में 'आप' जालंधर में कुल 85 में से 38 वार्ड में जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। बाद में अन्य दलों के आठ नवनिर्वाचित पार्षदों ने 'आप' को समर्थन देने की घोषणा की।

### 300 फीट खाई में गिरे युवक को बाहर निकाला

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के दल ने 300 फीट गहरी खाई में गिरे एक युवक को छह घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि बागेश्वर जिले के खाती गांव के विजय दानू (24) शुक्रवार को पिंडारी हिमनद के पास 12 हजार फीट की ऊंचाई पर बनाए जा रहे पिंडारी हिमनद ट्रैक के मजदूरों के काम की निगरानी के लिए गए थे और इसी दौरान वह गहरी खाई में गिर गए। उन्होंने बताया कि वहां मौजूद मजदूरों ने इसकी सूचना आपदा प्रबंधन विभाग को दी। बागेश्वर की जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने रविवार को बताया कि गिरने की वजह से दानू के सिर में चोट आई है, जिसके मद्देनजर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है।

### पौड़ी में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, 17 घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 17 अन्य घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना दहलचौरी के पास हुई जहां बस अनियंत्रित होकर सड़क से 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस पौड़ी से दहलचौरी जा रही थी और उसमें कुल 22 लोग सवार थे। दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने बाद में दम तोड़ा। दुर्घटना के बाद बचाव अभियान संचालित करने में स्थानीय लोगों ने भी मदद की और घायलों को निकाल कर पौड़ी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से आठ की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर के लिए रेफर किया गया है।

### जालंधर पुलिस ने चोर के गिरोह का किया पर्दाफाश

**जालंधर।** पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने विभिन्न घटनाओं में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार करके चोरों/लुटेरों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में चोरों/लुटेरों का एक गिरोह सक्रिय है। पुलिस की एक टीम को लेदर कॉम्प्लेक्स के पास तैनात किया गया था, जहां उन्होंने चार लोगों को पकड़ा जो कथित तौर पर आसपास के इलाके में चोरी के मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार युवकों की पहचान रणजीत सिंह उर्फ सोनू भलवान पुत्र नानक सिंह निवासी राज नगर, जालंधर, दीपल उर्फ दीपू पुत्र उदय राज निवासी शिव नगर, जालंधर, नवीन उर्फ गेंदू पुत्र स्व. वरिंदर सिंह, निवासी संगत नगर, जालंधर और परमजीत सिंह उर्फ लक्की, पुत्र गुरमेल सिंह, पुलिस स्टेशन संगत नगर, जालंधर के रूप में हुई है।

### आतिशी ने चुनाव लड़ने को जनता से मांगा चंदा




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए रविवार को चंदा अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोग उनकी पार्टी की काम और ईमानदारी की राजनीति का समर्थन करेंगे। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंदे के लिए एक ऑनलाइन लिंक जारी किया और कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपए की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'आप' ने हमेशा आम आदमी के छोटे-छोटे दान की मदद से चुनाव लड़ा है, जिससे उसे काम और ईमानदारी की राजनीति करने में मदद मिली है। वहीं, दिल्ली की सीएम आतिशी क्राउड फंडिंग के तहत महज 4 घंटे में 10 लाख से ज्यादा का चंदा मिला है। 188 लोगों ने आतिशी को 10 लाख 97 हजार 606 रुपए का चंदा दिया है। आतिशी ने सुहब क्राउड फंडिंग की अपील की थी. आतिशी ने कालकाजी से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए लोगों से 40 लाख रुपए क्राउड फंडिंग के लिए अपील की थी।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने सात आग्नेयास्त्र और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ओल्ड गेलमोल गांव में तलाश अभियान के दौरान एक एके-56 राइफल समेत सात हथियार और चीन निर्मित एक हथगोला बरामद किया गया। सुरक्षाबलों ने तेंगनौपाल में मोरे पुलिस थाने के तहत आने वाले गोवाजंग क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया और लगभग एक किलोग्राम के दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तथा लगभग पांच किलोग्राम का एक-एक आईईडी बरामद किया है।

### मॉब लिंचिंग मामले की जांच को टीम गठित

**जमशेदपुर।** झारखंड में पिछले साल दिसंबर में सरायकेला-खरसावां जिले में एक व्यक्ति की कथित तौर पर भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या (मॉब लिंचिंग) किए जाने संबंधी मामले की जांच के लिए राज्य के अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया है। अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के प्रवक्ता सरफराज हुसैन ने एक पत्र में आदित्यपुर में शेख ताजुद्दीन की हत्या की न्यायिक जांच की मांग की थी, जिसके बाद झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने इस घटना का संज्ञान लिया है।

## पंजाब और हरियाणा के कई क्षेत्रों में बारिश, ठंड का दौर जारी

# चंडीगढ़ में 18.4 मिलीमीटर बारिश

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों पर रविवार सुबह बारिश हुई। साथ ही दोनों राज्यों में ठंड का दौर जारी रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में 18.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, पंजाब के अमृतसर में पांच मिलीमीटर, लुधियाना में 11 मिलीमीटर, पटियाला में 6.5 मिलीमीटर, पठानकोट में तीन मिलीमीटर, बठिंडा में 31 मिलीमीटर और फरीदकोट में 20.6 मिलीमीटर सहित कई स्थानों पर बारिश हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा के अंबाला में 20.5 मिलीमीटर, हिसार में 13 मिलीमीटर, करनाल में 1.6 मिलीमीटर, नारनौल में 14 मिलीमीटर, रोहतक में तीन मिलीमीटर, भिवानी में छह मिलीमीटर और सिरसा में 3.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पंजाब का गुरदासपुर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लुधियाना में तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पटियाला और पठानकोट दोनों जगह का तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के बठिंडा में तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस और फरीदकोट में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से चार डिग्री अधिक है।

वहीं, हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री अधिक है। हिसार में 9.5 डिग्री सेल्सियस, करनाल में 11.4 डिग्री सेल्सियस, नारनौल में 6.8 डिग्री सेल्सियस, रोहतक में 8.8 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में तापमान नौ डिग्री सेल्सियस और सिरसा में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस अधिक और पंजाब में 4.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

# गुरुग्राम में चौथी मंजिल से गिरने से दो बहनों की मौत

## परिवार ने साजिश का आरोप लगाया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर 40 में एक व्यापारी के मकान में चौथी मंजिल से गिरकर 20 साल से अधिक उम्र की दो बहनों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मकान मालिक के परिवार ने दावा किया कि ''चोरी की कोशिश'' के बाद भागने की कोशिश में वे बालकनी से गिर गईं, जबकि मृतकाओं के परिवार ने मौतों के पीछे साजिश का आरोप लगाया है।

पुलिस ने कहा कि वैसे अभी तक हत्या की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उसके अनुसार, दोनों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी चांदनी (23) और रश्मि (21) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि चांदनी व्यापारी के घर पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी और करीब एक माह पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दोनों बहनें इस मकान में नौकरों के निर्धारित कमरे में रहती थीं।

पुलिस के मुताबिक, मकान मालिक ने बताया कि वह और उसके परिवार के सदस्य शुक्रवार को राजस्थान के सीकर जिले में खाटू श्याम मंदिर जा रहे थे। हालांकि, वे कुछ दूर जाने के बाद घर लौट आए क्योंकि वे अपनी दवाइयां लेना भूल गए थे।

पुलिस के अनुसार, घर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि मुख्य दरवाजा खुला हुआ है, लेकिन तभी उन्हें एक जोरदार धमाका सुनाई दिया। जैसे ही वे बालकनी में पहुंचे और नीचे झांका, तो उन्होंने देखा कि दोनों बहनें नीचे खून से लथपथ पड़ी थीं।

# किसान आंदोलन में एक और किसान की मौत

**एजेंसी, पटियाला**

- 10 महीने से खनौरी बॉर्डर पर डटा था जग्गा सिंह
- जत्थेबंदियों ने सरकार से की पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग

पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल एक और किसान की मौत हो गई है। मृतक की पहचान जग्गा सिंह (80) के तौर पर हुई है, जो फरीदकोट जिले की जैतो तहसील के गांव गोदारा का रहने वाला था।

जानकारी के मुताबिक किसान जग्गा सिंह को खनौरी बॉर्डर पर अधरंग का दौरा पड़ा था। इसके बाद उसे इलाज के लिए पटियाला के सरकारी राजिंद्रा अस्पताल दाखिल कराया गया था। रविवार को अस्पताल में किसान की मौत हो गई है। वह पिछले करीब 10 महीनों से खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन में डटा हुआ था। जग्गा सिंह के पांच बेटे और एक बेटी है।

किसान जग्गा सिंह के शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव गोदारा ले जाने से पहले खनौरी मोर्चे में लाया जाएगा। जहां किसानों की ओर से जग्गा सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि भेंट की जाएगी। किसान जत्थेबंदियों ने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

किसान नेताओं के मुताबिक मोर्चे में अब तक काफी गिनती किसानों की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए और किसानों व मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए।

## पंजाब पुलिस के जवान की ड्यूटी के दौरान मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के जवान हर्षवीर सिंह की बीते दिन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह सड़क सुरक्षा फोर्स में तैनात था और ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने इस दुखद घटना पर दुख व्यक्त करने हुए परिवार को एक करोड़ रुपए सरकार द्वारा देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक द्वारा जीवन बीमा के तहत एक करोड़ रुपए अलग से दिए जाएंगे।

इसे लेकर सीएम मान ने ट्वीट भी किया है। उन्होंने कहा कि भवानीगढ़ के बालद कैंचियां के पास बीते दिन एक बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। ड्यूटी पर तैनात एसएसएफ के कर्मचारियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कर्मचारी हर्षवीर सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई

# देशभर में 26 जनवरी को निकाला जाएगा ट्रैक्टर मार्च : एसकेएम

**एजेंसी, चंडीगढ़**



सयुंक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने रविवार को घोषणा की है कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर के जिला और उप-मंडल स्तर पर ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। 26 जनवरी को ट्रैक्टर के अलावा अन्य वाहन और मोटरसाइकिल परेड भी निकाली जाएगी। एसकेएम की तरफ से यह कदम किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती हालत को देखते हुए उठाया गया है।

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल पिछले 48 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। किसानों की प्रमुख मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी शामिल है। एसकेएम की तरफ से रविवार को जारी किए गया बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तुरंत किसान संगठनों से बातचीत करनी चाहिए।

**प्रधानमंत्री की चुप्पी पर एसकेएम का हमला।** एसकेएम नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रवैया तानाशाही और असंवेदनशील है। केंद्र सरकार किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है और कॉर्पोरेट ताकतों के सामने घुटने टेक रही है। पीएम मोदी के अड़ियल रवैये के कारण सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भी किसान नेता की जान बचाने में असहाय हो गए हैं। यह सरकार किसानों को एमएसपी देने और युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के बजाय कारोबारियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है।

वही, किसान नेताओं ने घोषणा की है कि 15 जनवरी को पटियाला में होने वाली बैठक अब दो दिन पहले यानी 13 जनवरी को होगी। क्योंकि किसान नेता डल्लेवाल की हालत बिगड़ती जा रही है।

# कांग्रेस ने लांच की तीसरी गारंटी युवाओं को हर माह मिलेंगे 8500 रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** ने 'युवा उड़ान योजना' के नाम से अपनी तीसरी गारंटी लांच की है। इस योजना के तहत कांग्रेस ने दिल्ली के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को एक साल तक हर महीने 8500 रुपए देने का वादा किया है। इसके अलावा एक साल की अप्रेंटिशिप दी जाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस योजना की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम 'युवा उड़ान योजना' रहेगा। इस दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी सहित अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस नेता काजी निजामुद्दीन ने कहा कि दिल्ली की जनता के बीच न्याय यात्रा के दौरान जो निष्कर्ष निकल कर आए उनके आधार पर समझ आया कि मोदी सरकार और आम आदमी पार्टी की नीतियों ने युवाओं की कमर तोड़ दी है। हम युवाओं के लिए अपनी घोषणा की है।

## देश-विदेश

### 7वां दिन: असम की खदान में अभी भी 5 मजदूर फंसे

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में 300 फुट गहरी कोयला खदान में मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन का रविवार को 7वां दिन है। अब तक 4 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं। 5 मजदूर अब भी खदान के अंदर बने रैट होल्स में फंसे हैं। जिन मजदूरों के शव निकाले गए हैं उनमें 8 जनवरी को नेपाल के गंगा बहादुर श्रेष्ठ का और 11 जनवरी को उमरांगसो के लिजेन मगर, कोकराझार के खुशी मोहन राय और सोनितपुर के सरत गोयारी शामिल हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन इंडियन आर्मी और एनडीआरएफ मिलकर चला रही है। इस बीच असम के विशेष डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया हादसे वाले दिन खदान में वाटर लेवल 30 मीटर था, अब यह 15 मीटर से भी कम हो गया है।

# दिल्ली में सत्ता में आने पर भाजपा सभी झुग्गी-बस्तियां ध्वस्त कर देगी: केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह दिल्ली की सभी झुग्गी-बस्तियों को ध्वस्त कर देगी।

केजरीवाल ने शकूर बस्ती क्षेत्र में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर झुग्गीवासियों के कल्याण की बजाए भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले आपके वोट चाहते हैं और चुनाव के बाद आपकी जमीन। उन्होंने भाजपा की 'जहां झुग्गी वहां मकान' योजना की भी आलोचना की और इसे दिखावा बताया। पिछले पांच साल में उन्होंने (भाजपा) झुग्गीवासियों के लिए केवल 4,700 फ्लैटों का निर्माण किया है। भाजपा की योजना झुग्गीवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा किए बिना उनके कब्जे वाली जमीन पर कब्जा करने की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे (भाजपा) सभी झुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त कर देंगे और वहां रहने वाले लोगों की कोई चिंता किए बिना जमीन का अधिग्रहण कर लेंगे।

## आठ माह में भारत का कोयला आयात दो प्रतिशत बढ़कर 18.20 करोड़ टन पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) के दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 18.20 करोड़ टन से अधिक रहा है। बिजनेस-टू-बिजनेस ई-कॉमर्स कंपनी 'एमजंक्शन सर्विसेज' लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 17.81 करोड़ टन कोयले का आयात किया था। हालांकि, नवंबर महीने में देश का कोयला आयात घटकर 1.95 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.23 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि कोयला आयात की मात्रा में गिरावट आई है, जो बाजार उम्मीदों के अनुरूप है।

# अमेरिका में आग का तांडव जारी, अब तक 16 की मौत

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**



**अमेरिका** के लॉस एंजिलिस शहर के जंगलों में लगी भीषण आग ने खूब तांडव मचाया है। आग के कारण अब तक 16 लोगों की मौत हो गई है। चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने पांच की मौत पैलिसेड्स व 11 लोगों की मौत ईटॉन इलाके में होने की पुष्टि की है। इससे पहले 11 लोगों की मौत होने की पुष्टि की गई थी, लेकिन अधिकारियों ने कहा था कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अधिकारियों ने एक केंद्र स्थापित किया है, जहां लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इस बीच, दमकल कर्मियों ने फिर से तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए आग को काबू करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं। दमकल कर्मी प्रयास कर रहे हैं कि आग विश्व प्रसिद्ध जे. पॉल गेटी संग्रहालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय तक न फैले। मैन्डेविल कैनयन में आग बुझाने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। पैसिफिक कोस्ट के निकट स्थित मैन्डेविल कैनयन में प्रसिद्ध अभिनेता अर्नोल्ड श्वार्जनेगर समेत कई हस्तियों के घर हैं।

# भारत ने पिछले साल जोड़ी 30 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता: प्रह्लाद जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**





भारत में पिछले साल करीब 30 गीगावाट नई रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। यह आंकड़ा 2023 में जोड़ी गई 13.75 गीगावाट की क्षमता से 113 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा दी गई। 2024 में हुए विस्तार के साथ भारत की कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट की हो गई है।

भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए देश को अगले छह वर्षों में कम से कम 50 गीगावाट प्रति वर्ष की नई रिन्यूएबल क्षमता लगानी होगी। 'एक्स' पर न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि यह क्लीन एनर्जी के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता और हरित भविष्य के निर्माण में देश की प्रगति को रेखांकित करती है।

### 2014 से रिन्यूएबल क्षमता में वृद्धि

**मंत्रालय** के डाटा के मुताबिक, भारत के पास 31, मार्च 2014 तक 35.84 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता थी। वित्तीय वर्ष 2014-15 के बाद से जब एनडीए सरकार ने केंद्र में बागडोर संभाली, भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की उच्चतम रिन्यूएबल क्षमता वृद्धि दर्ज की। जेएमके रिसर्च के अनुसार, भारत ने कैलेंडर ईयर 2024 (जनवरी से दिसंबर) में 4.59 गीगावाट की नई रूफटॉप सोलर कैपेसिटी इंस्टाल की है।

## बांग्लादेश ने सरल की वीजा प्रक्रिया

**लाहौर।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त इकबाल हुसैन ने लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने वीजा जारी करते समय पाकिस्तानी दूतावास प्रमुखों के लिए बांग्लादेश से मंजूरी लेने की अनिवार्यता को हटा दिया है। हुसैन ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। हुसैन ने कहा कि मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छुक है।

# पोप फ्रांसिस 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' अवॉर्ड से सम्मानित

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पोप फ्रांसिस को राष्ट्रपति की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया और कहा कि पोप विश्वास, उम्मीद और प्रेम की एक किरण हैं जो पूरी दुनिया को रौशन करती है।

बाइडेन ने शनिवार को रोम जाकर पोप को व्यक्तिगत रूप से पदक प्रदान करना था, लेकिन अमेरिका के कैलिफोर्निया के जंगलों में भीषण आग लगने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। यह अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन की अंतिम विदेश यात्रा होती। 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के साथ ही बाइडन का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

## धनशोधन मामले में ईडी ने किए चार लोग गिरफ्तार

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक की ओर से प्रवर्तित बिहार के एक सहकारी बैंक में धन के कथित गबन से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत एक पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने वैशाली शहरी विकास (वीएसवी) सहकारी बैंक में धन की कथित हेराफेरी की जांच के तहत 10 जनवरी को बिहार में उजियारपुर से राजद विधायक आलोक कुमार मेहता (58) और उनसे कथित तौर पर जुड़े कुछ अन्य व्यक्तियों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

## राष्ट्रपति और पीएम ने स्वामी विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी विरासत दुनियाभर में अनगिनत लोगों को प्रेरित करती रही है। पीएम ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा हैं और आज भी युवा मन में जुनून और उद्देश्य की भावना प्रज्वलित करते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गेंदबाजी एक्शन की जांच में नाकाम रहे शाकिब



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब-अल-हसन को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले करारा झटका लगा जब वह अपने गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में असफल रहे जिसके बाद उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया। शाकिब इससे पहले ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन में विफल रहे थे। इसके बाद इस स्पिनर को गेंदबाजी करने से रोक दिया गया था। उनके एक्शन की 15 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट की गई थी। पिछले महीने चेन्नई स्थित श्री रामचन्द्र सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस में इस ऑलराउंडर का दोबारा मूल्यांकन किया गया, लेकिन नतीजों से उनकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।

### आयरलैंड की स्पिनर मैगुइरे के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की रिपोर्ट



**राजकोट।** आयरलैंड की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर एमी मैगुइरे की भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आठ ओवरों में 57 रन देकर तीन विकेट लिए थे। आयरलैंड यह मैच छह विकेट से हार गया था। मैच अधिकारियों की आयरलैंड टीम प्रबंधन को सौंपी गई रिपोर्ट में मैगुइरे के गेंदबाजी एक्शन की वैधता के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। मैगुइरे ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने सभी प्रारूपों में 25 विकेट लिए हैं। उन्हें अगले 14 दिन के अंदर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त किसी परीक्षण केंद्र में अपने एक्शन की जांच करवानी होगी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन आईसीसी नियमों का उल्लंघन है या नहीं।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती मुस्कान

**नई दिल्ली।** मुस्कान सेठी दिल्ली की रहने वाली हैं और यह भारत की पेशेवर पोकर खिलाड़ी है। अगर उनको भारत की सबसे खूबसूरत महिला खिलाड़ियों में से एक कहा जाए तो बिल्कुल ठीक होगा। यह लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं और अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर यह बहुत एक्टिव रहती हैं।



**महिला क्रिकेट**

### भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 116 रनों से हराया, सीरीज में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

# जेमिमा के शतक से जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, राजकोट**

जेमिमा रोड्रिग्स के पहले एकदिवसीय शतक के साथ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों से भारत ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने पांच विकेट पर 370 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन पर रोक दिया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 54 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी खेलने के अलावा पहले विकेट के लिए प्रतिका रावल (60 गेंद में 67 रन) के साथ 114 गेंद में 156 रन की साझेदारी कर के भारत को तेज शुरुआत दिलाई।

जेमिमा ने 91 गेंद में 102 रन की पारी में 12 चौके लगाए। उन्होंने हरलीन देयोल (84 गेंदों पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 168 गेंद में 183 रन की बड़ी साझेदारी कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया।

भारतीय बल्लेबाजों ने आयरलैंड की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए 50 ओवर में 44 चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के बड़े स्कोर के दबाव में आयरलैंड के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की जगह पूरे 50 ओवर खेलने पर ध्यान दिया और टीम कभी भी जीत की स्थिति में नहीं थी। क्रिस्टिना कूल्टर रीली ने 80 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।




दीप्ति शर्मा और प्रिया मिश्रा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी के सामने आयरलैंड के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। अनुभवी दीप्ति ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिटास साधु और सयाली सातघरे को एक-एक सफलता मिली।

**03** विकेट 37 रन देकर दीप्ति शर्मा ने झटके

**44** चौके और तीन छक्के भारतीय बल्लेबाजों ने जड़े

जेमिमा को एकदिवसीय में अपना शतक जड़ने के लिए 41 मैचों का इंतजार करना पड़ा।

इससे पहले उनके नाम छह अर्धशतक हैं। उन्होंने मध्यम तेज गेंदबाज अर्लीन केली के खिलाफ चौका लगाकर शतक पूरा किया और फिर अपने बल्ले से गिटार बजाने की भाव भंगिमा से इसका जश्न मनाया।

उन्होंने इस शतकीय पारी के बाद कहा, ''इस शतक को पूरा करने लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। खुशी है कि टीम ने मुझे नंबर चार पर भूमिका दी और मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकी।'' उन्होंने कहा, ''आज मेरे लिए 50वें ओवर तक क्रीज पर रहना अहम था। मेरे लिए रन बनाना कोई समस्या नहीं है, मैं इसमें लय में हूं,लेकिन अंत तक क्रीज पर बने रहना महत्वपूर्ण था और खुशी है कि मैं ऐसा कर सकी।''

आयरलैंड के लिए केली और ओर्ला प्रेंडेरगास्ट को दो-दो जबकि जॉर्जीना डेम्पसे को एक सफलता मिली।

### गावस्कर और कांबली को एमसीए ने सम्मानित किया

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली समेत मुंबई के कुछ क्रिकेट नायकों को रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) द्वारा वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह 19 जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

गावस्कर रविवार को सम्मानित होने वाले मुंबई के पहले कप्तान थे, उन्हें एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने स्मृति चिह्न भेंट किया।

गावस्कर ने कहा, ''इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है।''

विनोद कांबली भी इस मौके पर मौजूद थे। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण 21 दिसंबर को उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था, वह अब भी अपनी बीमारी से उबर रहे हैं, उन्हें अन्य लोगों द्वारा ले जाते हुए देखा गया।

सम्मानित किए जाने के बाद कांबली ने प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेलने के दिनों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला दोहरा शतक यहीं लगाया था और फिर अपने करियर में कई और शतक लगाए। ''

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : सुमित नागल पहले दौर में हारे



**मेलबोर्न।** सुमित नागल का रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अभियान पुरुष एकल स्पर्धा में दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस माचाक से सेटों में मिली हार के साथ खत्म हो गया। भारत का यह शीर्ष एकल खिलाड़ी अपने मौको का फायदा उठाने में विफल रहा और चेक गणराज्य के अपने प्रतिद्वंद्वी से 3-6, 1-6, 5-7 से हार गया।

## नायर के सत्र के पांचवें शतक से विदर्भ सेमीफाइनल में

**एजेंसी, वडोदरा**

शानदार लय में चल रहे करुण नायर की नाबाद शतकीय पारी से विदर्भ ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के क्वर्टर फाइनल में रविवार को यहां राजस्थान को आठ विकेट से हराया।

अंतिम-8 के एक अन्य मैच में हरियाणा ने गुजरात पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना कर्नाटक से होगा जबकि गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ की टीम



महाराष्ट्र से भिड़ेंगी। नायर ने 82 गेंद में 13 चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 112 रन की पारी के साथ पिछले पांच मैचों में अपना चौथा शतक पूरा किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए टीम के एक अन्य शतकवीर ध्रुव शोरे (नाबाद 122 रन) के साथ 200 रन की अटूट साझेदारी की जिससे विदर्भ ने 43.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत के लिए मिले 292 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

शोरे ने यश राठौड़ (39) के साथ पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी।

33 साल के नायर मौजूदा सत्र के आठ मैचों 664 रन बना चुके हैं और सिर्फ एक बार आउट हुए है।

### बीसीसीआई बैठक में सैकिया और भाटिया निर्विरोध निर्वाचित



**मुंबई।** देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को यहां बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) में निर्विरोध सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया।

जय शाह और आशीष शेलार के त्यागपत्र देने के बाद यह दोनों पद रिक्त पड़े थे। सैकिया और भाटिया इन रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध चुने गए।

पिछले महीने आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद शाह को सचिव पद छोड़ना पड़ा था जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद से स्तीफा दे दिया था। सैकिया असम और भाटिया छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। शाह के एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सैकिया सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभा रहे थे। वह संयुक्त सचिव थे और अब यह पद रिक्त हो गया है।

चुनाव अधिकारी एके जोती ने परिणाम घोषित करते हुए कहा, ''पदाधिकारियों के दो पद सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ और इसलिए मतदान की जरूरत नहीं पड़ी।''

## फुटबॉल स्काउटिंग कैंप में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में फुटबॉल के क्षेत्र में शिमला फुटबॉल क्लब और हैदराबाद स्थित स्त्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब ने मिलकर सात दिवसीय फुटबॉल स्काउटिंग कैंप का आयोजन किया। यह कैंप जुन्गा शिमला में आयोजित किया गया, जिसमें 10 से 17 वर्ष की उम्र के 60 से अधिक खिलाड़ियों ने पूरे हिमाचल प्रदेश से भाग लिया, जिसमे 8 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। कैंप का नेतृत्व स्त्रीनिधि डेक्कन एफसी के दो प्रमुख कोचों, जयपाल सिंह मुंडा और हुइरेम एलंगचा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को फुटबॉल के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की ट्रेनिंग दी, जिससे खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा मौका मिला। कैंप का सबसे बड़ा आकर्षण यह था कि चयनित खिलाड़ियों को हैदराबाद में स्त्रीनिधि डेक्कन एफसी के रेजिडेंशियल अकादमी में स्कॉलरशिप पर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल हिमाचल के युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हो सकती है, जहां वे अपनी प्रतिभा को पेशेवर स्तर पर दिखाने और भारतीय फुटबॉल का हिस्सा बनने का सपना साकार कर सकते हैं।

शिमला एफसी के सह-संस्थापक अभिनव नेक्ता ने बताया, 'हमारा उद्देश्य हिमाचल के युवाओं को देश के सर्वश्रेष्ठ मंचों तक पहुंचाना है। इस कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को सीनियर कोचों के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिली। यह आयोजन हिमाचल में फुटबॉल को नई दिशा देने और यहां के खिलाड़ियों को एक उज्जवल भविष्य प्रदान करने की ओर एक कदम है।'

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दिन बारिश ने डाली बाधा

# ओलंपिक चैंपियन झेंग दूसरे दौर में

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने रविवार को यहां रॉड लेवर एरेना में छत के नीचे इनडोर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि बाहर बारिश हो रही थी।

साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। 5वीं वरीयता प्राप्त झेंग ने 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6 (3), 6-1 से हराया। 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले



गए मैच में मैरी बौजकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में केई निशिकोरी ने क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो को 4-6, 6-7 (4), 7-5, 6-3, 6-3 से जबकि छठी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने जाउम मुनार को 6-3, 1-6, 7-5, 2-6, 6-1 से हराया। 20वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने फिनलैंड के ओटो वर्टानेन को 3-6, 7-6 (4), 6-4, 6-4 से पराजित किया।

### शाहीन अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में

**कराची।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनका टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में पड़ गया है।

शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं।

उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था।

### बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब और लिटन को किया बाहर

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश ने रविवार को पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय

बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। हाल में लचर प्रदर्शन के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास को भी टीम में शामिल नहीं किया है जो अपनी पिछली 13 वनडे पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना सके। उन्होंने पिछली बार 50 रन से अधिक का स्कोर अक्तूबर 2023 में पुणे में भारत के खिलाफ बनाया था।

इन दो बड़े खिलाड़ियों के अलावा ऑलराउंडर अफीफ हुसैन और तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम तथा हसन महमूद भी टीम में जगह पाने में नाकाम रहे।

टीम की अगुवाई नजमुल हुसैन शांटो करेंगे और वह भी चोट से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

**बांग्लादेश की टीम।** नजमुल हुसैन शांटो (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), तौहीद ह्रदय, सौम्य सरकार, तंजीद हसन, महमूदुल्लाह, जैकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसुम अहमद, तंजीम हसन, नाहिद राणा।


